# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• 27 मार्च 2025 गुरुवार • बोकारो संस्करण • वर्ष : 08 • अंक : 302 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1794 :** अमेरिकी कांग्रेस ने देश में नौसेना की स्थापना को स्वीकृति दी।

**1884 :** बोस्टन से न्यूयार्क के बीच पहली बार फोन पर लंबी दूरी की बातचीत हुयी।

**1989 :** अंतरिक्ष में अमेरिका के मिसाइल 'रोधी उपग्रह' का परीक्षण विफल हुआ।

**1999 :** पहला मैक्रो वायरस 'मेलिसा' की सूचना दी गई।

**2003 :** रूस ने घातक टोपोल आर एस-12 एम बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया।

### विधानसभा में जोर-शोर से उठा मनरेगा बकाया का मुद्दा, मंत्री बोले

# झारखंड के मनरेगा मजदूरों के साथ हो रहा सौतेला व्यवहार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड विधानसभा सत्र के 19वें दिन बुधवार को सदन में मनरेगा के तहत केंद्र पर बकाया राशि 1200 करोड़ रुपये का मुद्दा गरमाया। विधायक कल्पना सोरेन ने मनरेगा की मजदूरी दर देर से भुगतान होने और कम राशि मिलने पर सवाल उठाया। संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने उनकी बात का समर्थन करते हुए केंद्र पर झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया। सदन में बुधवार को गांडेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन ने मनरेगा मजदूरों को मिलने वाली मजदूरी दर कम होने और इसकी राशि विलंब से आने पर मजदूरों को होने वाली समस्याओं को बताया। साथ ही भुगतान में विलंब होने पर जिम्मेदार पदाधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। कल्पना सोरेन ने बताया कि अन्य राज्यों में मजदूरों को झारखंड की अपेक्षा 40 फीसदी अधिक मजदूरी मिलती है। जबकि यहां के मजदूरों को केवल 235 रुपये मजदूरी दी जाती है। उन्होंने कहा कि राज्य के 1 करोड़ 3 लाख से अधिक मजदूर मनरेगा से जुड़े हुए हैं। विधायक ने मजदूरी दर को बढ़ाने और मनरेगा के बकाया 1200 करोड़ रुपये की मांग के लिए सरकार से आवाज उठाने की मांग की। ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने बताया कि मनरेगा के तहत मजदूरी दर 484 करोड़ और सामग्री मद 647 करोड़ रुपये बकाया है। इस कारण मजदूरों को समय से भुगतान करने में समस्या आ रही है। पदाधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग पर मंत्री ने कहा कि केंद्र से लगातार बकाया देने की मांग की जा रही है। इसलिए इसमें हमारे पदाधिकारियों की कोई गलती नहीं है। मंत्री ने आगे कहा कि हमारी सरकार काफी गंभीर और चिंतित है कि कैसे मजदूरों को पर्याप्त राशि मिले। संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने मनरेगा का बकाया 1200 करोड़ रुपये का मुद्दा उठाने पर विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन को बधाई दी। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान कुछ लोगों द्वारा यह अफवाह फैलायी जा रही थी कि हेमंत सोरेन की सरकार में मनरेगा मजदूरों का भुगतान और योजना में इस्तेमाल सामग्री का भुगतान रोक दिया गया है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार पर लगभग 1100 करोड़ का बकाया है इस कारण मजदूरों का भुगतान नहीं हो रहा। न ही सामग्री का भुगतान हो पा रहा है। पेयजल, मनरेगा और अनुदान समेत कई योजनाओं के तहत केंद्र पर करोड़ों का बकाया है। इसी कारण झारखंड में विकास की गति नहीं बढ़ रही है। उन्होंने आगे कहा कि केंद्र सरकार झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है।

# केन्द्र सरकार ने 307 हॉवित्जर तोप खरीद को दी मंजूरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने भारतीय सेना की डिफेंस कैपेसिटी को बढ़ाने के लिए बुधवार को 6900 करोड़ रुपए की डील साइन की। इसके तहत अब 307 एडवांस्ड टोव्ड आर्टिलरी गन सिस्टम यानी हॉवित्जर तोपों को खरीदा जाएगा। यह पहली बार है जब इतनी बड़ी संख्या में स्वदेशी तोपें खरीदी जा रही हैं। यह डील भारत फोर्ज और टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स के साथ हुई है। इसमें भारत फोर्ज 60% तोपों का निर्माण करेगी, जबकि टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स 40% का प्रोडक्शन करेगी।

जैसा कि इसके नाम से जाहिर है कि यह टोव्ड गन यानी ऐसी तोप है जिसे ट्रक से खींचा जाता है। हालांकि यह गोला दागने के बाद बोफोर्स की तरह कुछ दूर खुद ही जा सकती है। इस तोप का कैलिबर 155 एमएम है। मतलब यह कि इस आधुनिक तोप से 155 एमएम वाले गोले दागे जा सकते हैं। एटीएजीएस को हॉवित्जर भी कहा जाता है। हॉवित्जर यानी छोटी तोपें। दरअसल, दूसरे विश्व युद्ध और उसके बाद तक युद्ध में बड़ी और भारी तोपों का इस्तेमाल होता था। इन्हें लंबी दूरी तक ले जाने और ऊंचाई पर तैनात करने में काफी मुश्किलें होती थीं। ऐसे में हल्की और छोटी तोपें बनाई गईं, जिन्हें हॉवित्जर कहा गया। इसे देशी बोफोर्स के नाम से भी जाना जाता है। इस तोप को डीआरडीओ की पुणे स्थित लैब एआरडीइ ने भारत फोर्ज लिमिटेड, महिंद्रा डिफेंस नेवल सिस्टम, टाटा पावर स्ट्रैटजिक और ऑर्डनेंस फैक्ट्री बोर्ड ने डेवलप किया है। 2013 में इसके डेवलपमेंट का काम शुरू हुआ था और पहला कामयाब टेस्ट 14 जुलाई 2016 को किया गया। इस तोप का इस्तेमाल और खासियत काफी कुछ बोफोर्स तोप से मिलती-जुलती है, इसलिए इसे देशी बोफोर्स भी कहा जाता है।

# भाजपा नेता अनिल टाइगर की गोली मारकर हत्या

**रांची (नबिटा ब्यूरो)।** रांची में बुधवार को भाजपा नेता और जिला परिषद के पूर्व सदस्य अनिल टाइगर की बदमाशों ने गोली मार कर हत्या कर दी। उनकी हत्या कांके चौक के पास की गई है। गोली लगते ही लोग उन्हें रिम्स पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना को लेकर नाराज लोगों ने कांके चौक जाम कर दिया। भाजपा नेता की हत्या किसने और क्यों की, इसकी जानकारी अभी नहीं मिल पाई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं, रांची पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते

# तिहाड़ जेल को दिल्ली शहर से बाहर शिफ्ट करने की तैयारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**नई दिल्ली।** भाजपा की दिल्ली सरकार तिहाड़ जेल को शहर से बाहर शिफ्ट करने की प्लानिंग में है। 25 मार्च को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 2025-26 के लिए दिल्ली के लिए 1 लाख करोड़ रू. का बजट पेश किया था, इसमें तिहाड़ को शिफ्ट करने की बात कही। उन्होंने कहा- मौजूदा तिहाड़ परिसर में कैदियों की भीड़ कम करने के लिए इसे शहर के बाहर शिफ्ट करने की योजना बनाई गई है। इससे कैदियों को भी फायदा मिलेगा। इसके सर्वे और एडवाइजरी के लिए 2025-26 के बजट में 10 करोड़ रुपए अलग से रखे गए हैं। तिहाड़ से जुड़े सूत्र के मुताबिक- हमने बपरौला में भी जगह मांगी थी, लेकिन अतिक्रमण के कारण हमें वह नहीं मिल पाई। हालांकि, हमने दिल्ली सरकार को कहीं और 100 एकड़ जमीन उपलब्ध कराने के लिए लिखा है। तिहाड़ को दो मंजिला बढ़ाने का भी प्रस्ताव है। सूत्र के मुताबिक इससे तिहाड़ की कैदी क्षमता 3 गुना हो जाएगी। साथ ही कैदियों के पांच-दस साल तक रहने के लिए पर्याप्त जगह होगी। सूत्र ने बताया कि जेल नंबर 1 से 9 को लगभग 5,000 कैदियों को रखने के लिए डिजाइन किया गया, लेकिन वर्तमान में इनमें 12 हजार+ कैदी हैं। जेल नंबर 10-16 को करीब 3700 कैदियों के लिए बनाया गया, लेकिन वर्तमान में इनमें 3900 से अधिक कैदी हैं। तिहाड़ में जेल नंबर 4 और मंडोली जेल में 12 को मुलैजा जेल के नाम से जाना जाता है, जिसका मतलब है पहली बार अपराध करने वाले। इन दोनों जेलों में हमारे पास बड़ी संख्या में कैदी हैं। कैदियों के सुधार और पुनर्वास के लिए सोसायटी का गठन सीएम रेखा ने बजट में दिल्ली जेल के अंदर एक सोसाइटी के गठन की भी घोषणा की, जो कैदियों के सुधार और पुनर्वास पर ध्यान देगी। कैदियों के जेल के अंदर ही अलग-अलग इंडस्ट्रीज में काम करने के लिए तैयार करेगी। दिल्ली सरकार के कार्यालय, मंत्रालय और विभाग भी तिहाड़, रोहिणी और मंडोली जेल परिसरों में निर्मित उत्पादों की खरीद में प्राथमिकता देंगे। एक अधिकारी ने बताया कि कैदियों द्वारा बनाए गए उत्पादों की खपत आमतौर पर तिहाड़ जेल में होती है। कुछ दुकानों के माध्यम से भी इन्हें बेचा भी जाता है, जिन्हें तिहाड़ हाट के नाम से जाना जाता है। इन दुकानों से होने वाली कमाई बहुत कम है। अधिकारी ने कहा कि सरकार के इस फैसले से कैदियों को ज्यादा कमाई होगी। कैदी रोजाना कई तरह के उत्पाद बनाते हैं। कैदियों को उनके उत्पादन के लिए भुगतान किया जाता है। अगर तिहाड़ जेल में बने उत्पादों को अलग-अलग एजेंसियों द्वारा खरीदा जाएगा तो यह उनके लिए बहुत फायदेमंद होगा।

# जमीन और बिजली विवाद में गोलीबारी

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** पटना के गौरीचक थाना क्षेत्र के जमालपुर गांव में जमीन और बिजली कनेक्शन को लेकर दो पक्षों में हिंसक झड़प हो गई। झड़प में पथराव और गोलीबारी की घटना सामने आई। एक व्यक्ति को जांघ में गोली लगी, जबकि एक अन्य व्यक्ति के गर्दन को छूकर गोली निकल गई। घटना में मसौढ़ी निवासी रवि कुमार को गोली लगी। वह अपनी ससुराल जमालपुर में रहते हैं। उनका इलाज गौरीचक के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। शंकर राय के गर्दन के पास से गोली छूकर निकली। मनोहर राय और उर्मिला देवी भी झड़प में घायल हुए हैं। उन्हें लोहे की रॉड और लाठियों से पीटा गया। विवाद हरिकिशन राय और उनके बेटे राजीव रंजन का शंकर राय, मनोहर राय, उर्मिला देवी और उनके परिजनों से चल रहा था।

# वक्फ बोर्ड प्रदर्शन से लौट रहे लोगों की कार दुर्घटनाग्रस्त

**हाजीपुर (नबिटा ब्यूरो)।** पटना में वक्फ बोर्ड प्रदर्शन से वापस लौट रहे मुस्लिम समुदाय के लोगों की कार हाजीपुर में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसा हाजीपुर पुलिस लाइन के पास हुआ। कार में सवार चार लोगों में से तीन घायल हो गए। घटना में नौशाद आलम (26), अनश इरफानी (28) और असगर अली (35) घायल हुए हैं। एक घायल की स्थिति गंभीर होने के कारण उसे पटना मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में रेफर किया गया है।


एफएसएसएआई fssai भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण Food Safety and Standards Authority of India

सत्यमेव जयते

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE

आज ही अपने पैन को FSSAI लाइसेंस से जोड़ें!

FSSAI पोर्टल https://foscos.fssai.gov.in पर



एफएसएसएसएआई लाइसेंस के साथ पैन लिंकेज को अनिवार्य कर दिया गया है।

खाद्य व्यवसाय संचालकों के लिए कार्रवाई –

- अब एफएसएसएसएआई लाइसेंस के नए आवेदन, नवीनीकरण और संशोधन के लिए पैन अनिवार्य है।
- 'संशोधन' टैब के अंतर्गत गैर-फॉर्म सी लाइसेंस संशोधन (बिना शुल्क के) के माध्यम से अपनी पैन जानकारी अपडेट करें।
- खाद्य व्यवसायों को यह भी सलाह दी जाती है कि वे FSSAI से नियमित 'अपडेट और अलर्ट' प्राप्त करने के लिए उपयोगकर्ता प्रोफाइल अनुभाग के अंतर्गत अपने संपर्क विवरण को अद्यतन रखें।

अधिक जानकारी के लिए:
13 नवंबर 2024 का एफएसएसएआई आदेश देखें
हेल्पलाइन पर संपर्क करें : 1800112100;
helpdesk-foscos@fssai.gov.in

अनुपालन पूरा करने के लिए अभी कार्य करें!

fssaiindia fssai fssai_safefood fssaiindia fssai_india

CBC 17163/12/0021/2425


# दावत-ए-इफ्तार में शामिल हुये राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री

### अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मो0 जमा खान के आवास पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बुधवार को नेहरू पथ स्थित अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मो0 जमा खान के आवास पर आयोजित दावत-ए-इफ्तार में शरीक हुए। मुख्यमंत्री को गुलदस्ता, टोपी एवं साफा भेंटकर उनका अभिनंदन किया गया। इफ्तार के बाद रोजे की नमाज अदा की गई, जिसमें दावत-ए-इफ्तार में शरीक मुख्यमंत्री सहित सभी रोजेदारों ने प्रदेश, समाज और देश में अमन-चैन, शांति एवं भाईचारा का माहौल कायम रहने की दुआ मांगी। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी, सूचना एवं जन-सम्पर्क मंत्री महश्वरी हजारी, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेषी सिंह, शिक्षा मंत्री सुनील कुमार, विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुमित कुमार सिंह, परिवहन मंत्री शीला कुमारी, सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री कृष्ण कुमार मंटू, विधान पार्षद रामवचन राय, जदयू के राष्ट्रीय महासचिव मनीष कुमार वर्मा, जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, विधायकगण, विधान पार्षदगण, अन्य जनप्रतिनिधिगण, बिहार राज्य सुन्नी वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष मो0 इर्शादुल्लाह, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के पूर्व महासचिव अरविंद कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में रोजेदार उपस्थित थे।


BAYC Institute बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज

स्थापित 1972 गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7



नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

डॉक्टर बनें एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन

DIPLOMA COURSE: DAT Acupressure Therapy | DAYS Acupressure Yoga Science | DY Yoga (अवधि : 1 वर्ष, योग्यता : 10th) | DEMS Electrohomeopathy Medicine Science (अवधि : 2 वर्ष, योग्यता : 10th)

DEGREE COURSE: MBBA Bachelor of Magnet & Acupressure | BAYS Bachelor of Acupressure Yoga Science (अवधि: 3 वर्ष, योग्यता :10+2) | BEMS Bachelor of Electrohomeopathy Medicine Science | MBAS Bachelor of Medicine in ALT. Science (अवधि: 4½ वर्ष, योग्यता : 10+2)

MD (Acu Yoga) | MD (TM) (अवधि : 1 वर्ष, योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट) | MD (EH) (अवधि : 2 वर्ष, योग्यता : BEMS)

BA (Yoga) | MA (Yoga) | Yoga Teacher Course

PROFESSIONAL: BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL: BA | MA HINDI | POLITICAL SCIENCE | SOCIOLOGY | HISTORY

Proposed Campus

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

Direct Admission | Regular Classes | Online Classes | Experienced Faculties

● एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।

डा. अजय प्रकाश, सचिव | Apply Online: www.bayc.in | डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त, अध्यक्ष

9572607696, 9304942855, 9334278279

Email : baycpatna@gmail.com | Website : www.indianacupressure.com


# आज ही समाप्त होगा बिहार विधानसभा का बजट सत्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा का बजट सत्र अब 28 की जगह 27 मार्च को ही समाप्त हो रहा है। 28 मार्च शुक्रवार है और रमजान का अंतिम जुमा होने के कारण बिहार विधानसभा में सभी दलों ने 28 मार्च को बैठक नहीं करने पर सहमति दी है और सदन में भी इस पर प्रस्ताव पास हो गया।

**28 मार्च को नहीं चलेगा सदन :**

संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने सदन में इससे संबंधित प्रस्ताव रखा। विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने इस पर सब की सहमति ली। विधानसभा में संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि 28 मार्च के सेकंड हाफ में गैर सरकारी संकल्प पर चर्चा होना था। वह अब 27 मार्च को होगा।

**रमजान के अंतिम जुमे के कारण फैसला :**

इस तरह 28 फरवरी से 28 मार्च तक पहले सदन चलना था। 13 मार्च को पहले ही सदन की कार्यवाही नहीं हो पाई थी। अब 28 मार्च को भी सदन की कार्यवाही नहीं होगी।

**विधानसभा की कार्यवाही हंगामेदार :**

आरजेडी और विपक्षी दल के नेताओं ने वक्फ बिल को वापस लेने की मांग पर जबरदस्त हंगामा किया। विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव को विपक्षी सदस्यों को टेबल पलटने की कोशिश करने पर चेतावनी देना पड़ा और यह भी कहा कि कड़ी कार्रवाई करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि आप लोगों की हरकत के कारण एक कर्मचारी को चोट भी लगी है, यह शोभा नहीं देता है।

# हम आखिरी दम तक लड़ेंगे: पटना में वक्फ बिल के खिलाफ प्रदर्शन में पहुंचे लालू और तेजस्वी यादव



**पटना, एजेंसी।** बिहार में वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ मुस्लिम संगठनों ने बुधवार को राजधानी पटना के गर्दनीबाग में धरना दिया। धरने में ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड सहित आठ से अधिक संगठनों ने हिस्सा लिया। प्रदर्शन में शामिल होने के लिए विभिन्न राज्यों से मुस्लिम नेता भी पटना पहुंचे। धरना में बड़ी संख्या में मुस्लिम नेता पहुंचे हैं। इमारत-ए-शरिया जैसे संगठनों के साथ-साथ राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता भी इस विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए।

राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और उनके बेटे तेजस्वी यादव ने भी धरना स्थल पर पहुंचकर अपना समर्थन दिया।

दोनों नेताओं ने केंद्र सरकार के इस बिल को असंवैधानिक करार देते हुए कहा, हम आखिरी दम तक इस बिल का विरोध करेंगे। यह बिल मुसलमानों के अधिकारों का हनन करने वाला है। वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ पटना के गर्दनीबाग में हो रहे धरना-प्रदर्शन में शामिल तेजस्वी यादव ने अपनी बात रखी। प्रदर्शन के जरिए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उनकी पार्टी जनता दल यूनाइटेड से भी एक संदेश और अपील की गई कि वे संसद में इस बिल का पुरजोर विरोध करें।

गर्दनीबाग में चल रहे इस प्रदर्शन ने राजनीतिक और सामाजिक हलकों में हलचल पैदा कर दी है। आने वाले दिनों में इस मुद्दे पर और तेज विरोध की संभावना जताई जा रही है। वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ पटना के गर्दनीबाग में हो रहे धरना-प्रदर्शन में मुस्लिम संगठन के कार्यकर्ता।

इस मौके पर तेजस्वी यादव ने कहा कि हम उनके साथ खड़े हैं। संगठनों के नेतृत्वकर्ताओं से लगातार हमारी बात होती रही है। आगे भी साथ मिलकर गैरसंवैधानिक बिल है, जो लोकतंत्र के खिलाफ है, जो भाईचारे के खिलाफ है, इससे निपटने का काम करेंगे। मुझे खुशी और गर्व है कि लालू जी का खून मेरे अंदर है। तेजस्वी ने कहा कि आज लालू जी बीमार अवस्था में हैं। किडनी-हार्ट का ऑपरेशन हुआ, फिर भी कितनी भी सीबीआई-ईडी आई हों लालू जी ने लेकिन सांप्रदायिक शक्तियों के सामने घुटने नहीं टेके। आज भी वो आपके संघर्षों में शामिल होने के लिए यहां पहुंचे हैं।

## लालू यादव की पार्टी के हिंदू विधायक ने खुद को बता दिया मुसलमान, बोले- मैं मोहम्मद मुन्ना ही तो हूं



मुजफ्फरपुर , एजेंसी। बिहार में राजनीति हर समय चलती है। हर बात पर। इसका ही एक अनूठा नमूना फिर सामने आया है। लालू प्रसाद यादव की पार्टी राजद के हिंदू विधायक ने खुद को मुसलमान बताते हुए अपना नाम मो. मुन्ना बताया है।

बिहार में विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच विभिन्न राजनीतिक दल मुस्लिम समुदाय के वोटों को साधने में जुटे हुए हैं। इस क्रम में मुजफ्फरपुर के मीनापुर से पूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव की पार्टी के विधायक राजीव कुमार उर्फ मुन्ना यादव का एक बयान सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। राष्ट्रीय जनता दल के विधायक ने खुद को मो मुन्ना बताते हुए कहा कि उनकी जनता उन्हें मुन्ना यादव, मुन्ना कुमार या मुन्ना जी नहीं, बल्कि मोहम्मद मुन्ना कहकर बुलाती है। यह बात उन्होंने गर्व के साथ कही और बताया कि ऐसा सुनकर उन्हें खुशी महसूस होती है।

बीते चार दिनों पहले मीनापुर विधानसभा क्षेत्र में विधायक मुन्ना यादव ने एक दावते इफ्तार का आयोजन किया था। इस कार्यक्रम के बाद पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब में उन्होंने कहा कि यह पाक माह है, जिसमें सभी धर्मों के लोग एक साथ आते हैं। उन्होंने बताया कि वे भी इस अवसर पर शामिल होते हैं और आपसी प्रेम एवं सद्भाव का संदेश फैलाते हैं।

विधायक मुन्ना यादव ने आगे कहा कि इस आयोजन में शामिल होने वाले लोग उन्हें मोहम्मद मुन्ना कहकर बुलाते हैं, जो उन्हें बहुत अच्छा लगता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि उनकी मुस्लिम जनता उन्हें मो मुन्ना कहकर संबोधित करती है, और यह उनके लिए गर्व की बात है। इसके अलावा, उन्होंने भाजपा पर भी हमला बोला।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार में निकली होमगार्ड के 15 हजार पदों पर भर्ती, बिना परीक्षा होगा चयन ; कल से करें आवेदन

**पटना, एजेंसी।** बिहार में होमगार्ड के 15 हजार पदों पर भर्ती का विस्तृत अधिसूचना जारी हो गया है। इस भर्ती के लिए इच्छुक उम्मीदवार 27 मार्च से आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकेंगे। आवेदन की अंतिम तिथि 16 अप्रैल 2025 है। बिहार में होमगार्ड के 15,000 से अधिक पदों पर भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। अगर आप भी बिहार में होमगार्ड की नौकरी के इच्छुक हैं, तो यह आपके लिए सुनहरा अवसर है। इस भर्ती के लिए आवेदन कल, 27 मार्च 2025 से शुरू होंगे। इच्छुक अभ्यर्थी 16 अप्रैल 2025 तक अपने आवेदन ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। महानिदेशक सह महासमादेष्टा कार्यालय, गृह रक्षा वाहिनी, बिहार ने 37 जिलों (अरवल जिला एवं पुलिस जिला नवगछिया तथा बगहा को छोड़कर) के लिए होमगार्ड भर्ती का नोटिफिकेशन जारी किया है। कुल 15,000 पदों में महिलाओं के लिए 5094 पद आरक्षित हैं। इस भर्ती में किसी भी प्रकार की लिखित परीक्षा नहीं होगी। चयन शारीरिक परीक्षा के आधार पर किया जाएगा और मेरिट लिस्ट शारीरिक परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार की जाएगी।

### जदयू ने उठाया सवाल, पूछा- तेजस्वी की इफ्तार पार्टी में हथियार वाला युवक कौन था

**पटना, एजेंसी।** नेता प्रतिपक्ष लगातार सता पक्ष पर लॉ एंड ऑर्डर के फेल होने की बात कहते दिखते हैं। लेकिन एक वीडियो के वायरल होने के बाद अब जदयू के एमएलसी ने तेजस्वी यादव पर जोरदार हमला किया है। उन्होंने तेजस्वी यादव से पूछा है कि देसी कट्टा वाला कौन था जदयू विधान पार्षद सह मुख्य प्रदेश प्रवक्ता नीरज कुमार ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए उनपर गंभीर आरोप लगाये हैं। नीरज कुमार ने कहा है कि तेजस्वी यादव अपराधियों का खुलेआम संरक्षण करते हैं। उन्होंने कहा कि 22 मार्च को बेलगछी, बायसी, पूर्णिया में आयोजित उनके दावत-ए-इफ्तार में एक युवक कट्टा लेकर पहुंचता है और तेजस्वी यादव इस बात की सूचना पुलिस को देने के बजाय वहां उपस्थित पुलिसकर्मी उस हथियार को छुपाने काम करता है। इस सन्दर्भ में नीरज कुमार ने तेजस्वी यादव से इस मामले में कई सवाल पूछे हैं। उन्होंने तेजस्वी यादव से पूछा है कि तेजस्वी यादव ये बताएं कि वो अपराधी कौन था, जो उनकी मौजूदगी में खुलेआम कट्टा लहरा रहा है तेजस्वी यादव ये बताएं कि आपकी आंखों के सामने सारी बातें हो रही थी तो आपने पुलिस को सूचना नहीं देकर ऐसा जघन्य अपराध क्यों किया, कारण स्पष्ट करें तेजस्वी यादव दावत-ए-इफ्तार में पहुंचे ऐसे लंपट किस्म के लोग का नाम सार्वजनिक करें। ये बताएं कि वह अपराधी किसका साथी है और उसे वहां कौन लेकर गया था नीरज कुमार ने कहा कि तेजस्वी यादव को इन सवालों का जवाब देना चाहिए अन्यथा ये माना जाएगा कि वो हथियार लहराने वाले के संरक्षक हैं।

### बिहार विधानसभा चुनाव: कांग्रेस बोली- विपक्ष इंडिया ब्लॉक की तरह लड़ेगा, सीएम के चेहरे पर सामूहिक रूप से फैसला



**पटना, एजेंसी।** बिहार में विधानसभा चुनाव इसी साल कराए जाने हैं। दिल्ली में कांग्रेस आलाकमान ने क्षेत्रीय नेताओं के साथ बैठक में रणनीति बनाई। कांग्रेस ने विपक्षी एकता पर सवालों के बीच कहा है कि विपक्षी दलों के गठबंधन की तरह सामने आया इंडिया ब्लॉक मिलकर चुनाव लड़ेगा। सीएम के चेहरे पर सामूहिक रूप से फैसला लिया जाएगा। बिहार विधानसभा के आगामी चुनाव के लिए अपनी रणनीति को पुख्ता करते हुए कांग्रेस ने मंगलवार को कहा कि वह इंडिया गठबंधन के हिस्से के रूप में चुनाव लड़ेगी। साथ ही कांग्रेस ने जोर देकर कहा कि गठबंधन के सहयोगी मुख्यमंत्री पद के चेहरे पर सामूहिक निर्णय लेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में दिल्ली के इंदिरा गांधी भवन में बिहार को लेकर बैठक हुई। बैठक में पूर्व पार्टी प्रमुख राहुल गांधी, बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश कुमार और उनके पूर्ववर्ती अखिलेश प्रसाद सिंह भी मौजूद रहे।

## जेबकतरे की जेब से सोने की 51 ज्वेलरी निकली तो हक्काबक्का रह गई पुलिस, खरीदने वाला सुनार भी गिरफ्त में

**पटना , एजेंसी।** पुलिस जांच में पता चला है कि गिरोह के सदस्य चोरी की गई चेन और अन्य गहनों को सुनार गोपाल कुमार को कम दामों में बेचते थे। इसके बाद गोपाल उस सोने को गला कर नए जेवरात बना देता था, जिससे चोरी का सामान पहचानना मुश्किल हो जाता था।

राजधानी पटना में चेन स्नैचिंग और मोबाइल लूट की बढ़ती घटनाओं के पीछे सक्रिय एक बड़े गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है। पुलिस ने इस मामले में सात अपराधियों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से 51 पीस सोने के आभूषण, एक देसी कट्टा और चार मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। यह मामला दानापुर थाना क्षेत्र का है, जहां दो मार्च को एक महिला के साथ चेन स्नैचिंग की घटना हुई थी। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू की और एक आरोपी अमन कुमार को गिरफ्तार किया। पूछताछ में अमन ने कई बड़े राज खोले, जिसके बाद पुलिस ने एक सुनार सहित गिरोह के अन्य सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस जांच में यह सामने आया कि गिरोह के सदस्य चोरी की गई चेन और अन्य गहनों को सुनार गोपाल कुमार को कम दामों में बेचते थे। इसके बाद गोपाल कुमार चोरी का सोना गला कर नए जेवरात बना देता था, जिससे चोरी का सामान पहचानना मुश्किल हो जाता था।

दानापुर डीएसपी भानु प्रताप के अनुसार, गिरोह ने अब तक पटना में 60 से 70 स्नैचिंग की वारदातों को अंजाम दिया है। अपराधियों का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। राहुल कुमार उर्फ कृष्णा, मनीष कुमार उर्फ सोनू और दीपक कुमार पहले भी कई संगीन अपराधों में शामिल रहे हैं। गिरोह का मुख्य सरगना राहुल कुमार उर्फ कृष्णा बेहद खतरनाक अपराधी निकला। पुलिस के मुताबिक, उसने बिहटा में एक सुनार की गोली मारकर हत्या कर दी थी और उसकी ज्वेलरी लूटकर फरार हो गया था। इसके अलावा इस गिरोह के कई सदस्य नशे के आदी थे। वे सुबह टहलने जाने वाले बुजुर्गों को आसानी से अपना निशाना बनाते थे और उनसे चेन व मोबाइल छीनकर भाग जाते थे। दानापुर पुलिस की इस कार्रवाई से पटना में बढ़ रही स्नैचिंग की घटनाओं पर रोक लगाने में बड़ी मदद मिलेगी। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए अपराधियों से गहन पूछताछ शुरू कर दी है और उनके अन्य साथियों की तलाश भी जारी है। इस पूरे मामले से यह साफ हो गया कि पटना में सक्रिय यह गिरोह संगठित रूप से स्नैचिंग की वारदातों को अंजाम दे रहा था।

## जमीन कारोबारी के अपहरणकर्ताओं के घर कुर्की, उधर आरोपियों का कोर्ट में सरेंडर; हरकत में आई पुलिस

**दरभंगा, एजेंसी।** पुलिस ने बताया कि अभी तक की जांच से यह साफ हो चुका है कि मनीष यादव के अपहरण में इन तीनों आरोपियों की संलिप्तता है। लेकिन उनके ठिकाने का पता लगाने के लिए पुलिस आरोपियों को रिमांड पर लेकर गहन पूछताछ करेगी। पढ़ें पूरी खबर...।

दरभंगा जिले के सारा मोहनपुर निवासी जमीन कारोबारी मनीष यादव के अपहरण मामले में तीन महीने तक सुस्त दिखी पुलिस अब पूरी तरह से एक्शन मोड में आ गई है। मनीष यादव के लापता होने के इतने दिनों बाद भी कोई ठोस कार्रवाई न होने से नाराज उनकी पत्नी सुलेखा देवी ने एसएसपी कार्यालय के बाहर धरना देने की चेतावनी दी। इसके बाद पुलिस ने तेजी दिखाते हुए आरोपियों के घर कुर्की जब्ती की कार्रवाई शुरू कर दी।

दरभंगा पुलिस ने जब रविवार को आरोपी रंजीत यादव के घर कुर्की की कार्रवाई के लिए कदम बढ़ाया, तो उसने हाजीपुर कोर्ट में जाकर आत्मसमर्पण कर दिया। इसके बाद सोमवार को पुलिस जब दूसरे आरोपी राजेश यादव के घर कुर्की करने पहुंची, तो उसने भी सरेंडर कर दिया। अब पुलिस दोनों आरोपियों को हाजीपुर से दरभंगा लाकर पूछताछ कर रही है। हालांकि अब तक दोनों ने यह खुलासा नहीं किया है कि मनीष यादव कहां हैं और किस स्थिति में हैं। वहीं, सदर डीएसपी अमित कुमार ने बताया कि तीसरे आरोपी पंकज यादव के घर पर भी कुर्की की कार्रवाई की जा रही है। उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापामारी की जा रही है। सदर डीएसपी अमित कुमार ने बताया कि मनीष यादव नौ जनवरी से लापता हैं। उनके अपहरण के बाद से ही कोई ठोस जानकारी नहीं मिल पाई है। पुलिस जांच में यह सामने आया है कि मनीष यादव और तीनों आरोपियों की आखिरी मोबाइल लोकेशन समस्तीपुर में देखी गई थी। इसके बाद आरोपियों की लोकेशन जयनगर में ट्रेस हुई, लेकिन मनीष यादव का कोई पता नहीं चल पाया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अब तक पकड़े गए अपराधी यह नहीं बता रहे हैं कि मनीष यादव को कहां रखा गया था, या उनकी वर्तमान स्थिति क्या है।



सदर डीएसपी ने बताया कि अभी तक की जांच से यह साफ हो चुका है कि मनीष यादव के अपहरण में इन तीनों आरोपियों की संलिप्तता है। लेकिन उनके ठिकाने का पता लगाने के लिए पुलिस आरोपियों को रिमांड पर लेकर गहन पूछताछ करेगी। इसके अलावा पुलिस अन्य संभावित ठिकानों पर भी छापामारी कर रही है, ताकि जल्द से जल्द मनीष यादव को बरामद किया जा सके।

## प्रशांत किशोर ने सीएम नीतीश की सेहत पर उठाए सवाल

### बोले- वे मानसिक रूप से अस्वस्थ, सरकार जारी करे बुलेटिन

**मुंगेर, एजेंसी।** प्रशांत किशोर ने कहा कि एक साधारण सरकारी चपरासी की नियुक्ति के लिए भी स्वास्थ्य परीक्षण जरूरी होता है, लेकिन बिहार जैसे बड़े राज्य के मुख्यमंत्री के स्वास्थ्य को लेकर कोई जानकारी सार्वजनिक नहीं की जा रही। जनसुराज अभियान के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की मानसिक स्थिति पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने सरकार से मांग की कि सीएम के स्वास्थ्य को लेकर आधिकारिक बुलेटिन जारी किया जाए, ताकि जनता को उनकी वास्तविक स्थिति की जानकारी मिल सके। शेखपुरा में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान प्रशांत किशोर ने कहा कि बीते दो वर्षों में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के व्यवहार और विचारों में असामान्यता देखी गई है। इसे लेकर बिहार के हर घर में चर्चा हो रही है।




उनका कहना है कि सरकार और प्रशासनिक अधिकारी फिलहाल मुख्यमंत्री को बचाने में लगे हुए हैं, लेकिन आने वाले विधानसभा चुनाव में उन्हें जनता के सामने जवाब देना ही होगा।

**मुख्यमंत्री को लेकर सरकार बताए सच्चाई:** प्रशांत किशोर ने कहा कि एक साधारण सरकारी चपरासी की नियुक्ति के लिए भी स्वास्थ्य परीक्षण जरूरी होता है, लेकिन बिहार जैसे बड़े राज्य के मुख्यमंत्री के स्वास्थ्य को लेकर कोई जानकारी सार्वजनिक नहीं की जा रही। उन्होंने सरकार से अपील की कि सीएम के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य की आधिकारिक रिपोर्ट जारी की जाए, ताकि जनता को हकीकत का पता चल सके। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार के कई अधिकारी इस सच्चाई को छिपाने में लगे हुए हैं, लेकिन जनता सब कुछ समझ रही है और आने वाले चुनाव में इसका जवाब देगी।

**भाजपा और राजद दोनों पर साधा निशाना:** प्रशांत किशोर ने भाजपा और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) दोनों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि बिहार में लोगों को एक मजबूरी बना दी गई है कि वे या तो भाजपा के डर से राजद को वोट दें या राजद के डर से भाजपा को। उन्होंने दावा किया कि जनसुराज अभियान एक नया राजनीतिक विकल्प बनकर उभर रहा है, जो इन दोनों पार्टियों की साजिशों से जनता को मुक्त करेगा। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि बिहार के लोग एक नई सोच और नई राजनीति को अपनाएं।

## गया की अर्चना ने बिहार इंटर आर्ट्स में पाया 5वां स्थान, प्रशासनिक सेवा में जाने का है सपना

**मगध-गया, एजेंसी।** गया जिले की अर्चना कुमारी ने बिहार बोर्ड इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 में कला संकाय में पांचवां स्थान हासिल कर जिले का मान बढ़ाया है। 468 अंकों (94.4त्न) के साथ टॉप 5 में जगह बनाकर अर्चना ने यह साबित कर दिया कि नियमित अध्ययन, अनुशासन और मेहनत से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। अर्चना गया शहर स्थित जिला स्कूल की छात्रा हैं। उनकी इस सफलता से विद्यालय, परिवार और पूरे जिले में हर्ष का माहौल है। अपनी इस उपलब्धि पर अर्चना ने कहा कि मेरी सफलता का श्रेय मेरे माता-पिता, गुरुजनों और अनुशासित अध्ययन को जाता है। मैं हमेशा नियमित रूप से पढ़ाई करती थी और लक्ष्य को लेकर स्पष्ट थी। अर्चना आगे समाजशास्त्र में उच्च शिक्षा प्राप्त कर प्रशासनिक सेवा में जाने का सपना देख रही हैं। अर्चना गया शहर के अशोक विहार कॉलोनी बायपास निवासी दीनानाथ मिश्रा की पुत्री हैं। पिता ने बेटी की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि अर्चना शुरू से ही पढ़ाई में गंभीर रही है। उसकी मेहनत और लगन ने आज उसे इस मुकाम तक पहुंचाया है। वह अन्य बच्चों के लिए प्रेरणा बन गई है। वहीं, मां ने भावुक होते हुए कहा कि हमारी बेटी ने हमारे परिवार और जिले का नाम रोशन किया है। उसकी मेहनत देखकर हमें हमेशा विश्वास था कि वह कुछ बड़ा करेगी।

## झूले पर बैठकर इश्क फरमा रहे थे प्रेमी-प्रेमिका, ग्रामीणों ने पकड़ कर पिटाई की और शादी करवा दी

**तिरहुत-मुजफ्फरपुर।** प्रेम-प्रसंग और शादी का एक अनोखा मामला सामने आया है। जहां प्रेमिका के गांव में मेला घूमने आए युवक ने पहले प्रेमिका के साथ मेला घुमा। फिर मेले में झूले पर अश्लील हरकत करने लगे, जिसे ग्रामीणों ने देख लिया। उसके बाद उसकी जमकर पिटाई की और फिर दोनों की शादी कर दी गई।

बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में एक युवक की पकड़ौआ शादी करवाई गई है। दरअसल, युवक अपनी प्रेमिका से मिलने के लिए अपने भाई की ससुराल में पहुंच गया था और चुपके से अपनी प्रेमिका के साथ मेले में जाकर के एक झूले पर बैठ कर झुला-झूल रहा था। तभी युवक की इस हरकत को ग्रामीणों ने देखा और फिर इस मामले की सूचना लड़की के परिजन को दी और फिर क्या ग्रामीणों ने युवक को पकड़ा और फिर कुटाई के बाद गांव में शादी करवाई दी गई। मामले को लेकर बताया जा रहा है कि अपने घर से भैया के ससुराल में जाने की बात कहकर निकला और फिर भाई के ससुराल में आकर गांव की एक लड़की से जिसके साथ में प्रेम-प्रसंग चल रहा था को बुला लिया अकेले मेले में घूमने के बहाने। प्रेमिका के साथ झूले पर बैठकर इश्क फरमाने लगा। लेकिन तभी इस इश्क की भनक ग्रामीण को लग गई और फिर हिंदू रीति-रिवाज से दोनों की शादी करवाई दी। यह पूरा मामला मुजफ्फरपुर के जजुआर थाना क्षेत्र इलाके के कटाई पंचायत में उफरौली गांव का है।जहां जिले के कटरा थाना क्षेत्र के गंगिया पंचायत के नवादा गांव का रहने वाला विजय कुमार अपने प्रेमिका से मिलने जजुआर थाना क्षेत्र के उफ़रौली में लगे हुए झंडा मेले में पहुंचा था। फिर कॉल करने के बाद पहले प्रेमिका को अकेले में बुला लिया। दोनों मेले में मिले भी और मिलने के बाद दोनों मेला घूमने पहुंच गए और मेले में लगे झूले पर बैठकर दोनों इश्क फरमाने रहे थे। इस पर स्थानीय ग्रामीणों की नजर पर गई, फिर क्या था स्थानीय लोगों ने पहले युवक को पकड़ युवक की कुटाई कर दी और फिर प्रेमी जोड़े के परिजनों को मामले की सूचना दी गई। वहीं, सूचना मिलते ही दोनों प्रेमी जोड़े के परिजन पहुंचे तो और फिर स्थानीय लोगों के सहयोग से दोनों की शादी कर दी गई। लड़की रंगीला कुमारी के चार बहनों में सबसे छोटी है, उसकी तीन बहनों की शादी हो चुकी है। जबकि रंगीला कुमारी अभी ग्रेजुएशन की पढ़ाई कर रही थी और कॉलेज जाने के दौरान उसकी नज़रें कटरा थाना क्षेत्र के रहने वाले विजय कुमार से हो गई और तब से दोनों के बीच तकरीबन एक वर्ष से प्रेम-प्रसंग चल रहा था।



## गोपालगंज में महिला की हत्या, बचाने गए पति और दो बेटों को भी घायल किया

पटना, एजेंसी। इस वारदात का वीडियो भी सामने आया है। इसमें स्पष्ट दिख रहा है कि आरोपी चाकू लेकर दौड़ता हुआ महिला के पास आया और अचानक चाकू से उसपर वार करने लगा। अब पुलिस इस वीडियो के माध्यम से पूरे मामले की जांच कर रही है।

गोपालगंज जिले के जादोपुर थाना क्षेत्र के नवादा गम्हरिया गांव में जमीन के विवाद को लेकर हिंसक झड़प हो गयी। झड़प के दौरान ताबड़तोड़ चाकू से हमला कर एक महिला की हत्या कर दी गयी। वहीं उसका पति और दो पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गये। मृतका की पहचान 50 वर्षीया लाल बदन देवी के रूप में हुई है। वहीं, मृतका के पति देव नारायण यादव तथा पुत्र रामध्यान यादव और दुर्गेश यादव गंभीर रूप से घायल हो गये। उनको गंभीर हालत में सदर अस्पताल गोपालगंज में भर्ती कराया गया है। उसमें एक की स्थिति को गंभीर स्थिति देख रेफर कर दिया गया है। घटना के बाद परिजन मृत महिला और घायलों को अस्पताल लेकर पहुंचे। सूचना मिलने पर सदर एसडीपीओ प्रांजल सदर अस्पताल पहुंचे और जांच शुरू कर दी। परिजनों ने बताया कि आरोपितों के साथ पहले से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। मंगलवार की शाम विवाद बढ़ गया। इसके बाद शैलेन्द्र यादव, गुड्डू यादव और राजन यादव ने चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में लाल बदन देवी की मौके पर ही मौत हो गयी। उसके पति और दोनों पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल पहुंचे सदर एसडीपीओ प्रांजल ने बताया कि घटना के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपित को हिरासत में ले लिया गया है। अन्य की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

Page 3_16.12.2018 PAGE-04.qxd 26-03-2025 22:11 Page 1



# पटना के एक-एक घर की होगी जांच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** शहर में नक्शे और नियमों के अनुरूप इमारतों का निर्माण हुआ है या नहीं, सरकार इसकी जांच कराएगी। इसमें देखा जाएगा कि फर्श क्षेत्र अनुपात (एफएआर) का उल्लंघन तो नहीं हुआ।

विधान परिषद में तारांकित प्रश्न के दौरान नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री जिवेश कुमार ने यह जानकारी दी।

सदस्य सौरभ कुमार ने पूरक प्रश्न के जरिए राजधानी में बने भवनों में एफएआर के उल्लंघन का मामला उठाया था।

इसका उत्तर देते हुए मंत्री ने कहा कि विभाग के वरीय अधिकारियों की टीम बनाकर एफएआर के स्तर पर इमारतों की जांच की जाएगी।

सबसे पहले सगुना मोड़ से दानापुर स्टेशन तक बने भवनों की इस मानक पर जांच की जाएगी। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर सख्त कार्रवाई होगी। इसके साथ ही विभाग के स्तर पर यह निर्देशित भी किया जाएगा ताकि भविष्य में भी इस तरह का उल्लंघन न हो।

डॉ. संजीव कुमार सिंह ने दानापुर में नारियल घाट से तकिया पर मोड़ तक सड़कों पर डीजे व अन्य गाड़ियों के खड़े होने का प्रश्न उठाया। करबिगहिया में भी इसी तरह अतिक्रमण के कारण जाम की जानकारी दी।

इस पर मंत्री ने कहा कि वह इस मामले की फिर से जांच कराकर अतिक्रमण हटवाएंगे। अगर जरूरत हुई तो खुद भी स्थल की जांच कर कार्रवाई करेंगे।

प्रो. संजय कुमार सिंह के प्रश्न के जवाब में मंत्री ने बताया कि अतिक्रमण की समस्या से निबटने के लिए राज्य के सभी शहरों में वेंडिंग जोन बनाया जाएगा, जिसमें फुटपाथी दुकानदारों को व्यवस्थित किया जाएगा।

पटना में 14 यूनिट वेंडिंग जोन का निर्माण किया गया है। कदमकुआं वेंडिंग जोन में 229 दुकानदारों को जगह दी गई है। पटना में 15 दिनों में नए वेंडिंग जोन के लिए स्थल चिन्हित करने का निर्देश दिया गया है।

# 90 स्कूलों को 25-25 हजार रुपये का जुर्माना

## अपार आइडी बनाने में शिथिलता बना कारण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बक्सर।** जिले के 90 निजी स्कूलों ने अभी तक अपार आइडी बनाने का काम प्रारंभ नहीं किया है। विभाग इसको लेकर सख्त हो गया है। विभाग ने इन सभी विद्यालयों पर 25-25 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया है ।जिला शिक्षा पदाधिकारी अमरेंद्र पांडेय ने सभी 90 विद्यालयों को उक्त राशि को विभाग के खाता में जमा करते हुए उसकी रसीद उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है, अन्यथा कि स्थिति में आरटीई अधिनियम 2009 के विहित प्रावधानों के उल्लंघन करने के फलस्वरूप कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है।

इस बाबत जारी पत्र में जिला शिक्षा पदाधिकारी ने कहा है कि विद्यालय में नामांकित सभी छात्र-छात्राओं का ससमय अपार आइडी बनाने का सभी को निर्देश दिया गया है।

विभाग ने विद्यालयों में नामांकित वर्ग एक से 12 तक के सभी छात्र-छात्राओं का अपार आइडी अनिवार्य कर दिया गया है, लेकिन समीक्षा के क्रम में पाया गया कि आपके इन विद्यालयों में अभी भी छात्र-छात्रओं का अपार आइडी जनरेट करने की संख्या शून्य है।

डीइओ ने इसे अत्यंत खेदजनक करार दिया है। साथ ही, इसे सरकारी कार्य में रूचि नहीं लेना और लापरवाही का द्योतक बताया है।

डीईओ ने कहा है कि बच्चों की मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा अधिनियम, 2009 (आरटीई एक्ट, 2009) की धारा 18 में यह प्रावधान है कि कोई भी विद्यालय जो निर्धारित मानक धारित करता हो, सक्षम प्राधिकार से प्रस्वीकृति का प्रमाण-पत्र प्राप्त किए बिना स्थापित नहीं कर सकेगा, अथवा संचालित नहीं करेगा।

साथ ही इस प्रावधान के उल्लंघन की स्थिति में अधिनियम की धारा 18 (5) एवं 19 (5) के अंतर्गत दोषी व्यक्ति या संस्था से एक लाख रुपये तक का जुमार्ना किया जा सकता है। अथवा निर्धारित तिथि के बाद भी विद्यालय संचालित रहने के बाद भी प्रत्येक दिन के लिए 10000 रुपये जुमार्ना किया जा सकता है, का प्रविधान है।

ऐसे में जिला शिक्षा पदाधिकारी ने आरटीई अधिनियम की धारा 18 (5) एवं 19 (5) के अन्तर्गत 25 हजार रुपये जुमार्ना अधिरोपित किया है। उन्होंने उक्त राशि को संबंधित खाता में जमा कर एक सप्ताह के अंदर उसकी रसीद उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

# जमानत पर आये युवक की लाश बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** जिले के गायघाट थाना क्षेत्र स्थित मैथी टोल प्लाजा के पास एक बगीचे में युवक का शव बरामद किया गया। मृतक की पहचान प्रिंस कुमार (मोहनपुर, पियर थाना क्षेत्र निवासी) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि प्रिंस हाल ही में एक लड़की के अपहरण के मामले में जेल गया था और कुछ दिनों पहले ही बेल पर बाहर आया था। परिजनों ने बताया कि प्रिंस कुमार दो दिन पहले घर से मजदूरी के काम पर जाने की बात कहकर निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। बुधवार सुबह जब ग्रामीणों ने मैथी टोल प्लाजा के पास एक बगीचे में शव देखा, तो तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया।

प्रिंस की मौत को लेकर हत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस इस मामले में प्रेम प्रसंग और मजदूरी के लेन-देन जैसे पहलुओं पर जांच कर रही है। सूत्रों के अनुसार, युवक का कुछ लोगों से व्यक्तिगत विवाद चल रहा था, जिसकी वजह से उसके हत्या किए जाने की संभावना जताई जा रही है। गायघाट थाना पुलिस के अनुसार, शव की स्थिति और घटनास्थल की परिस्थितियों को देखकर प्रथम दृष्टया यह मामला हत्या का लग रहा है। हालांकि हत्या के पीछे की असली वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट और आगे की जांच के बाद स्पष्ट होगी।

वहीं, घटना को लेकर ग्रामीण एसपी विद्या सागर ने बताया कि गायघाट थाना क्षेत्र में एक युवक का शव बरामद किया गया है। मृतक पियर थाना क्षेत्र का रहने वाला था और पहले लड़की के अपहरण के मामले में जेल जा चुका था। हाल ही में वह बेल पर बाहर आया था और मजदूरी का काम कर रहा था। दो दिन पहले वह घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया है।

# भाई का पोस्टमार्टम कराने गयी बहन की सड़क हादसे में मौत

## घटना की खबर से भाभी को हुआ हार्ट अटैक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा।** सड़क हादसा में एक युवक की मौत होने से एक परिवार में कोहराम मच गया। पटना में भाई के शव का पोस्टमार्टम कराने गई बहन को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

उधर, दोनों घटना की सूचना घर पर मिलते ही भाभी को हार्ट अटैक आ गया। उसे गंभीर स्थिति में डीएमसीएच में भर्ती कराया गया है। घटना से दोनार स्थित पूरे मोहल्ले में मातम छा गया है।

बताया जाता है कि दोनार निवासी योगेंद्र पासवान उर्फ जंगली के पुत्र विजय पासवान (40) टेंपो चलाकर जीवन यापन करता था। गुरुवार को दिल्ली मोड़ के पास उसके टेंपो में बुलेट ने ठोकर मार दी। इसमें विजय गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

लोगों की मदद से उसे डीएमसीएच में भर्ती कराया गया। इसके बाद उसे निजी अस्पताल ले जाया गया। फिर उसे देर शाम पटना ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

भाई का पटना में पोस्टमार्टम कराने बड़ी बहन मुन्नी देवी (50) साथ में गई थी। इस बीच अज्ञात वाहन ने उन्हें भी रौंद दिया, इसमें उसकी मौके पर मौत हो गई।

उधर, इस सूचना से विजय की भाभी किशुन पासवान की पत्नी नीलू देवी को हार्ट अटैक आ गया। वह डीएमसीएच में जिंदगी मौत से लड़ रही हैं। इस सूचना से देर शाम बड़े भाई किशुन पासवान की स्थिति भी खराब हो गई है। उसे अस्पताल ले जाया गया है।

**नालंदा मेडिकल कलेज परिसर में घटी घटना**

भाई का पोस्टमार्टम कराने को सड़क से कुछ दूरी पर बैठी एक महिला और एक व्यक्ति को शुक्रवार की शाम करीब छह बजे तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने कुचल दिया। महिला को इलाज के लिए एनएमसीएच भेजा गया।

जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस दुर्घटना में एक व्यक्ति जख्मी हो गया। दरभंगा के कबीरचक गांव निवासी रंजीत पासवान की पत्नी 50 वर्षीया मुन्नी देवी अपने भाई विजय पासवान का पोस्टमार्टम कराने के लिए कक्ष के सामने सड़क किनारे बैठी थी।

भाई विजय दरभंगा में हुए सड़क हादसा में जख्मी हो गया था। स्वजन उसका इलाज एनएमसीएच में करा रहे थे। शुक्रवार की सुबह इलाज के दौरान भाई की मौत हो गई थी।

बहन मुन्नी समेत अन्य स्वजन उनका पोस्टमार्टम कराने के लिए वहां जमा थे। एक अन्य स्वजन लक्ष्मण पासवान के पैर में स्कॉर्पियो से गंभीर चोट लगी है। उन्हें इलाज के लिए एनएमसीएच भेजा गया।

# विशेष अभियान में 27 आरोपित धराये

**हाजीपुर।** वैशाली जिले में विशेष अभियान के तहत पुलिस ने आर्म्स एक्ट, धोखाधड़ी, हत्या के प्रयास, चोरी, वारंट और उत्पाद अधिनियम में 27 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। एसपी ललित मोहन शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार को जिले के विभिन्न थाना एवं ओपी क्षेत्रों में अभियान चलाकर 27 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। जिसमें में आर्म्स एक्ट के मामले में दो, धोखाधड़ी के मामले में दो, हत्या के प्रयास के मामले में दो, चोरी के मामले में दो, वारंट में 11, उत्पाद अधिनियम के मामले में छह और अन्य मामले में दो आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है।

वहीं विभिन्न थाना क्षेत्रों में चलाए गए विशेष अभियान में पुलिस ने 19 कुर्की वारंट का निष्पादन किया। जबकि वाहन चालकों से 54,000 जुमार्ना वसूली की गई। इस दौरान एक कट्टा और चार कारतूस बरामद की गई। बता दें कि बिहार के प्रत्येक जिले में एसपी के नेतृत्व में बदमाशों को गिरफ्तार करने का अभियान चल रहा है। वैशाली में लगभग हर रोज आरोपियों की गिरफ्तारी हो रही है।

# बिहार के बच्चों में बढ़ रहा ठिगनापन चिंता का कारण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार के बच्चों में ठिगनापन बढ़ रहा है। लेकिन, दुपलापन और वजन में कमी की शिकायत दूर हो रही है।

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री साबित्री ठाकुर ने बुधवार को राज्यसभा में यह जानकारी दी। वह राष्ट्रीय लोक मोर्चा के उपेंद्र कुशवाहा के एक अतारांकित प्रश्न का उत्तर दे रही थीं।

उन्होंने बताया कि एनएफएचएस (राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण) और पोषण ट्रेकर के आंकड़ों का विश्लेषण बताता है कि पूरे देश में बच्चों के कुपोषण के संकेतकों में सुधार हो रहा है।

बिहार में एनएफएचएस-5 (2019-21) रिपोर्ट के अनुसार, पांच वर्ष से कम उम्र के 42.9 प्रतिशत बच्चे ठिगनापन के शिकार थे। दुबलापन और कम वजन के बच्चों का प्रतिशत क्रमशः 22.9 और 41 था, लेकिन इस साल फरवरी के पोषण ट्रैकर का विश्लेषण बताता है कि इस राज्य के पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों में दुबलेपन की शिकायत कम हुई है।

यह पांच साल पहले के 22.9 प्रतिशत से कम होकर 9.58 प्रतिशत पर आ गया है। इसी तरह कम वजन के बच्चों का प्रतिशत भी 41 से घटकर 24.9 प्रतिशत पर आ गया है। लेकिन, ठिगनेपन में कमी नहीं आई है ।यह पांच साल पहले 42.9 प्रतिशत था। बढ़ कर 47.09 प्रतिशत पर आ गया है।

उन्होंने बताया कि बच्चों को पोषणयुक्त आहार देने के लिए केंद्र सरकार की तरफ से कई अभियान चलाए जा रहे हैं और इसका स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव भी देखा जा रहा है।

उधर, अरवल जिले में लाखों बच्चों की स्वास्थ्य सुरक्षा चार शिशु रोग विशेषज्ञों के भरोसे है। जिले में शिशु रोग विशेषज्ञों की भारी कमी है यहां पांचों प्रखंडों के सरकारी अस्पतालों के अलावा सदर अस्पताल में भी शिशु रोग विशेषज्ञ की कमी हैं।

एसएनसीयू में तीन शिशु रोग विशेषज्ञ है, जहां केवल जन्म से 29 दिन के ही बच्चे को इलाज होता है। जिले के सभी अस्पतालों में कोल्ड डायरिया, हाइपोथर्मिया, वायरल बुखार, डायरिया, सर्दी, खांसी से पीड़ित 100 बच्चे रोजाना स्वास्थ्य जांच व इलाज के लिए आ रहे हैं।

सदर अस्पताल में प्रतिदिन 40 से 50 बच्चे इलाज करने आते हैं। सदर अस्पताल की एसएनसीयू इकाई में भी प्रतिदिन 8 से 10 नवजात भर्ती किए जा रहे हैं।

वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार जिले में 0 से 12 वर्ष आयु उम्र के बच्चों की आबादी ढाई लाख से ज्यादा है। इन बच्चों के स्वास्थ्य की जांच व इलाज के लिए सदर अस्पताल में मात्र एक शिशु रोग विशेषज्ञ कार्यरत हैं। जबकि जिले में बाल रोग विशेषज्ञों के 15 पद स्वीकृत हैं।

सदर अस्पताल सहित विभिन्न अस्पतालों के ओपीडी के रजिस्ट्रेशन व दवा काउंटर पर मरीजों की लंबी कतार लग रही है।

सिर्फ सदर अस्पताल में उल्टी, हाइपोथर्मिया, वायरल बुखार व डायरिया से पीड़ित औसतन 20 बच्चे रोजाना स्वास्थ्य जांच व इलाज के लिए आ रहे हैं।

सदर अस्पताल में आने वाले बच्चों का इलाज शिशु रोग विशेषज्ञ के अभाव में एमबीबीएस चिकित्सक अंदाज से ही करते हैं। जिससे बच्चों को बीमारी बढ़ने का खतरा बना रहता है।

पिछले साल अप्रैल माह से इस साल फरवरी माह तक सदर अस्पताल के एसएनसीयू में 686 नवजातों का भर्ती कराया गया। जिसमें 588 स्वस्थ होकर अपने घर चले गए।

# वांछित कुख्यात गिरफ्तार

## बिहार और झारखण्ड के कई कांडों में है संलिप्तता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार एसटीएफ की विशेष टीम और पटना जिला पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई में पटना जिला के वांछित कुख्यात नक्सली को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी पटना जिला के मसौढ़ी थाना क्षेत्र से छापामारी कर की गई है। पटना पुलिस ने बताया कि वांछित कुख्यात नक्सली मसौढ़ी थाना क्षेत्र के दिधमा निवासी स्व० चन्द्रदीप रविदास का पुत्र रामइकबाल मोची उर्फ मधिर दास उर्फ अलीमान है, जिसके खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

इस संबंध में पुलिस का कहना है कि रामइकबाल मोची उर्फ मधिर दास उर्फ अलीमान वर्ष 2019 में पटना जिला के खिरिमोड़ थाना अन्तर्गत ग्राम कोडिहरा के पास सड़क निर्माण कार्य के दौरान जेसीबी को आग के हवाले कर दिया था। वर्ष 2019 में नवादा जिला के रजौली थाना अन्तर्गत दिबौर घाटी में पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में शामिल था। उक्त नक्सली के विरूद्ध पटना, अरवल, जहानाबाद, नवादा जिला के विभिन्न थानों एवं झारखण्ड राज्य के लातेहार में 20 से अधिक नक्सल कांड दर्ज है।

# नदी में डूबने से मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** रोसड़ा थाना के बिशनपुर गांव में करेंह नदी में नहाने दौरान डूबने से एक 12 वर्षीय लड़की की मौत हो गई। जिसके बाद पीड़ित परिवार के बीच कोहराम मच गया। घटना को लेकर रोसड़ा थाने की पुलिस को सूचना दिया गया। पुलिस के पहुंचने पर पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया करते शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अपने साथ ले गई। मृत लड़की की पहचान गांव के ही कुशेश्वर मुखिया की 12 वर्षीय पुत्री पार्वती कुमारी के रूप में हुआ है ।लोगो ने बताया कि बच्ची करेह नदी में नहाने गई हुई थी। गहरे पानी में चली गई जहां डूबने से मौत हो गई। मौके पर पंचायत के जनप्रतिनिधि लोग मौजूद थे।

# नहीं रहे अरबल के पूर्व विधायक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अरवल।** अरवल विधानसभा के पूर्व भाजपा विधायक चितरंजन शर्मा का बुधवार को निधन हो गया। वे लम्बे समय से बीमार चल रहे थे। उन्हें पेट से संबंधित बीमारी थी, जिसका इलाज से चल रहा था।

पिछले दो महीने से ज्यादा तबीयत खराब होने के कारण हैदराबाद में अस्पताल में भर्ती थे जहां बुधवार की सुबह 10 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली।

अरवल से 2010 में भाजपा के टिकट पर चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंचे थे। वह पटना जिला के मसौढ़ी थाना क्षेत्र के नीमा गांव के निवासी थे। उनके निधन कि खबर मिलते ही अरवल में भाजपा के कार्यकर्ता उदास हो गए।

प्रदेश प्रवक्ता सचिदानंद पीयूष, जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी के एक मजबूत प्रहरी पूर्व विधायक चितरंजन कुमार का निधन पार्टी की अपूरणीय क्षति है ।कम दिनों में हम सबों को छोड़कर चला जाना अत्यंत दुखद व पीड़ादायक है।

# पूर्व जिला परिषद सदस्य की हत्या



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** जिले के जगदीशपुर दक्षिणी के लापता पूर्व जिला परिषद (जिप) सदस्य बीरबल मंडल की हत्या कर दी गई है। इस बात की पुष्टि दुमका पुलिस ने की है। बीरबल मंडल का शव 18 मार्च 2025 को दुमका जिले के रानिश्वर थाना क्षेत्र के कारीकादर से तालडंगाल जाने वाली सड़क के किनारे फुटबॉल मैदान के पास जंगल में बरामद हुआ था। शव की पहचान नहीं होने पर पुलिस ने 72 घंटे बाद अंतिम संस्कार कर दिया था।

बीते मंगलवार को जगदीशपुर पुलिस टीम दुमका पहुंची थी। तस्वीरों एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर शव की पहचान पूर्व जिप सदस्य बीरबल मंडल उर्फ वीरू मंडल के रूप में की। इस मामले में जगदीशपुर पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। सभी भागलपुर के हबीबपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले बताए जाते हैं। दुमका पुलिस का कहना है कि शव के पास वाहन के टायर के निशान मिले। पुलिस ने आसपास के ग्रामीणों से शव की पहचान कराने की कोशिश की, लेकिन शव को कोई पहचान नहीं पाया था। मृतक के शरीर पर सफेद रंग की टी-शर्ट और नीले रंग की जींस थी। शव के पास सफेद रंग का कपड़ा भी बरामद हुआ था।

जगदीशपुर पुलिस लगातार बीरबल मंडल की तलाश में जुटी थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस ने वह गाड़ी और चालक को पकड़ लिया है, जिससे बीरबल मंडल को ले जाया गया था। पुलिस ने बीआर 10 पीए 8017 नंबर की कार की तलाश कर रही थी। खोजबीन के दौरान विभिन्न थानों में भी गाड़ी की तलाश की गई। फिलहाल, पुलिस ने कार के चालक सहित कुछ अन्य संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

इस घटना के बाद से ही जगदीशपुर उत्तरी के जिप सदस्य शिव कुमार लापता बताए जा रहे हैं। पुलिस उनकी भी तलाश कर रही है। जगदीशपुर थानाध्यक्ष अभय शंकर ने बताया कि चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

परिजनों का कहना है कि बीरबल मंडल 16 मार्च को घर से निकले थे इसके बाद वापस घर नहीं लौटे। 17 मार्च को उन्होंने आखिरी बार अपनी बेटी से फोन पर बात की थी। बातचीत के दौरान उन्होंने बताया था कि वह तारापीठ में हैं। इसके बाद से उनका कोई सुराग नहीं मिला। बीरबल मंडल की पत्नी के बयान पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पत्नी के अनुसार, बीरबल मंडल जिप सदस्य शिव कुमार के साथ तारापीठ गए थे, लेकिन शिव कुमार बार-बार अपने बयान बदल रहे हैं। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

# मरीन ड्राइव का भागलपुर तक हो सकता है विस्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** फर्ज कीजिए... आप पटना की मरीन ड्राइव पर हैं। गंगा के किनारे बनी इस ड्रीम सड़क पर..., मां गंगा को महसूस करते उनकी धारा के समानांतर अपने वाहन से फरार्टा भर रहे हैं और भागलपुर पहुंच गए। इस सपने को हकीकत बनाने की नींव बिहार विधान परिषद में पड़ गई है।

विजय सिंह सहित नौ विधान परिषद सदस्यों ने बजट सत्र में इसके लिए मजबूती से आवाज उठाई है और सरकार से स्पष्ट वक्तव्य की मांग की, जिस पर सरकार की ओर से सकारात्मक आश्वासन दिया गया है।

विधान पार्षद विजय सिंह बताते हैं कि पटना से मरीन ड्राइव का विस्तार मोकामा तक किया गया है। इसे मोकामा से बढ़ाकर लखीसराय, मुंगेर, सुल्तानगंज होते हुए भागलपुर तक विस्तारित किया जाना व्यापक जनहित में होगा।

इसी प्रकार तीसरे चरण में पटना से पश्चिम कोईलवर से आगे आरा होते हुए बक्सर तक इसका विस्तार किया जाना चाहिए। अभी सरकार के समक्ष उन लोगों ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से इस मुद्दे को उठाया है।

विजय सिंह ने कहा कि यह महज एक प्रस्ताव नहीं, बक्सर से भागलपुर तक यानी पूरे बिहार में गंगा के किनारे की यह सड़क एक अजूबा भी मानी जाएगी। तकरीबन चार सौ किलोमीटर का मरीन ड्राइव लोगों को प्रकृति की गोद में लांग ड्राइव का भी आनंद देगा।

देश-दुनिया में बिहार इकलौता राज्य होगा, जिसने अपनी एक पवित्र नदी के एक किनारे को मरीन ड्राइव के रूप में विकसित किया होगा। इसे देखने और इस पर विहार करने देश-दुनिया से लोग आएंगे।

इससे आसपास के इलाके की कनेक्टिविटी भी बढ़ेगी और व्यवसाय की संभावनाएं भी बढ़ेगी। यह जनता और सरकार की आमदनी को बढ़ाने वाली एक लंबी सड़क होगी।

विजय सिंह कहते हैं कि नीतीश कुमार की अगुआई में हमारी सरकार ने पटना में सबसे लंबा मरीन ड्राइव बनाकर इस दिशा में पहले ही कदम बढ़ा दिया है।

# सिपाहियों पर यौन शोषण का आरोप लगाने की घटना साजिश तो नहीं

## कारण तलाश रही पुलिस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** घोघा थाने के गश्ती दल में शामिल दो सिपाहियों का नाम लेकर उनके विरुद्ध 20 मार्च की रात यौन शोषण करने का आरोप लगाने की बात जांच में झूठी निकल गई। एसएसपी हृदय कांत के समक्ष जब महिला 22 मार्च को शिकायत लेकर अकेले पहुंची थी, तभी उनके मन में यह बात खटकी थी कि पीड़िता अकेले उतनी दूर से भागलपुर ऐसे नहीं पहुंच सकती। उनके साथ परिजन या परिवार का कोई सदस्य जरूर होता। गश्ती दल में पदाधिकारी भी होते हैं, केवल दो पुलिसकर्मी नहीं। ऐसे में उन्होंने महिला थानाध्यक्ष को बुला मामले में सूक्ष्म जांच करने को कहा था।

मुख्यालय डीएसपी को शुरू की गई जांच की जवाबदेही भी दे दी थी। जांच में आरोप झूठे निकल गए। अब पुलिस इतनी जांच के बाद जांच का काम खत्म नहीं कर दी है।

दो सिपाहियों का नाम लेकर उनके विरुद्ध रात्रि गश्ती के दौरान यौन शोषण का आरोप लगाने वाली महिला किसी बड़ी साजिश का हथियार बन गई थी।

घोघा से वह भागलपुर स्वयं तो नहीं आई थी, क्या वह साजिश के तहत लाई गई थी। यहां लाए जाने पर उसके आवेदन का मजमून किसने बनाया। किसने साजिश की पटकथा लिखी। घोघा थाने में तैनात दो सिपाहियों का महिला से किसी तरह की रंजिश नहीं थी।

ऐसे में पुलिस यह जांच शुरू कर दी है कि आखिर दो सिपाहियों को यौन शोषण के झूठे आरोप में नामजद बनाने की कोशिश के पीछे कौन था। किसने पुरानी रंजिश को साधने के लिए महिला का इस्तेमाल किया। पुलिस टीम अब इसकी जांच शुरू कर दी है।

20 मार्च की रात मकई के खेत से लौटते समय घोघा पुल के पास महिला को गश्ती दल ने रोक कर गाली-गलौज, मारपीट की फिर उसे उठा कर कुशाहा रोड पर ले गई जहां उसके साथ दोनों सिपाहियों ने कथित तौर पर यौन शोषण किया था। 20 की घटना बाद 22 मार्च को भागलपुर पहुंचने वाली महिला को भागलपुर लाने वाला कौन था। किसने झूठा आवेदन लिखवा कर उसे एसएसपी कार्यालय तक पहुंचा कर स्वयं पर्दे के पीछे हो गया।

घोघा थाने में तैनात दो सिपाहियों का महिला से यौन शोषण के झूठे आरोप में केस दर्ज कराने की कोशिश दोनों सिपाहियों के चरित्र का मर्दन करना और उसकी सेवा बर्खास्तगी कराना ही मकसद रहा होगा।

जांच टीम यह मान रही है कि किसी ने पुरानी रंजिश साधने के लिए महिला के आक्रोश का इस्तेमाल कर लिया था, यह बात और कि खेल को एसएसपी ने भांपते हुए मामले में त्वरित जांच करा साजिशकर्ता की मंशा को नाकाम करा दिया।

महिला ने न्याय की गुहार लगाते हुए एसएसपी से कहा था कि वह 20 मार्च की रात करीब नौ बजे अपने मकई के खेत से वापस घर लौट रही थी। तभी घोघा पुल के पास गश्ती जीप में बैठे दो सिपाहियों ने रास्ता रोक लिया था।

दोनों सिपाहियों का महिला ने एसएसपी को नाम भी बताते हुए कहा था कि उसे सिपाहियों ने कहा था धंधा करती हो... फिर जीप पर बैठा कर कुशाहा रोड ले गए थे जहां मारपीट बाद दोनों सिपाहियों ने उसके साथ यौन शोषण किया था।

# हथियार के बल पर दुकान बंद कराने वाला धराया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जहानाबाद।** जहानाबाद के ओकरी बाजार में सरेआम हथियार लहराते हुए दुकान बंद करवाने वाला जिले का टॉप 10 अपराधी नीतीश कुमार उर्फ नगवा उर्फ शुक्ला को पुलिस ने मंगलवार की रात गिरफ्तार क लिया। घोसी एसडीपीओ संजीव कुमार ने बताया कि पिछले साल नवंबर महीने में आकाश पासवान और नीतीश कुमार सरेआम हथियार लहराकर ओकरी बाजार को बंद करा दिया था। जब इस बात की जानकारी पुलिस को मिली तो दलबल के साथ पहुंचे थे। लेकिन दोनों फरार हो गए थे। बाजार में लगे सीसीटीवी फुटेज से दोनों की पहचान हुई थी, जिसके आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मंगलवार की रात छापेमारी कर कवलपुर गांव से पुलिस ने नीतीश कुमार को गिरफ्तार किया है।

एसडीपीओ ने बताया कि नीतीश का लंबा अपराधी रिकॉर्ड रहा है। ओकरी थाने में उसके विरुद्ध पहले से भी नौ मामले दर्ज है। आर्म्स एक्ट समेत रंगदारी मांगने के अलावा अन्य मामले में नीतीश पुलिस की गिरफ्त से बाहर चल रहा था, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर बड़ी कामयाबी हासिल की है।

# होल्डिंग टैक्स वसूली को ले नगर परिषद हुआ सख्त

## बड़े बकायेदारों की सूची करेगी प्रकाशित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बक्सर।** स्थानीय नगर परिषद ने शहर के विकास के लिए अपना अनुमानित बजट प्रस्तुत किया है, जिसे कुछ संशोधनों के बाद पारित किया जाएगा।

इस बजट में आय और व्यय के स्त्रोतों को विस्तार से दशार्या गया है, जिसमें संपत्ति कर को राजस्व का प्रमुख आधार बनाया गया है। वर्तमान में क्षेत्र के मकानों पर संपत्ति कर वार्षिक किराया मूल्य का नौ प्रतिशत निर्धारित है। वर्ष 2025-26 के लिए संपत्ति कर से पांच करोड़ 19 लाख 75 हजार रुपये की वसूली का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए सभी अनिर्धारित और नए मकानों को होल्डिंग टैक्स के दायरे में लाने की योजना है।

साथ ही, बड़े बकायेदारों की सूची अखबारों में विज्ञापन के जरिए प्रकाशित की जाएगी। जिन लोगों द्वारा समय पर कर का भुगतान नहीं किया जाएगा, उनके खिलाफ बिहार नगरपालिका कर एवं गैर-कर विनियम 2014 के तहत कानूनी कार्रवाई होगी। इससे नगर परिषद के राजस्व में सम्मानजनक वृद्धि की उम्मीद है।

15वीं और 16वीं वित्त आयोग की गाइडलाइंस के अनुसार, यदि कोई निकाय होल्डिंग टैक्स वसूली में असफल रहता है, तो उसे परफॉर्मेंस ग्रांट से वंचित होना पड़ सकता है। इसके अलावा, स्टाम्प और मुद्रांक शुल्क भी शहरी विकास के लिए महत्वपूर्ण स्त्रोत है।

निबंधन विभाग के तहत शहरी क्षेत्र में जमीन और मकानों के हस्तांतरण पर 2 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क वसूला जाता है, जिससे 10 करोड़ 45 लाख रुपये की आय का अनुमान है।

प्रोफेशनल टैक्स, जो व्यवसायियों, पेशेवरों और वेतन भोगियों से लिया जाता है, वह भी राजस्व का एक हिस्सा है। बिहार नगरपालिका अधिनियम के तहत लागू इस कर से 65 लाख 3 हजार 750 रुपये की प्राप्ति की उम्मीद है।

आय के अन्य स्त्रोतों में सड़क किनारे अस्थायी दुकानों, वाहनों, सैरात बंदोबस्ती और नगर परिषद के मार्केट से किराए के रूप में 1 करोड़ 38 लाख 89 हजार 235 रुपये शामिल हैं।

फी और यूजर चार्ज जैसे ट्रेड लाइसेंस, जन्म-मृत्यु शुल्क, अतिक्रमण हटाने का शुल्क, भवन अनुज्ञा शुल्क, पानी के टैंकर और सेप्टिक टैंक सफाई से 2 करोड़ 14 लाख 60 हजार 416 रुपये की आय का लक्ष्य है।

फॉर्म बिक्री, प्रकाशन और उपकरण भाड़े से 35 लाख 6 हजार 250 रुपये की उम्मीद है। इन उपायों से नगर परिषद का लक्ष्य वित्तीय मजबूती और शहर के विकास को गति देना है।

## हाईकोर्ट गेट नंबर दो के सामने कैंट एरिया में लगी आग, धुएं का गुबार उठते देख मची खलबली

**प्रयागराज , एजेंसी।** इलाहाबाद हाईकोर्ट नंबर दो गेट के सामने न्यू कैंट एरिया में कमांडर वर्क्स इंजीनियर के कंपाउंड में बुधवार को आग लग गई। आग परिसर में स्थित एक मंदिर में लगी और देखते ही देखते आग की लपटें उठने लगीं। परिसर में तैनात कर्मचारी और सेना के जवान आग बुझाने में जुट गए। धुएं का गुबार देखकर बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। कर्मचारियों ने कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया। सूचना पाकर फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां और सेना के दो वाहन मौके पर पहुंच गए और आग बुझाने में जुट गए।

न्याय मार्ग पर पोलो ग्राउंड के सामने न्यू कैंट में कमांडर वर्क्स इंजीनियर के कंपाउंड में बुधवार को आग लग गई। देखते ही देखते आग की ऊंची- लपटें उठने लगी। आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। लोग यह अनुमान लगाते रहे कि जनरेटर की चिंगारी या कूड़े के ढेर में आग लगाने के बाद आग फैल गई है। धुएं का गुबार दिखने पर लोग मौके पर पहुंच गए। दफ्तर के कर्मचारी और यहां पर तैनात सेना के जवानों ने किसी तरह आग पर काबू पाया।

## यूपीपीएससी के लिए ड्यूटी की अग्निपरीक्षा से गुजरेंगे 10 पुलिसकर्मी

**कानपुर , एजेंसी।** कानपुर शहर में तैनात दस पुलिस कर्मी यूपी लोक सेवा आयोग की परीक्षा दे सकेंगे। एडिशनल पुलिस कमिश्नर उन्हें परीक्षा में बैठने की अनुमति दे दी है। हालांकि उनमें से किसी को भी परीक्षा की तैयारी के लिए अवकाश मंजूर नहीं किया गया है। अब इन पुलिस कर्मियों को रोजाना ड्यूटी की अग्निपरीक्षा देते हुए परीक्षा की तैयारी करनी पड़ेगी।

कमिश्नरी में तैनात 10 पुलिस कर्मी ड्यूटी के साथ यूपीएससी 2025 परीक्षा की भी तैयारी कर रहे हैं। इनमें पुलिस लाइन में तैनात कांस्टेबल इंद्रभान, यतेंद्र कुमार, सचिन पांडेय, टीएसआई राजीव कुमार, कांस्टेबल रोहित कुमार, सौरव कुमार, शिवचरन, बजरिया थाने में तैनात महिला कांस्टेबल प्रतीक्षा राठौर, नौबस्ता थाने में तैनात एसआई पूजा सिंह व रायपुरवा थाने में तैनात महिला कांस्टेबल रेनू शामिल हैं।

**परीक्षा के लिए स्वयं का अवकाश लेना होगा-** इन सभी को एडिशनल सीपी ने 19 मार्च को शर्तों के साथ अनुमति दे दी है। हालांकि स्पष्ट किया गया है कि किसी भी समय गैर जनपद तबादला होने पर अनुमति स्वतः निरस्त हो जाएगी। साथ ही निर्वाचन की स्थिति में किसी भी चरण में बाहर ड्यूटी पर जाने की स्थिति में अवकाश नहीं मिलेगा। वहीं, परीक्षा के लिए स्वयं का अवकाश लेना होगा।

## राजेश हत्याकांड: मासूम बेटी चीखती रही...पापा को मत मारो

**कानपुर , एजेंसी।** कानपुर में अधिवक्ता राजेश सिंह की हत्या के मामले में फरार आरोपी धीरज तिवारी शातिर अपराधी है। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि वह दो साल पहले ही कोटा जेल से जमानत पर छूटकर आया था। वहां किसी हत्या के मामले में वह जेल में बंद था। दीपावली पर भी पुलिस ने उसे जेल भेजा था। धीरज की पत्नी ने उससे दूसरी शादी की है। धीरज की पहली पत्नी से उसके दो बेटियां और दूसरी पत्नी से एक बेटा है। इलाकाई लोगों के मुताबिक पत्नी भी लोगों से आए दिन विवाद करती रहती है।

**आरोपी की पत्नी ने कॉल कर मायके से बुलाए लड़के-** विवाद के दौरान धीरज की पत्नी ने साहबनगर स्थित अपने मायके में कॉल कर 25 लड़कों को बुला लिया। इसके बाद लड़के इलाके में हंगामा करना शुरू कर दिया। धीरज और उसकी पत्नी ने ही डायल 112 पर सूचना दी। पुलिस पहुंची तो आरोपी ही अपने साथ मारपीट और लूटपाट का आरोप लगाने लगे।

# राणा सांगा पर टिप्पणी करने वाले सपा सांसद के घर करणी सेना का हमला, तोड़फोड़



**आगरा, एजेंसी।** राणा सांगा पर विवादित बयान को लेकर सपा के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के घर करणी सेना ने बवाल मचा दिया। इस दौरान पुलिस के साथ भी झड़प हुई। लाठियां भांजी गईं, तो भगदड़ मच गई। इस दौरान पथराव हो गया। अचानक हुए पथराव से पुलिस के पसीने छूट गए। पथराव में इंस्पेक्टर के साथ कई पुलिसकर्मियों के घायल होने की सूचना है। सूचना मिलते ही अतरिक्त पुलिसबल मौके पर बुला लिया गया। पुलिस ने बल प्रयोग कर बवालियों को खदेड़ा। राणा सांगा पर विवादित बयान देने वाले सपा के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के आवास पर करणी सेना घेराव करने पहुंची थी। यहां पर पहले ही पुलिस तैनात थी। करणी सेना के कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए आवास के मुख्य द्वार से प्रवेश करने लगे। इस दौरान पुलिस ने जब रोकने का प्रयास किया, तो वे उग्र हो गए। पुलिस टीम पर हमला कर दिया गया। इस दौरान वहां रखीं कुर्सियां फेंकी गईं। डंडों के साथ तोड़फोड़ कर दी गई। हमले में इंस्पेक्टर घायल हो गए।

**सुबह से चल रही थी तैयारी-** सूचना मिलते ही थाना हरीपर्वत से अतिरिक्त पुलिसबल आ गया। इसके बाद पुलिस ने प्रदर्शन करने वालों को लाठियां फटकारते हुए खदेड़ना शुरू कर दिया। इस दौरान कई लोगों को हिरासत में लिए जाने की सूचना है। बता दें सांसद से घर पर घेराव की तैयारी सुबह से ही की जा रही थी। एत्मादपुर में करणी सेना से पदाधिकारी और कार्यकर्ता एकत्र हुए थे। वहां भी पुलिस के द्वारा इन्हें रोका गया था। इस बीच दोपहर को बड़ी संख्या में ये लोग सपा सांसद के हरीपर्वत क्षेत्र स्थित आवास तक पहुंच गए।

**दिल्ला हाईवे कर दिया जाम-** राणा सांगा पर सपा के राज्यसभा सांसद द्वारा दिए गए विवादित बयान को लेकर आगरा में हंगामा मचा हुआ है। एक तरफ सांसद के आवास पर हमला बोल दिया गया, तो वहीं दूसरी ओर दिल्ली हाईवे पर करणी सेना ने जाम लगा दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गए। पुलिस के साथ यहां जमकर धक्का-मुक्की हुई। पुलिस ने बमुश्किल स्थिति पर काबू पाया।

### जानें क्या है पूरा मामल

रामजीलाल सुमन ने संसद में कहा था कि अगर मुसलमानों को बाबर का वंशज कहा जाता है, तो हिंदू गद्दार राणा सांगा के वंशज होने चाहिए। हम बाबर की आलोचना करते हैं। लेकिन, हम राणा सांगा की आलोचना क्यों नहीं करते? रामजीलाल के बयान पर जमकर हंगामा हुआ।

दरअसल, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व सांसद रामजी लाल सुमन ने कहा कि भाजपा के लोगों का तकिया कलाम हो गया है कि मुसलमानों में बाबर का डीएनए है। आखिर, बाबर को लाया कौन। इब्राहिम लोधी को हराने के लिए बाबर को राणा सांगा हिंदुस्तान में लाया था। अगर मुसलमान बाबर की औलाद हैं तो फिर तुम गद्दार राणा सांगा की औलाद हो। सुमन शुक्रवार को राज्यसभा में गृह मंत्रालय के कामकाज की समीक्षा पर बोल रहे थे।

हंगामे के बाद सुमन ने मीडिया से बातचीत में कहा कि सूर्यवंशी राजपूतों के सिसोदिया वंश के राणा सांगा 1508 से 1528 तक मेवाड़ के शासक थे। हर कोई इतिहास के पन्नों को पलट रहा है। भाजपा नेताओं से पूछिए कि वे कौन से पन्ने पलट रहे हैं। वे किस बारे में बहस कर रहे हैं? वे औरंगजेब के बारे में बात करना चाहते हैं।

## मानसिक रूप से कमजोर 20 बालिकाओं की तबीयत बिगड़ी, दो की मौत

**लखनऊ , एजेंसी।** राजधानी लखनऊ में पारा स्थित निर्वाण संस्था में रह रहीं 20 बालिकाओं की तबीयत बिगड़ गई। एक-एक कर सभी को लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसमें एक बालिका की मंगलवार को और एक बालिका की बुधवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। चार बालिकाओं को डिस्चार्ज कर




दिया गया है। अन्य 14 बालिकाओं का इलाज जारी है। डिहाइड्रेशन व फूड पॉइजनिंग की आशंका है। निर्वाण संस्था के तहत अनाथ मानसिक रूप से कमजोर बालिकाओं को आश्रय दिया जाता है। डीपीओ विकास सिंह ने बताया कि संस्था में 147 बालिकाएं थीं। रविवार से अचानक एक के बाद एक बालिकाओं की तबीयत बिगड़ने लगी। बालिकाओं को उल्टियां हो रही थीं। बुधवार तक 20 बालिकाओं को अस्पताल में भर्ती कराया गया। इनमें से दो की मौत हो गई। दोनों की उम्र लगभग 13 साल है। डीपीओ का कहना है कि डॉक्टरों के वह संपर्क में हैं। जो बालिकाएं भर्ती हैं उनका बेहतर इलाज जारी है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का सही कारण पता चल सकेगा। विभागीय जांच भी कराई जाएगी।

## आज के मुस्लिम पुराने हिंदू..., बृजभूषण शरण सिंह बोले- मौलाना कौसर हयात जैसे लोगों को सुरक्षा ना दे सरकार

**अयोध्या , एजेंसी।** रामनगरी अयोध्या में बुधवार को पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह पहुंचे। यहां उन्होंने रामनवमी को लेकर बयान दिया है। कहा कि अयोध्या के लिए चैत्र रामनवमी महत्वपूर्ण पर्व है। यह लाखों वर्षों की परंपरा है। इस दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु रामनगरी आते हैं। पिछले वर्ष कुछ ऐसा माहौल बनाया गया था कि लोग ना आएं। इसकी वजह से श्रद्धालुओं की संख्या में कमी आई थी। उन्होंने व्यवस्था में लगे लोगों से अपील की है



कि इस वर्ष ऐसा कुछ माहौल ना बन पाए, जिससे कम श्रद्धालु रामनगरी आएं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा संभल में खुदाई को लेकर दिए बयान पर बृजभूषण शरण सिंह बचते नजर आए। मोदी सरकार द्वारा ईद के मौके पर मुस्लिमों को किट वितरित करने पर कहा कि प्रधानमंत्री को पता है कि आज के मुस्लिम पुराने हिंदू हैं। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने जो फैसला लिया है वह सोच समझकर लिया होगा। हम मोदी सरकार के फैसले का स्वागत करते हैं। मौलाना कौसर हयात के बयान पर बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि ऐसे बयानों पर प्रतिबंध लगना चाहिए। ऐसे लोगों को सरकार सुरक्षा ना दे।

## जो जिस भाषा में समझेगा, उसे वैसे ही समझाना चाहिए, बुलडोजर एक्शन पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने दिया बड़ा बयान

**लखनऊ , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपनी सरकार की बुलडोजर कार्रवाई पर हो रही आलोचनाओं पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कभी-कभी लोगों को उस भाषा में बातें समझाने की जरूरत होती है जिसे वे समझते हैं। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि जो लोग कानून को अपने हाथ में लेंगे, उन्हें कानूनी दायरे में परिणाम भुगतने होंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने न्यूज एजेंसी एएनआई के पॉडकास्ट में कहा, जो लोग न्याय में विश्वास करते हैं, उनके लिए न्याय होता है। जो लोग न्याय और कानून को अपने हाथ में लेते हैं, उन्हें कानून के दायरे में सबक सिखाया जाता है। इसे उसी भाषा में समझाया जाना चाहिए जिसमें वे इसे समझते हैं।

मथुरा में चल रहे धार्मिक स्थल विवाद के बारे में बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी सरकार अदालत के आदेशों का पालन कर रही है, अन्यथा वहां बहुत कुछ हो सकता था। उन्होंने कहा, ÷हमें मथुरा का मुद्दा क्यों नहीं उठाना चाहिए? क्या मथुरा श्री कृष्ण की जन्मभूमि नहीं है? हम न्यायालय के



आदेश का पालन कर रहे हैं। वरना वहां बहुत कुछ हो सकता था। संभल विवाद के बारे में पूछे जाने पर सीएम योगी ने कहा कि सरकार कानूनी दायरे में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों ने अब तक शहर में 54 से अधिक तीर्थ स्थलों की पहचान की है, और शेष को खोजने के प्रयास जारी हैं। सीएम ने कहा, संभल में 64 तीर्थ स्थल हैं और हमने 54 ढूंढ लिए हैं। जो भी है, हम ढूंढ लेंगे। हम दुनिया को बताएंगे कि संभल में क्या हुआ था? संभल एक सच्चाई है।

महाकुंभ 2025 के दौरान हुई मौतों के बारे में पूछे जाने पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, एक न्यायिक आयोग है जो इलाहाबाद उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार काम कर रहा है। हमने एक महीने का समय दिया था, लेकिन सर्वोच्च न्यायालय ने उसे कुछ और समय दिया, और इसमें कुछ नई चीजें जोड़ी हैं। वे सभी पक्षों से बात कर रहे हैं और बयान दर्ज कर रहे हैं। जो भी निष्कर्ष निकलेगा वो रिपोर्ट वे लोग देंगे, जिस पर हम कार्रवाई करेंगे। महाकुंभ पर कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों की टिप्पणियों पर योगी आदित्यनाथ ने कहा, उनके कई नेता, मंत्री, मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री आए...यह भाजपा का कार्यक्रम नहीं था। केंद्र सरकार और राज्य सरकार मिलकर लोगों का ध्यान रख रही है, आस्था का सम्मान कर रही है। 1947 से 2014 तक कांग्रेस ज्यादातर समय सत्ता में रही, उन्होंने इस दौरान ऐसा क्यों नहीं किया? पीएम मोदी ने 2019 में प्रयागराज के कुंभ को यूनेस्को की सांस्कृतिक धरोहर के रूप में मान्यता दिलाई।

# सेना से अनापत्ति लेने में ही बीते नौ साल, लाइट मेट्रो परियोजना कैसे होगी साकार

**प्रयागराज, एजेंसी।** संगम नगरी के लिए सरकार की महत्वाकांक्षी लाइट मेट्रो प्रोजेक्ट-2016 नौ साल बाद भी कागजों से बाहर नहीं निकल पाई है। स्थिति यह है कि सेना से अनापत्ति के इंतजार में अब तक डीपीआर फाइनल नहीं हो सका है, जबकि इस संबंध में जिम्मेदार अधिकारियों की 35 से अधिक बैठकें हो चुकी हैं। सेना से अनापत्ति और स्थलीय निरीक्षण के लिए अधिकारियों की 18 मार्च को प्रस्तावित बैठक एकबार फिर स्थगित हो चुकी है, जबकि अगली बैठक की अभी तारीख तय नहीं हो सकी है।

प्रयागराज में यातायात को सुगम बनाने के लिए लाइट मेट्रो संचालन की तैयारी फिलहाल सिरे चढ़ती नजर नहीं आ रही है। इसके तहत 44 किलोमीटर में मेट्रो कॉरिडोर का निर्माण दो चरणों में किया जाना है। पहले चरण में बमरौली से झूंसी स्थित सिटी लेक फॉरेस्ट तक 23 किलोमीटर में 21 स्टेशन तैयार होने हैं। दूसरे चरण में शांतिपुरम से छिवकी तक 21 किलोमीटर में 19 स्टेशन बनने हैं। 8125 करोड़ की यह परियोजना वर्षों बाद भी बैठकों तक ही सीमित है।



इसके लिए यूपी मेट्रो रेल कारपोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक, कर्नल क्यू एचक्यू पूर्व यूपी एंड एमपी सब एरिया, रक्षा संपदा अधिकारी प्रयागराज और राइट्स लिमिटेड नई दिल्ली के ज्वाइंट जनरल मैनेजर की 18 मार्च को बैठक प्रस्तावित थी। इससे अधिकारियों को भी कार्य आगे बढ़ने की आस जगी थी, लेकिन किन्हीं कारणों से स्थगित कर दी गई। बैठक में खासतौर पर कॉरिडोर के भूमि संरेखण स्टेशन एवं डिपो के लिए भूमि चिह्नित की जानी थी और रक्षा विभाग से अनापत्ति ली जानी थी।

विदित हो कि प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष-2016 में शासनादेश जारी कर बेहतर पब्लिक ट्रांसपोर्ट प्रणाली उपलब्ध कराने के लिए भारत सरकार के विशेषज्ञ उपक्रम राइट्स लिमिटेड को डीपीआर बनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। राइट्स लिमिटेड ने डीपीआर की कंसल्टेंसी फीस 3.85 करोड़ और इसके अतिरिक्त प्रति किमी की लंबाई पर 11 लाख रुपये प्रति किमी की दर से प्रस्ताव रखा था, जिस पर न्यूनतम लंबाई हेतु 3.50 करोड़ और दस लाख प्रति किमी पर सहमति बनी। इसके अलावा नोडल एजेंसी प्रयागराज विकास प्राधिकरण के लिए भी दस लाख रुपये प्रति किमी की दर से कंसल्टेंसी फीस तय किया गया। उस दौरान सचिव वंदना त्रिपाठी और नगर नियोजक आरके सिंह थे। स्थिति यह है कि अब तक पूर्ण रूप से डीपीआर फाइनल नहीं हो सका हैं।

**आयुक्त की अध्यक्षता में लिया गया था निर्णय-** आठ सितंबर 2016 को तत्कालीन आयुक्त राजन शुक्ला की अध्यक्षता में आयुक्त शिविर कार्यालय में बैठक हुई थी, जिसमें मेट्रो परियोजना के संचालन के लिए फिजिविलिटी स्टडी (डीपीआर) के संबंध में निर्णय लिया गया। इसमें ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर के रूप में बमरौली एयरपोर्ट से त्रिवेणी पुरम कालोनी झूंसी तक और नार्थ-साउथ कॉरिडोर के रूप में शांतिपुरम कालोनी फाफामऊ से अलोपीबाग होते हुए नैनी तक प्रथम चरण का चयन किया गया। दोनों कॉरिडोर के लिए 40 हेक्टेयर भूमि की आवश्यकता होगी।

प्रयागराज विकास प्राधिकरण के मुख्य अभियंता नवनीत कुमार शर्मा का कहना है कि भारत सरकार के विशेषज्ञ उपक्रम मेसर्स राइट्स लिमिटेड से डीपीआर के लिए अनुबंध हुआ है। इसके लिए लखनऊ मेट्रो कारपोरेशन को समन्वयक और प्रयागराज विकास प्राधिकरण को नोडल बनाया गया है। डीपीआर में अभी कुछ संशोधन होना है, इसके लिए जल्द ही बैठक बुलाई जाएगी।

# लाहाबाद विश्वविद्यालय में प्रोफेसर व एसोसिएट प्रोफेसर के बीच मारपीट, दोनों घायल

**प्रयागराज , एजेंसी।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय (इविवि) के अंग्रेजी विभाग में मंगलवार को एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. कुमार पराग और विभागाध्यक्ष प्रो. एसके शर्मा के बीच मारपीट हुई। घटना में घायल हुए दोनों शिक्षकों को अस्पताल ले जाकर प्राथमिक उपचार कराया गया। इविवि प्रशासन ने मामले में आंतरिक जांच कराने का निर्णय लिया है। वहीं, दोनों पक्षों एक-दूसरे पर मारपीट का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराने के लिए कर्नलगंज थाने में तहरीर दी है। विभागाध्यक्ष व कार्य परिषद के सदस्य प्रो. सुशील कुमार शर्मा ने तहरीर में आरोप लगाया कि उन्होंने विभागीय कार्य व कुछ जानकारी के लिए डॉ. पराग को फोन करके बुलाया था। दोपहर 12 बजे वह कमरा नंबर-16 में पहुंचे। उनसे कुछ जानकारी मांगी तो वह अचानक उग्र हो गए और अपशब्द कहते हुए जान से मारने की





धमकी दी।

आरोप लगाया कि लोहे की रॉड से हमला किया। रोकने का प्रयास करने पर हाथ, सिर व सीने पर गंभीर चोटें आईं। जमीन पर गिराकर लात-घूसों से मारा। सोने की चेन और रुद्राक्ष की माला छीन ली। इसके बाद प्रो. शर्मा बेहोश होकर गिर पड़े और आंख खुली तो खुद को बेली अस्पताल में पाया। उनके पास विभाग के ही एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. विवेक द्विवेदी व कुछ अन्य लोग खड़े थे। प्राथमिक उपचार के बाद स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल रेफर किया गया। जहां इलाज के बाद डॉक्टरों ने उन्हें आराम करने की सलाह देकर घर भेज दिया।

### डॉ. पराग ने लगाया उंगली तोड़ने का आरोप

वहीं, ऑटा की नई कार्यकारिणी के सदस्य डॉ. कुमार पराग ने बताया कि वह उत्तराखंड लोक सेवा आयोग के गोपनीय कार्य के लिए चार दिन की छुट्टी लेकर उत्तराखंड गए थे। तहरीर में आरोप लगाया कि उनकी छुट्टी के आवेदन पर बात करने के लिए विभागाध्यक्ष प्रो. सुशील कुमार शर्मा ने उन्हें अपने चैंबर में बुलाया और असहमत होने पर अपशब्द कहने लगे। विरोध करने पर हाथ पकड़कर ऐंठने लगे और उंगली तोड़ दी।

शर्ट फाड़ दी व हत्या के इरादे से गर्दन दबाने लगे। उन्हें धक्का देकर डॉ. पराग किसी तरह चैंबर से बाहर निकले। डॉ. पराग के अनुसार, घटना के बाद सीधे इविवि के स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के लिए पहुंचे और इसके बाद बेली अस्पताल गए। आरोप है कि वहां प्रो. सुशील के उकसाने पर डॉ. विवेक कुमार द्विवेदी व डॉ. मृत्युंजय राव परमार ने आधा दर्जन लोगों ने लाठी-डंडे व रॉड से उन पर हमला कर दिया। अस्पताल का पर्चा भी फाड़ दिया। 112 नंबर पर कॉल करने पर पुलिस के पहुंचने के बाद उन्होंने एक निजी अस्पताल में इलाज कराया।

## टीसीएस मैनेजर खुदकुशी केस: पत्नी निकिता शर्मा को किस बात का डर? पुलिस से क्यों बच रही...10 हजार का इनाम घोषित

**आगरा , एजेंसी।** आगरा के थाना ताजगंज क्षेत्र के रहने वाले टीसीएस कंपनी के मैनेजर मानव शर्मा की खुदकुशी केस में फरार चल रही पत्नी निकिता और ससुर नृपेंद्र शर्मा पर पुलिस ने 10-10 हजार रुपये के इनाम की घोषणा की है। दोनों के गैर जमानती वारंट पहले ही जारी हो चुके हैं।

डिफेंस कालोनी, सदर निवासी मानव शर्मा ने पत्नी से तंग आकर 24 फरवरी को फंदा लगाकर जान दे दी थी। उनके मोबाइल में बहन को एक वीडियो मिला था। वीडियो उन्होंने खुदकुशी से पहले बनाया था। पुलिस ने वीडियो को मृत्यु पूर्व बयान माना। सदर थाने में आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने की धारा के तहत केस दर्ज किया गया।

इसके बाद पुलिस ने निकिता को कई बार बयान के लिए बुलाया मगर वह नहीं आई। पुलिस ने होली से पहले निकिता की मां और बहन को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। एसीपी सदर विनायक भोसले ने बताया कि निकिता और उसके पिता पर 10-10 हजार रुपये का इनाम रखा गया है। इसके बाद भी गिरफ्तारी नहीं होती है तो कुर्की की उद्घोषणा के लिए अदालत में प्रार्थना पत्र दिया जाएगा।

**पत्नी निकिता ने भी जारी किया था वीडियो -** मानव शर्मा की पत्नी निकिता ने खुद पर आरोप लगने के बाद वीडियो जारी कर अपना पक्ष रखा था। उन्होंने कहा है कि मानव इससे पहले भी दो बार सुसाइड की कोशिश कर चुके थे। सुसाइड से कुछ समय पहले ही उसने मानव के पिता और बहन को इस बारे में आगाह किया था। वीडियो के बाद निकेता परिवार सहित गायब हैं। निकिता ने मानव की बहन से व्हाट्सएप पर हुई चैट के साक्ष्य भी पेश किए। उनका कहना है कि मानव जिस बात को लेकर बहुत ज्यादा परेशान था, वह पास्ट था।

**सुसाइड वाले दिन शाम को छोड़कर गए थे मायके-** निकिता ने बताया कि सुसाइड वाले दिन शाम को उसे हंसी-खुशी बरहन मायके में छोड़कर गया था। कहा कि मानव कुछ समय से बहुत तनाव में थे। तनाव में उन्होंने दो बार अपनी जान देने की कोशिश की थी, लेकिन दोनों बार उसने ही उन्हें बचा लिया था। इस बारे में उसने ससुराल के सदस्यों को भी बताया था, लेकिन उन्होंने पति पत्नी के बीच का मामला बता कर टाल दिया। बकौल निकेता, मानव की यह स्थिति देखकर वही उसे मुंबई से आगरा लेकर आई थी।

## संपादकीय

# परिसीमन का पेच

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन की अगुआई में हुई संयुक्त कार्रवाई समिति (जेएसी) की बैठक से स्पष्ट हो गया है कि इसमें शामिल हुए दलों के लिए परिसीमन कितना संजीदा मुद्दा है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू एनडीए का हिस्सा होने के बावजूद अपने ढंग से इस मसले को उठा चुके थे, लेकिन पिछले कुछ समय से इस पर स्टालिन काफी मुखर नजर आ रहे थे। खैर, जेएसी में परिसीमन प्रक्रिया को और 25 वर्षों के लिए स्थगित करने का प्रस्ताव पारित किया गया। परिसीमन स्थगित करने के प्रस्ताव को एक सुझाव के रूप में लिया जाए तो बैठक के दौरान इन नेताओं का जोर इस पर दिखा कि वे विरोध परिसीमन का नहीं बल्कि इस प्रक्रिया में निहित और संभावित अन्याय का कर रहे हैं। हालांकि, केंद्र की हृष्ठ सरकार की तरफ से यह बात साफ की जा चुकी है कि दक्षिणी राज्यों के साथ किसी प्रकार का अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। इन दोनों पहलुओं को पॉजिटिव नजरिए से देखा जाए तो संवाद के जरिए कोई हल निकलने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। सवाल है कि ऐसे में संवाद के बजाय टकराव बढ़ता क्यों दिख रहा है। इसके पीछे पिछले कुछ समय से केंद्र और राज्यों के बीच बढ़ी दूरी की भी अहम भूमिका है। चाहे, विरोधी दलों के शासन वाले कुछ राज्यों में राज्यपालों की अति सक्रियता का सवाल हो या त्रिभाषा फॉर्म्युले पर हुई बयानबाजी का या फिर कर-राजस्व आवंटन में होने वाले कथित भेदभाव संबंधी आरोपों का- कुछ हलकों में ऐसी धारणा बनी है कि राज्यों की हैसियत धीरे-धीरे घट रही है। समझना होगा कि इस बहस के मूल में दो बुनियादी सिद्धांत हैं। पहला लोकतंत्र और दूसरा संघात्मक ढांचा। लोकतंत्र संख्या के हिसाब से हिस्सेदारी की बात करता है तो संघात्मक ढांचा राज्यों की समान हैसियत सुनिश्चित करने की गारंटी देता है। दोनों में से किसी को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। अगर यह बात सही है कि परिसीमन को अनंतकाल तक स्थगित किए रहना कोई हल नहीं हो सकता तो इसमें भी दो राय नहीं कि किसी राज्य को जनसंख्या वृद्धि पर काबू पाने की सजा नहीं मिलनी चाहिए। ऐसे में रास्ता एक ही है कि केंद्र किसी के साथ अन्याय न होने देने के अपने संकल्प से आगे बढ़कर कुछ राज्यों में जोर पकड़ती अन्याय की आशंका को संबोधित करे और उसे दूर करने का प्रयास करे।

**संघ द्वारा स्थापित की गई शाखाओं की कार्यपद्धति पर आज विश्व के अन्य कई देशों में शोध कार्य किए जाने के बारे में सोचा जा रहा है कि किस प्रकार संघ द्वारा स्थापित इन शाखाओं से निकला हुआ स्वयंसेवक समाज परिवर्तन में अपनी महती भूमिका निभाने में सफल हो रहा है और पिछले लगातार 100 वर्षों से इस पावन कार्य में संलग्न है। हाल ही में, दिनांक 14 जनवरी 2025 से 26 फरवरी 2025 तक (44 दिन) प्रयागराज में लगातार चले एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न हुए महाकुम्भ के मेले में पूरे विश्व से 66 करोड़ से अधिक हिंदू धर्मावलम्बियों ने पवित्र त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाई। इतनी भारी संख्या में हिंदू समाज कभी भी किसी महान धार्मिक आयोजन में शामिल नहीं हुआ होगा।**

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बढ़ते कदम

(प्रह्लाद सबनानी)

संघ द्वारा आज न केवल भारतीय हिंदू समाज को एकता के सूत्र में पिरोए जाने का कार्य किया जा रहा है बल्कि पूरे विश्व में अन्य देशों में निवासरत भारतीय मूल के हिंदू समाज के नागरिकों को भी एक सूत्र में पिरोए जाने का प्रयास किया जा रहा है।

दिनांक 21 से 23 मार्च तक बंगलूरू में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना वर्ष 1925 में दशहरा के पावन पर्व पर हुई थी, और इस प्रकार संघ अपनी स्थापना के 100वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है एवं इस वर्ष दशहरा के शुभ अवसर पर ही अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण कर लेगा। संघ की स्थापना विशेष रूप से भारतीय हिंदू समाज में राष्ट्रीयत्व का भाव जागृत करने एवं हिंदू समाज के बीच समरसता स्थापित करने के लक्ष्य को लेकर हुई थी। इन 100 वर्षों के अपने कार्यकाल में संघ ने हिंदू समाज को एकजुट करने में सफलता तो हासिल कर ही ली है साथ ही विशेष रूप से समाज की सज्जन शक्ति में राष्ट्रीयत्व का भाव पैदा करने में सफलता अर्जित की है। सज्जन शक्ति समाज की वह शक्ति है कि जिनकी बात समाज में गम्भीरता से सुनी जाती है एवं उस पर अमल करने का प्रयास भी होता है। संघ ने अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने हेतु शाखाओं की स्थापना की थी। इन शाखाओं में देश की युवा पीढ़ी में राष्ट्रीयत्व का भाव जगाकर ऐसे स्वयंसेवक तैयार किए जाते हैं जो समाज के बीच जाकर देश के आम नागरिकों में राष्ट्र भावना का संचार करते हैं एवं समाज के बीच समरसता का भाव पैदा करने का प्रयास करते हैं। संघ द्वारा स्थापित की गई शाखाओं की कार्यपद्धति पर आज विश्व के अन्य कई देशों में शोध कार्य किए जाने के बारे में सोचा जा रहा है कि किस प्रकार संघ द्वारा स्थापित इन शाखाओं से निकला हुआ स्वयंसेवक समाज परिवर्तन में अपनी महती भूमिका निभाने में सफल हो रहा है और पिछले लगातार 100 वर्षों से इस पावन कार्य में संलग्न है। हाल ही में, दिनांक 14 जनवरी 2025 से 26 फरवरी 2025 तक (44 दिन) प्रयागराज में लगातार चले एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न हुए महाकुम्भ के मेले में पूरे विश्व से 66 करोड़ से अधिक हिंदू धर्मावलम्बियों ने पवित्र त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाई। इतनी भारी संख्या में हिंदू समाज कभी भी किसी महान धार्मिक आयोजन में शामिल नहीं हुआ होगा और संभवतः पूरे विश्व में कभी भी इस तरह का आयोजन सम्पन्न नहीं हुआ होगा। इस महाकुम्भ में समस्त हिंदू समाज एकजुट दिखाई दिया, न किसी की जाति, न किसी का मत, न किसी के पंथ का पता चला। बस केवल सनातनी हिंदू हैं, यही भावना समस्त श्रद्धालुओं में दिखाई दी। इसी का प्रयास राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पिछले 100 वर्षों से करता आ रहा है।

संघ द्वारा आज न केवल भारतीय हिंदू समाज को एकता के सूत्र में पिरोए जाने का कार्य किया जा रहा है बल्कि पूरे विश्व में अन्य देशों में निवासरत भारतीय मूल के हिंदू समाज के नागरिकों को भी एक सूत्र में पिरोए जाने का प्रयास किया जा रहा है। यह कार्य संघ के स्वयंसेवकों द्वारा संघ की शाखा में प्राप्त प्रशिक्षण के बाद सम्पन्न किया जाता है। संघ द्वारा संचालित



शाखाओं की संख्या 14 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ वर्ष 2024 के 73,117 से बढ़कर वर्ष 2025 में 83,129 हो गई है। इन शाखाओं के लगने वाले स्थानों की संख्या भी वर्ष 2024 में 45,600 से बढ़कर 51,710 हो गई है। विद्यार्थियों में राष्ट्रीयता की भावना जगाने के उद्देश्य से विशेष रूप से विद्यार्थियों के लिए विद्यार्थी संयुक्त शाखाएं भी देश के विभिन्न भागों में लगाई जाती हैं। विद्यार्थी संयुक्त शाखाओं की संख्या 17 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ वर्ष 20224 में 28,409 से बढ़कर वर्ष 2025 में 33,129 हो गई हैं। इसी प्रकार महाविद्यालयीन छात्रों के लिए भी विशेष शाखाएं लगाई जाती हैं। महाविद्यालयीन (केवल तरुणों के लिए) शाखाओं की संख्या 10 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ वर्ष 2024 में 5,465 से बढ़कर वर्ष 2025 में 5,991 हो गई है। तरुण व्यवसायी शाखाओं की संख्या भी 14 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ वर्ष 2024 में 21,718 से बढ़कर वर्ष 2025 में 24,748 हो गई है, इस शाखाओं में विशेष रूप से तरुणों को शामिल किया जाता है। प्रौढ़ व्यवसायी शाखाओं की संख्या 14 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ वर्ष 2024 में 8,241 से बढ़कर वर्ष 2025 में 9,397 हो गई है एवं बाल शाखाओं की संख्या भी वर्ष 2024 में 9,284 से बढ़कर वर्ष 2025 में 9,864 हो गई है। बाल शाखाओं में छोटी उम्र के बालकों को शामिल किया जाता है।

उक्त वर्णित शाखाओं के माध्यम से आज संघ का देश के कोने कोने में विस्तार सम्भव हुआ है। संघ की दृष्टि से देश भर में कुल खंडों की संख्या 6,618 है। इनमें से शाखायुक्त खंडों की संख्या वर्ष 2024 में 5,868 थी जो वर्ष 2025 में बढ़कर 6,112 हो गई है। साथ ही, कुल 58,939 मंडलों में से 30,770 मंडलों में संघ की शाखा लगाई जा रही है। देश भर में महानगरों के अतिरिक्त कुल 2,556 नगर हैं। इन नगरों में से 2,476 नगरों में संघ की शाखा पहुंच गई है।

संघ द्वारा विभिन्न श्रेणियों यथा चिकित्सक, अधिवक्ता, शिक्षक, सेवा निवृत अधिकारी एवं कर्मचारी, पत्रकार, प्रोफेसर, युवा उद्यमी जैसी श्रेणीयों के लिए साप्ताहिक मिलन कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। आज देश भर में 32,147 साप्ताहिक मिलन लगाए जा रहे हैं। साथ ही, संघ मंडलियों का गठन भी किया गया है और आज देश भर में 12,091 संघ मंडलियां भी नियमित रूप से लगाई जा रही हैं। भारत में संघ द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न सेवा कार्यों को सम्पन्न करने की दृष्टि से 37,309 सेवा बस्तियां हैं। इनमें से 9,754 सेवा बस्तियां संघ की शाखा से युक्त हैं।

संघ के स्वयसेवकों को प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से देश भर में प्राथमिक शिक्षा वर्ग भी लगाए जाते हैं। वर्ष 2023-24 में कुल 1,364 प्राथमिक शिक्षा वर्ग लगाए गए एवं इन प्राथमिक शिक्षा वर्गों में 31,070 शाखाओं के 106,883 स्वयंसेवकों ने भाग लिया।

वैश्विक पटल पर भी संघ का कार्य द्रुत गति पकड़ता दिखाई दे रहा है। विश्व के अन्य देशों में हिंदू स्वयंसेवक संघ कार्य कर रहा है। आज विश्व के 53 देशों में 1,604 शाखाएं एवं 60 साप्ताहिक मिलन कार्यरत हैं। पिछले वर्ष 19 देशों में 64 संघ शिक्षा वर्ग लगाए गए। विश्व के 62 विभिन्न स्थानों पर संस्कार केंद्र भी कार्यरत हैं। जर्मनी से इस वर्ष 13 विस्तारक भी निकले हैं। हिंदू स्वयंसेवक संघ के माध्यम से भारत से नई उड़ान भर रहे युवाओं को जोड़ा जाता है ताकि एक तो विदेशों में इनकी कठिनाईयों को दूर किया जा सके तथा दूसरे इनमें सनातन संस्कृति के भाव को जागृत किया जा सके। साथ ही, इन युवाओं के भारत में रह रहे बुजुर्ग माता पिता से भी सम्पर्क बनाया जाता है। संघ के स्वयंसेवक भारत में इनकी समस्याओं को हल करने का प्रयास भी करते हैं। भारत में धार्मिक पर्यटन पर आने वाले भारतीय मूल के नागरिकों की सहायता भी संघ के स्वयंसेवकों द्वारा किए जाने का प्रयास किया जाता है तथा भारतीय मूल के नागरिक यदि भारत में वापिस आकर बसने के बारे में विचार करते हैं तो उन्हें भी इस सम्बंध में उचित सहायता उपलब्ध कराए जाने का प्रयास किया जाता है।

कुल मिलाकर आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हिंदू सनातन संस्कृति को भारत के जन जन के मानस में प्रवाहित करने का कार्य करने का प्रयास कर रहा है ताकि प्रत्येक भारतीय के मन में राष्ट्रीयता की भावना जागृत हो एवं उनके लिए भारत प्रथम प्राथमिकता बन सके। यह कार्य संघ की शाखाओं में प्रशिक्षित होने वाले स्वयसेवकों द्वारा समाज के बीच में जाकर करने का सफल प्रयास किया जा रहा है। और, यह कार्य आज पूरे विश्व में शांति स्थापित करने के लिए एक आवश्यक आवश्यकता भी बन गया है। (लेखक सेवानिवृत्त उपमहाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक)

# ग्लेशियर संरक्षण जल संकट का प्रभावी समाधान

(ललित गर्ग)।

जल जीवन के लिये सर्वाधिक महत्वपूर्ण है, जिन पाँच तत्वों को जीवन का आधार माना गया है, उनमें से एक तत्व जल है। जल के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। मानव एवं जीव-जन्तुओं के अलावा जल कृषि के सभी रूपों और अधिकांश औद्योगिक उत्पादन प्रक्रियाओं के लिये भी बेहद आवश्यक है।

दुनिया के सामने स्वच्छ जल की समस्या गंभीर से गंभीरतर होती जा रही है। जल प्रदूषण एवं पीने के स्वच्छ जल की निरन्तर घटती मात्रा को लेकर बड़े खतरे खड़े हैं। धरती पर जीवन के लिये जल सबसे जरूरी वस्तु है, जल है तो जीवन है। जल ही किसी भी प्रकार के जीवन और उसके अस्तित्व को संभव बनाता है। जल के महत्व एवं उसकी बढ़ती समस्याओं के समाधान की दिशाएं उद्घाटित करने के लिये ही प्रतिवर्ष विश्व जल दिवस 22 मार्च को मनाया जाता है। यह कोरा एक वार्षिक उत्सवभर नहीं है, बल्कि आन्दोलन है, जिसका उद्देश्य मीठे पानी के महत्व को उजागर करना और जल संसाधनों के सतत प्रबंधन का समर्थन करना है। 1993 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा स्थापित यह दिवस वैश्विक जल चुनौतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाता है, जिसमें स्वच्छ पेयजल तक पहुँच, स्वच्छता और पानी की कमी शामिल है। इस वर्ष की जल दिवस की थीम है 'ग्लेशियर संरक्षण', जो जलवायु परिवर्तन के विनाशकारी प्रभावों से दुनिया के जमे हुए जल संसाधनों की रक्षा करने की आवश्यकता पर जोर देती है। ग्लेशियरों का पिघलना तेज हो रहा है, जिससे जल चक्र बाधित हो रहा है और अरबों लोगों के लिए जीवन के अस्तित्व से जुड़े जल की सुरक्षा को खतरा है।

विश्व जल दिवस संयुक्त राष्ट्र की एक पहल है जिसका उद्देश्य मीठे पानी के महत्व को उजागर करना और जल संसाधनों के सतत प्रबंधन का समर्थन करना है। 1993 में स्थापित, यह वैश्विक जल मुद्दों को संबोधित करने की महत्वपूर्ण आवश्यकता की याद दिलाता है, खासकर जब दुनिया भर में 2.2 बिलियन लोगों के पास सुरक्षित रूप से प्रबंधित पेयजल तक पहुंच नहीं है।

आज जलवायु परिवर्तन के कारण ग्लेशियर पहले से कहीं अधिक तेजी से पिघल रहे हैं। अरबों लोगों के लिए पिघले पानी का प्रवाह बदल रहा है, जिससे बाढ़, सूखा, भूस्खलन और समुद्र का जलस्तर बढ़ रहा है। अनगिनत समुदाय और पारिस्थितिकी तंत्र विनाश के खतरे में हैं। कार्बन उत्सर्जन में वैश्विक कटौती तथा सिकुड़ते ग्लेशियरों के अनुकूलन के लिए स्थानीय रणनीतियां आवश्यक हैं। इस वर्ष के विश्व जल दिवस अभियान का उद्देश्य जलवायु परिवर्तन और वैश्विक जल संकट से निपटने के लिए कार्ययोजना



के केंद्र में ग्लेशियर संरक्षण को रखने के लिए मिलकर काम करना है।

दुनिया की आबादी आठ अरब से अधिक हो चुकी है। इसमें से लगभग आधे लोगों को साल में कम से कम एक महीने पानी की भारी कमी का सामना करना पड़ता है। जलवायु परिवर्तन के कारण 2000 से बाढ़ की घटनाओं में 134 प्रतिशत वृद्धि हुई है और सूखे की अवधि में 29 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। पैकेट और बोतल बन्द पानी आज विकास के प्रतीकचिह्न बनते जा रहे हैं और अपने संसाधनों के प्रति हमारी लापरवाही अपनी मूलभूत आवश्यकता को बाजारवाद के हवाले कर देने की राह आसान कर रही है। विशेषज्ञों ने जल को उन प्रमुख संसाधनों में शामिल किया है, जिन्हें भविष्य में प्रबंधित करना सबसे चुनौतीपूर्ण कार्य होगा। सदियों से निर्मल जल का स्त्रोत बनी रहीं नदियाँ प्रदूषित हो रही हैं, जल संचयन तंत्र बिगड़ रहा है, और भू-जल स्तर लगातार घट रहा है। धरती पर सुरक्षित और पीने के पानी के बहुत कम प्रतिशत के आंकलन के द्वारा जल संरक्षण या जल बचाओ अभियान हम सभी के लिये बहुत जरूरी हो चुका है। औद्योगिक कचरे की वजह से रोजाना पानी के बड़े स्त्रोत प्रदूषित हो रहे हैं।

# टीबी के खिलाफ तेज करनी होगी जंग

**भारत काफी लंबे समय से टीबी नामक बिमारी से जंग लड़ रहा है। लेकिन अब टीबी को लेकर एक डरावनी स्टडी सामने आई है। जर्नल प्लस मेडिसीन की स्टडी के मुताबिक भारत में अनुमान है कि 2021 से 2040 तक टीबी के 6 करोड़ केस और 80 लाख मौतें हो सकती है। स्टडी के मुताबिक भारत को इस बिमारी के चलते न सिर्फ जान का नुकसान होगा बल्कि सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) को 146 अरब डॉलर से अधिक का नुकसान होने की संभावना है।**

(रमेश सर्राफ धमोरा)

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने वैश्विक क्षय रोग (टीबी) रिपोर्ट 2024 जारी किया है। जिसमें 2024 में दुनिया की 99 प्रतिशत से अधिक आबादी और टीबी के मामलों वाले 193 देशों के डाटा की रिपोर्ट को शामिल किया गया है।

भारत काफी लंबे समय से टीबी नामक बिमारी से जंग लड़ रहा है। लेकिन अब टीबी को लेकर एक डरावनी स्टडी सामने आई है। जर्नल प्लस मेडिसीन की स्टडी के मुताबिक भारत में अनुमान है कि 2021 से 2040 तक टीबी के 6 करोड़ केस और 80 लाख मौतें हो सकती है। स्टडी के मुताबिक भारत को इस बिमारी के चलते न सिर्फ जान का नुकसान होगा बल्कि सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) को 146 अरब डॉलर से अधिक का नुकसान होने की संभावना है। लंदन स्कूल ऑफ हाइजीन एंड ट्रॉपिकल मेडिसिन यूके के रिसर्चर ने कहा कि इसके चलते कम आय वाले मिडिल क्लास परिवार ज्यादा संकट में है। उनको स्वास्थ्य संबंधी बोझ झेलना पड़ सकता है। जबकि अमीर परिवारों को आर्थिक बोझ झेलना पड़ सकता है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने वैश्विक क्षय रोग (टीबी) रिपोर्ट 2024 जारी किया है। जिसमें 2024 में दुनिया की 99 प्रतिशत से अधिक आबादी और टीबी के मामलों वाले 193 देशों के डाटा की रिपोर्ट को शामिल किया गया है। यह रिपोर्ट वैश्विक, क्षेत्रीय और देश स्तर पर टीबी महामारी एवं रोग की रोकथाम, निदान और उपचार में प्रगति का व्यापक व अद्यतन मूल्यांकन प्रदान करती है। रिपोर्ट के मुख्य निष्कर्ष के अनुसार 2023 में भारत में लगभग 25.2 लाख टीबी के मामले सामने आये थे। जो 2022 में 24.2 लाख मामलों से अधिक थे। भारत और इंडोनेशिया में वर्ष 2021 से 2023 तक टीबी के वैश्विक मामलों में कुल वृद्धि 45 प्रतिशत थी। दुनिया के पांच देश भारत, इंडोनेशिया चीन, फिलीपींस, पाकिस्तान में टीबी के कुल वैश्विक मरीजो के 56 प्रतिशत थे।

भारत में वर्ष 2015 से 2023 के मध्य टीबी के मामलों में 18 प्रतिशत की गिरावट देखी गई है। यह विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा वर्ष 2025 तक 50 प्रतिशत कमी के लक्ष्य से बहुत कम है। इसी प्रकार टीबी से संबंधित मौतों में 75 प्रतिशत के लक्ष्य के मुकाबले केवल 24 प्रतिशत की कमी आई है। वैश्विक स्तर पर 2023 में 82 लाख लोगों में टीबी के नए मामलें देखे गए। यह वर्ष 1995 में डब्ल्यूएचओ द्वारा निगरानी शुरू करने के बाद से सबसे अधिक संख्या है। 2023 में टीबी कोविड-19 को पीछे छोड़ते हुए पुनः प्रमुख संक्रामक रोग बन गया है।

टीबी एक संक्रामक बीमारी है। जो संक्रमित लोगों के खांसने, छींकने या थूकने से फैलती है। यह आमतौर पर फेफड़ों को प्रभावित करती है। लेकिन यह शरीर के किसी भी हिस्से में फैल सकती है। इस बीमारी का इलाज तो है बशर्ते




लोग नियमित रूप से दवा लें। हर वर्ष 24 मार्च को पूरे विश्व में टीबी (विश्व क्षय रोग) दिवस मनाया जाता है। इस दिन टीबी यानि तपेदिक रोग के बारे में लोगों को जागरूक किया जाता है। भारत में बहुत बड़ी आबादी गरीबी रेखा के नीचे जीवन गुजार रही है। देश में जब तक गरीबी दूर नहीं होगी तब तक टीबी पर पूर्णतया रोक नहीं लग पायेगी।

एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में स्वास्थ्य सेवा का बड़ा ढांचा कमजोर है और स्वास्थ्य कर्मचारियों की भारी कमी है। इसके अलावा बीमारी का शुरुआती दौर में पता लगने में दिक्कत और सही इलाज का मिलना चुनौती बनी हुई है। विश्व में भारत पर टीबी का बोझ सबसे अधिक है। यही वजह है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में टीबी उन्मूलन को प्राथमिकता के तौर पर लिया गया है। इसका उद्देश्य टीबी के नए मामलों में 95 प्रतिशत की कमी करना और टीबी से मृत्यु में 95 प्रतिशत की कमी लाना है। देश में जिन टीबी रोगियों का इलाज चल रहा है उन्हें सरकार द्वारा 500 रुपए प्रतिमाह नगद सहायता के रूप में दिए जा रहें हैं। टी.बी माइक्रोबैक्टीरियम नामक बैक्टीरिया की वजह से होता है। यह बैक्टीरिया फेफड़ों में उत्पन्न होकर उसमें घाव कर देते हैं। यह कीटाणु फेफड़ों, त्वचा, जोड़ों, मेरूदण्ड, कण्ठ, हड्डियों, अंतडियों आदि पर हमला कर सकते हैं। दुनिया में छह-सात करोड़ लोग इस बीमारी से ग्रस्त हैं और हर वर्ष 25 से 30 लाख लोगों की इससे मौत हो जाती है। दुनिया में बीमरियों से मौत के 10 शीर्ष कारणों में टीबी को प्रमुख बताया गया है।

एक अनुमान के मुताबिक भारत में रोजाना करीब आठ सौ लोगों की मौत टीबी की वजह से हो जाती है। भारत में टीबी के करीब 10 प्रतिशत मामले बच्चों में हैं। लेकिन इसमें से केवल छह प्रतिशत मामले ही सामने आते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि भारत में टीबी के केवल 58 प्रतिशत मामले ही दर्ज होते हैं। एक तिहाई से ज्यादा मामले या तो दर्ज ही नहीं होते हैं या उनका इलाज नहीं हो पाता है। इसका बड़ा कारण यह है कि गैर सरकारी सेक्टर के अस्पतालों में टीबी को दर्ज किए जाने का अब तक कोई सिस्टम नहीं बना पाना है। संगठन का ऐसा अनुमान है कि ऐसे तकरीबन दस लाख और टीबी मरीज देश में है जिन्हें पहचाना ही नहीं जा सका है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा है कि भारत टीबी से निपटने को लेकर गंभीर नहीं है। अपनी ग्लोबल टीबी रिपोर्ट में उसने हमारे आंकड़ों पर भी सवाल उठाया है। उसके मुताबिक भारत ने टीबी के जितने मामले बताए हैं। वास्तव में मरीज उससे कहीं ज्यादा हैं। भारत के गलत आंकड़ों की वजह से इस रोग का विश्वस्तरीय आकलन सही ढंग से नहीं हो पाया है। पिछले कुछ समय से टीबी के कई नए रूप सामने आ गए हैं। कई मानसिक बीमारियां टीबी का बड़ा कारण बनकर उभरी हैं। इस बीमारी को लेकर हमे नजरिया बदलने की जरूरत है। सरकार को परम्परागत तौर-तरीके से बाहर निकलना होगा। टीबी से निपटने के लिए सरकार को निजी क्षेत्र के साथ मिलकर व्यापक योजना बनानी होगी।

टीबी का संबंध पोषण से जुड़ा रहता है। भूखे पेट रोगों से लड़ने की क्षमता कम हो जाती है। इसलिए टीबी की बीमारी के शिकार गरीब तबके के लोग ज्यादा होते हैं। पोषण से मतलब संतुलित भोजन से माना जाना चाहिए। इसलिए यहां पर केवल टीबी का इलाज मुहैया करा भर देने से टीबी का खात्मा संभव नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### न्यायाधीश ने दर्जनों लाभुकों के बीच किया परिसंपत्तियों का वितरण

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झालसा के तत्वाधान में 15 दिसंबर 2024 से 14 मार्च 2025 तक चले 90 दिवसीय जागरूकता एवं आउटरिच अभियान के तहत चिह्नित किए गए हैं। दर्जनों लाभुकों के बीच बुधवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार वीरेंद्र कुमार तिवारी ने कुल 9 लाख 2 हजार की परिसंपत्तियों का वितरण किया। इस बाबत जानकारी देते हुए न्यायाधीश तिवारी ने बताया कि झालसा के निर्देश पर धनबाद जिले के सभी प्रखंडों में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन कर आमजन मानस को सशक्त बनाने हेतु अभियान चलाया गया था। जिसमें लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़ा गया वहीं



अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा राकेश रोशन ने बताया कि झरिया एवं धनबाद अंचल के झुगी झोपड़ी में रह रहे संगठित एवं असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को अधिकार मित्र के माध्यम से चिन्हित किया गया। जो की सरकारी योजनाओं से वंचित थे। उन सभी को श्रम विभाग द्वारा दी जा रही छात्रवृत्ति योजना, कन्यादान योजना, प्रसूति योजना का लाभ दिलाया गया लाभुको मे मुनी बाला देवी,रीता कोडा,रेणु देवी, प्रियंका देवी, ज्योति देवी, संगीता देवी नूपुर, कोमल,गुड़िया ,सुनीता तथा अन्य शामिल थे।

### 31 मार्च तक करायें खाद्यान्न का वितरण : डीएसओ

**जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने सहायक गोदाम प्रबंधक और प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों के साथ की बैठक**

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कू आज समाहरणालय स्थित एनआईसी सभागार में जिले के सभी सहायक गोदाम प्रबंधक और प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान आपूर्ति पदाधिकारी ने माह मार्च 2025 का राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम से अच्छादित लाभुकों और ऋग्मएठ फ्क्ळए वितरण की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने आगामी पर्व-त्यौहार के मद्देनजर खाद्यान्न वितरण कार्य में प्रगति लाने का निदेश दिया। साथ ही ई-केवाईसी शत प्रतिशत कराने और सोना-सोबरन धोती-साड़ी वितरण योजना अंतर्गत वस्त्रों का वितरण भी 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से करने का निदेश दिया। बैठक में सभी सहायक गोदाम प्रबंधकों को गोदाम संचालन प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायी गयी। आपूर्ति पदाधिकारी ने गोदाम में अनाज का बेहतर रखरखाव करने एवं रजिस्टर को अद्यतन करने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि 5 अप्रैल के बाद वे खुद गोदाम का औचक निरीक्षण करेंगी और उसकी अद्यतन स्थिति की जानकारी लेंगी।



### उत्तराखंड की तर्ज पर झारखंड में भी आन्दोलनकारियों को पेंशन का लाभ दे सरकार



**टुण्डी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** झारखंड विधानसभा के मुख्य सचेतक सह सतारूढ़ दल के वरिष्ठ विधायक मथुरा प्रसाद महतो द्वारा झारखंड विधानसभा सत्र के शून्यकाल में आसन्न के माध्यम से उत्तराखंड सरकार की तर्ज पर झारखंड में भी आन्दोलनकारियों को पेंशन योजना लागू करने की मांग आज सत्र में जोरदार रूप से उठाया। उन्होंने विभागीय मंत्री से जानना चाहा कि उत्तराखंड में सभी आन्दोलनकारियों जो जेल यात्रा पर गए उसके लिए 6000 एवं जेल नहीं जाने वाले को 4500 रूपए तत्काल सरकार दे रही है क्या झारखंड में इस तरह की योजना को लागू करने के लिए वर्तमान सरकार ने क्या इस तरह की कार्ययोजनाएं बनायीं है साथ ही अब तक कितने लोगों को सरकार नौकरियां उपलब्ध कराई है सदस्य द्वारा किए गए प्रश्नों का सही उत्तर विभागीय मंत्री देने में असमर्थ रहे जिससे सदस्य द्वारा कई तरह की प्रश्नों की बौछार किया गया जिसमें विभागीय मंत्री उत्तर देने में असफल रहे। बताते चलें कि लगातार अपने विधानसभा क्षेत्रों की ज्वलंत मुद्दों को लेकर वर्तमान विधायक काफी सक्रिय दिखे एवं जनहित मुद्दों को लेकर विधानसभा सत्र में लगातार प्रश्नों की बौछार किया।

### श्रमिकों को चिकित्सा सहायता योजना व मातृत्व प्रसुविधा योजना में लाभ दिलाने हेतु बैठक सम्पन्न

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज-सह-अस्पताल अधीक्षक डॉ अजय कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को अधीक्षक कार्यालय में श्रम अधीक्षक एतवारी महतो ने चिकित्सकों के साथ एक बैठक आयोजित की।बैठक का उद्देश्य



झारखंड भवन एवम अन्य सन्निर्माण एवम कर्मकार बोर्ड अंतर्गत निबंधित श्रमिकों के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी और उन में सुधार हेतु सुझाव प्राप्त करना था।बैठक के दौरान श्रम अधीक्षक एतवारी महतो ने बताया कि चिकित्सा सहायता योजना के तहत डॉक्टर द्वारा दिये गए बेड रेस्ट के आधार पर श्रमिकों को अधिकतम 40 दिनों की मजदूरी का भुगतान किया जा सकता है।इसके अलावा चिकित्सा प्रतिपूर्ति योजना के अंतर्गत गंभीर बीमारियों की स्थिति में जिला स्तरीय मेडिकल बोर्ड की अनुशंसा पर श्रमिकों के रोग की स्थिति के अनुसार अधिकतम ढाई लाख रुपए तक की राशि सहायता के रूप में प्रदान की जा सकती है।महिला श्रमिकों के लिए संचलित योजनाओं पर विशेष चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि प्रथम दो प्रसूति अवस्थाओं में महिला श्रमिकों को पन्द्रह हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।उन्होंने चिकित्सकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि उनके सकारात्मक प्रयास से इस संख्या में और भी अधिक इजाफा हो सकता है।अधीक्षक,मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज-सह-अस्पताल, पलामू ने सभी चिकित्सकों की ओर से पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया और शीघ्र एवम सही पहल का आश्वासन दिया।इस अवसर पर सभी चिकित्सा प्रभारी समेत अन्य उपस्थित रहे।

### आंगनबाड़ी सेविकाओं को स्मार्ट फोन उपलब्ध कराना आधुनिक सूचना तंत्र से जोड़ने का प्रयासः उप विकास आयुक्त

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला समाज कल्याण विभाग की ओर से आज पलामू जिला में कार्यरत आंगनबाड़ी सेविकाओं, महिला पर्यवेक्षिकाओं एवं प्रखंड समन्वयक को स्मार्ट फोन प्रदान किया गया। महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा एक ओर जहां रांची में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री द्वारा




स्मार्टफोन प्रदान किया गया। वहीं पलामू के समाहरणालय सभागार में आयोजित एक सादे समारोह में उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने पोषण अभियान के तहत प्रतिकात्मक रूप से आंगनबाड़ी सेविकाओं, महिला पर्यवेक्षिका एवं पोषण अभियान से जुड़े प्रखंड समन्वयक को स्मार्टफोन एवं उससे जुड़े सामग्री प्रदान किया। उप विकास आयुक्त ने कहा कि आंगनबाड़ी सेविकाओं, पर्यवेक्षिकाओं एवं प्रखंड समन्वयक को आधुनिक सूचना तंत्र से जोड़ने के लिए सरकार का यह बड़ा प्रयास है। स्मार्ट फोन मिलने से आंगनबाड़ी से संबंधित रिपोर्ट प्रतिदिन जिला और विभाग को साझा करने में आसानी होगी। उन्होंने कहा कि स्मार्ट फोन मिलने से आंगनबाड़ी सेविका, पर्यवेक्षिकाएं अपने काम को और बेहतर बनाएंगे। उन्होंने सभी से अपने कार्य-दायित्वों का सरल, सुलभ एवं इमानदारी पूर्वक निर्वहन कर समार्टफोन दिए जाने के उद्देश्यों को पूर्ण करने की बातें कही। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्रों को समय से खोलने, बच्चों को षिक्षा प्रदान करने, उन्हें पौष्टिक पोषाहार उपलब्ध कराने एवं जरूरी फोटोग्राफ और प्रतिदिन की रिपोर्ट विभाग के अधिकृत प्लेटफॉर्म (पोषण ट्रैकर) पर साझा करने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि स्मार्ट फोन मिलने से पोषण ट्रैकर में डाटा इंट्री करने, फेस ऑथेंटिकेशन और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के क्रियान्वयन में सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि उत्कृष्ट कार्य कर जिला एवं राज्य में अपना नाम रोशन करें। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने कहा कि जिले में 2625 आंगनबाड़ी सेविका, 30 पर्यवेक्षिका एवं 1 प्रखंड समन्वयक हैं। सरकार के निदेशानुसार इन सभी को स्मार्टफोन, डस्ट प्रूफ पाउच, बैक कवर, टेम्पर्ड ग्लास एवं एडॉप्टर उपलब्ध कराया गया है। स्मार्टफोन मिलने से सभी डिजिटल रूप से सक्षम बन सकेंगी। वहीं प्रत्येक दिन की गतिविधियां विभाग को आसानी से साझा कर सकेंगी। कार्यक्रम में माननीय विधायक के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

# बैंक के रिकवरी एजेंट को गिरफ्तार कर ले जा रही सीबीआई की टीम पर हमला, तीन चोटिल

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बैंक के रिकवरी एजेंट को ट्रैप करने पहुंची धनबाद सीबीआई एंटी करप्शन की टीम पर लोगों ने हरला थाना क्षेत्र के कालीबाड़ी के पास हमला कर दिया। इस हमले में सीबीआई टीम के तीन सदस्य घायल हो गए। वहीं इस मामले में रिकवरी एजेंट धनराज चौधरी को सीबीआई टीम ने रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया है। सीबीआई की टीम ने इस मारपीट की घटना को लेकर हरला थाना में मामला दर्ज कराया है। टीम के तीन घायल सदस्यों का इलाज बोकारो जनरल अस्पताल में किया गया है। जिनका नाम विपिन प्रमाणिक,तपन दुबे और दिनेश्वर पाल है। जानकारी के मुताबिक झारखंड ग्रामीण बैंक से एक व्यक्ति ने ट्रैक्टर लोन पर लिया था। लोन नहीं चुका पाने के कारण ट्रैक्टर को रिकवरी एजेंट धनराज चौधरी ने रिकवरी कर रखा था। ट्रैक्टर मालिक के द्वारा बैंक में पैसे चुकाने के बाद ट्रैक्टर को रिलीज कर दिया गया था। लेकिन रिकवरी एजेंट के द्वारा ट्रैक्टर को वापस देने की एवज में बैंक अधिकारी और खुद के नाम पर पैसे की मांग की जा रही थी। जिसकी शिकायत पीड़ित ने धनबाद सीबीआई एंटी करप्शन को थी। यह कार्रवाई आज सुबह की गई। पहले धनराज चौधरी को पैसे देते रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। उसके बाद उसे गाड़ी में बैठकर ले जाने का काम किया जा रहा था। इसी दौरान कालीबाड़ी के पास लोगों का



हुजूम मौके पर पहुंचा और सीबीआई की टीम पर हमला कर दिया। इस दौरान सीबीआई की टीम मौके से जान बचाकर भागी। टीम मौके से जान बचाकर आरोपी धनराज चौधरी को लेकर बोकारो निवास पहुंची जहां उससे पूछताछ की जा रही थी। उसके बाद हरला थाना पहुंचकर मामले की लिखित शिकायत की हरला थाना से सीबीआई की टीम धनराज चौधरी के सेक्टर 9 डी स्ट्रीट नंबर -36 आवास संख्या 804 पहुंची जहां मौके से ट्रैक्टर को भी जप्त किया गया है और अन्य कागजातों को भी खंगालने का काम किया जा रहा है। इस दौरान सीबीआई के अधिकारियों ने मीडिया से कुछ भी बोलने से मना कर दिया। हरला थाना प्रभारी अनिल कश्यप ने बताया कि कार्रवाई के दौरान सीबीआई की टीम से मारपीट की गई है। लिखित शिकायत दी गई है। मामले की जांच की जा रही है।

## महिला आरक्षण विधेयक के क्रियान्वयन की मांग को लेकर महिला कांग्रेस ने दिया धरना



**उपायुक्त के माध्यम से राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन**

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद के रणधीर वर्मा चौक पर धनबाद जिला महिला कांग्रेस कमिटी की जिलाध्यक्ष सीता राणा के नेतृत्व में महिला आरक्षण विधेयक के क्रियान्वयन, ओ बी सी महिला को आरक्षण देने और महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। जिसमें सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया। महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष सीता राणा ने धनबाद उपायुक्त के माध्यम से राज्यपाल को एक ज्ञापन सौंपा।धरना में धनबाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि महिलाओं की आबादी आधी है। ऐसे में महिलाओं को राजनीति में उनका हक मिलना चाहिए। स्व राजीव गांधी ने महिलाओं को पंचायत और निकाय चुनाव में पचास फीसदी आरक्षण देकर संबल प्रदान किया। राजनीति में हिस्सेदारी दी। महिलाओं के राजनीति में भागीदारी मिलने से समाज और देश में नई ऊर्जा का संचार होगा। महिला मजबूत होगी तो समाज और देश भी मजबूत होगा। महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ना लोकतंत्र की मजबूती का परिचायक बनेगा। वहीं धनबाद जिला महिला कांग्रेस कमिटी की जिलाध्यक्ष सीता राणा ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा जी और झारखंड प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह के निदेर्शानुसार एक दिवसीय धरना के माध्यम से महिला आरक्षण विधेयक को लागू करने महिला सुरक्षा को सुनिश्चित करने की मांग रखी गई है। भाजपा सरकार महिलाओं को धोखा दे रही है। महिला आरक्षण विधेयक को लोकसभा और राज्यसभा से पास कर दिया गया। लेकिन परिसीमन की बाध्यता जोड़ने के कारण इसका लाभ महिलाओं को विगत चुनाव में नहीं मिला और आने वाले चुनाव में भी भाजपा सरकार नहीं चाहती है कि महिलाओं की भागीदारी राजनीति में बढ़े। देश में जनगणना 2011 में हुआ। कोविड के कारण 2021 में जनगणना नहीं कराई गई। वर्तमान तक जनगणना को लेकर कोई तैयारी सरकार की नहीं है। ऐसे में 15 साल के लिए महिला आरक्षण विधेयक प्रभावी नहीं रह जाएगा। यह महिलाओं के साथ षड्यंत्र और धोखा है।धरना में धनबाद नगर कांग्रेस अध्यक्ष मृत्युंजय सिंह,बबीताशर्मा, रामदुलारी देवी,गीता सिंह, हेमंती जयसवाल, पुनम देवी,सुनीता निषाद,कविता धीवर, नीतू देवी,पुनम राय,रीना देवी, मुन्नी देवी,जानकी देवी, सुनीता पासवान, रिंकू कुमारी,शायना बानो,सामिया बेगम, हीरा देवी,मालती देवी, रूबी देवी,लक्ष्मी देवी, सुमा देवी,निखत,मीरा देवी,माधुरी देवी,रजनी देवी, चंद्री देवी, रोजा देवी,रूना देवी, कौशल्या देवी, गंगया देवी आदि शामिल थीं।

## राजन जी महाराज की श्री राम कथा आज से

**सिविल डिफेंस के पदाधिकारियों द्वारा वालंटियर्स को दी गई ट्रेनिंग**

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अंतर्राष्ट्रीय श्रीराम कथा वाचक राजन जी महाराज के मुखारविंद से होने वाली श्री रामकथा, बोकारो के सेक्टर 4 स्थित मजदूर मैदान में चैत्र नवरात्र के अवसर पर आज से 4 अप्रैल तक आयोजित होने जा रही है। कार्यक्रम शुरू होने से पहले सिविल डिफेंस के पदाधिकारीयों द्वारा श्री राम कथा आयोजन ट्रस्ट के वॉलिंटियर्स को सामूहिक ट्रेनिंग दी गई। ट्रेनिंग के दौरान किसी भी आपातकाल से निपटने के लिए वॉलिंटियर्स को तैयार किया गया। इस आयोजन के दौरान हजारों की संख्या में भक्तगण श्रीराम कथा श्रवण करने आएंगे इसलिए श्रीराम कथा आयोजन ट्रस्ट पूरी तरह से किसी भी आपातकाल की स्थिति से निपटने के लिए आश्वस्त होना चाहता है ताकि सभी भक्तगण निर्बाध रूप से एकाग्रचित हो श्री राम कथा का श्रवण कर पाएं। आज राजन जी महाराज का शुभागमन बोकारो की धरती पर पहली बार होने जा रहा है। इस बात को लेकर पूरे बोकारोवासी रोमांचित से भरपूर हैं एवं उनके मुखारविंद से श्री राम कथा श्रवण करने को लेकर काफी उत्साहित हैं। श्री राजन जी महाराज की कथा में बोकारो सहित आसपास के जिलों से आधिकाधिक संख्या में श्रद्धालु श्रोतागण की आने की संभावना है, जो उनकी मधुर वाणी और भावपूर्ण कथा का आनंद लेकर अपना जीवन सफल बनाएंगे। श्रीराम कथा के आयोजन के लिए मजदूर मैदान को विशेष रूप से सजाया गया है जिसमें विशाल पंडाल की भव्यता आकर्षण का मुख्य केंद्र है। श्रद्धालुओं के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं एवं सुविधाएं सुनिश्चित की जा रही हैं ताकि श्रद्धालुगण बिना किसी व्यवधान के श्रीराम कथा का श्रवण कर अपना जीवन धन्य कर सकें। श्रीराम कथा आयोजन ट्रस्ट बोकारो आशा करता है कि श्रीराम कथा श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ज्ञान और शांति प्रदान करेगी।



### स्कूली बच्चों को प्रश्न पत्र उपलब्ध कराने का मामला विधानसभा सत्र में गूंजा

**टुण्डी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** झारखंड विधानसभा सत्र के कार्यवाही के दौरान झारखंड विधानसभा के मुख्य सचेतक सह सतारूढ़ दल के जुझारू विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने शून्यकाल के उपरांत आसन के माध्यम से सरकार का उन सभी अध्ययनरत छात्र छात्राओं की और ध्यान आकृष्ट कराया जो कक्षा प्रथम से लेकर सप्तम की कक्षा में है। विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि राजकीय प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा प्रथम से लेकर सप्तम तक के सभी छात्र छात्राओं को निजी स्कूलों के तर्ज पर प्रश्न पत्र उपलब्ध कराने का मांग करते हुए कहा कि यह बच्चों के हित को देखते हुए सरकार ठोस निर्णय लें जिससे बच्चों का भविष्य निखर सकें तथा जनहित में इसे अति आवश्यक की श्रेणी में रखा जाएं।

## जिला स्तरीय पीएम श्री विद्यालय समागम 2025 का भव्य आयोजन

**उपायुक्त ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का किया शुभारंभ**

**खूंटी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, खूंटी के परिसर में जिला स्तरीय पीएम श्री (प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया) विद्यालय समागम 2025 का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त श्री लोकेश मिश्रा मुख्य रूप से कार्यक्रम में शामिल हुए। मौके पर उपस्थित अनुमंडल पदाधिकारी सुश्री दीपेश कुमारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी श्रीमती अपरूपा पाल चौधरी एवं अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी श्री अमित कुमार संग संयुक्त रूप से उपायुक्त ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। जिला शिक्षा पदाधिकारी श्रीमती अपरूपा पाल चौधरी ने स्वागत भाषण देते हुए पीएम श्री विद्यालयों की विशेषताओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में खूंटी जिले के 8 चयनित पीएम श्री विद्यालयों के प्रभारी प्रधानाध्यापक और विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्षों को उपायुक्त द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि पीएम श्री विद्यालयों को जिला प्रशासन की ओर से हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने इसे जिले के अन्य विद्यालयों के लिए "मॉडल स्कूल" के रूप में स्थापित करने की आवश्यकता पर भी बल दिया। उपायुक्त ने विद्यालय प्रबंधन से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर जोर देने एवं अन्य विद्यालयों के लिए उदाहरण प्रस्तुत करने की बात कही। इस समागम में 10 स्टॉल लगाए गए, जिनमें FLN Math, हिंदी, इंग्लिश, विज्ञान प्रदर्शनी, अटल टिंकरिंग लैब, संपर्क टीवी आदि शामिल थे। उपायुक्त ने एक-एक कर सभी स्टॉल का निरीक्षण किया। वहीं कार्यक्रम के पहले दिन कल्चरल एक्सचेंज प्रोग्राम का आयोजन किया गया, जिसमें पीएम श्री विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने राजस्थान, असम, बंगाल आदि राज्यों की लोकनृत्य, भाषा और संस्कृति की मनमोहक प्रस्तुति दी। इसके अलावा, बनारस से आई कठपुतली कला मंडली ने "धरती आबा बिरसा मुंडा" की जीवनी पर आधारित नाटक का मंचन किया। जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि दो दिवसीय इस कार्यक्रम के दूसरे दिन यानी कल 27 मार्च को FLN मेला, बिरसा मुंडा लर्निंग फेस्टिवल एवं प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग का आयोजन भी किया जाएगा। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी श्री प्रदीप कुमार रवानी, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी श्री विभाग चंद्र महतो, एवं सभी प्रखंडों के प्रखंड कार्यक्रम प्राधिकारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम का संचालन प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी श्री नरेंद्र कुमार ने किया।



## आदिवासी महिला सामूहिकता 2025: पारंपरिक ज्ञान और सशक्तिकरण का उत्सव

**रांची/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आदिवासी महिला सामूहिकता, तोरपा ग्रामीण विकास समिति फॉर वीमेन की एक पहल है, जिसे स्थानीय रूप से महिला विकास केंद्र तोरपा के रूप में जाना जाता है। यह आयोजन 23 मार्च 2025 को आयोजित किया जाएगा। यह परिवर्तनकारी कार्यक्रम आदिवासी महिला नेताओं, विशेषज्ञों और सामाजिक परिवर्तनकारियों को एक मंच पर लाएगा ताकि वे आदिवासी संस्कृति, पारंपरिक ज्ञान और जमीनी सशक्तिकरण का जश्न मना सकें। यह दिनभर चलने वाला कार्यक्रम मुख्य भाषणों, पैनल चचाओं, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और विशेषज्ञ वाताओं से भरा होगा, जो महिलाओं के सशक्तिकरण, शिक्षा, आजीविका और आदिवासी विरासत के संरक्षण पर केंद्रित होगा। हमारा उद्देश्य आदिवासी समुदाय के छिपे हुए ज्ञान को सामने लाना और भूली-बिसरी परंपराओं और कहानियों को पुनर्जीवित करना है। इस आयोजन के प्रमुख आकर्षणों में कल्पना मुर्मू सोरेन, विधायक, गांडेय, झारखंड द्वारा दिया जाने वाला मुख्य भाषण शामिल है, जिसमें वे सामुदायिक विकास में आदिवासी महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डालेंगी। आजीविका के अवसरों, महिला सशक्तिकरण और शिक्षा पर केंद्रित पैनल चर्चाएं भी आयोजित की जाएंगी। अनुराधा कंदला, जो कोरापुट, ओडिशा की एक वस्त्र विशेषज्ञ हैं, पारंपरिक वस्त्रों पर एक सत्र का नेतृत्व करेंगी, जबकि डॉ. वासवी किरो पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों पर एक विशेषज्ञ वार्ता देंगी। इस आयोजन में आदिवासी समुदाय की आजीविका परंपराओं की प्रदर्शनी भी होगी, जिसमें जंगली खाद्य पौधे, बीज, फूल, फल, पारंपरिक व्यंजन और अन्य वस्तुएं प्रदर्शित की जाएंगी। इसके अलावा, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा बांस से बने हस्तशिल्प और लाख की चूड़ियों के निर्माण का लाइव प्रदर्शन भी किया जाएगा। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में बेलकिडुरा गाँव, रानिया ब्लॉक के स्वयं सहायता समूह द्वारा आदिवासी नृत्य और स्थानीय युवाओं द्वारा महान बिरसा मुंडा पर आधारित एक नाटकीय प्रस्तुति भी शामिल होगी।




## जलापूर्ति योजना की धीमी प्रगति पर नगर आयुक्त ने जताई नाराजगी

**कार्यकारी एजेंसी पर कार्रवाई की चेतावनी**

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उपायुक्त-सह-जिला जल एवं स्वच्छता समिति के अध्यक्ष शशि रंजन के निदेश पर आज समाहरणालय सभागार में नगर आयुक्त जावेद हुसैन की अध्यक्षता में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग अंतर्गत संचालित योजना यथा स्वच्छ भारत मिषन (ग्रामीण) एवं जल जीवन मिशन के कार्य की अद्यतन प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद तथा पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता-सह-जिला जल एवं स्वच्छता समिति के सदस्य सचिव कामेश्वर गुप्ता आदि उपस्थित थे। नगर आयुक्त ने समीक्षा के दौरान सभी योजनाओं की अद्यतन प्रगति की जानकारी ली। साथ ही योजनाओं को ससमय पूर्ण कराने का निदेश दिया। उन्होंने कार्य में षिथिलता बरतने वाले एजेंसियों के खिलाफ आर्थिक दण्ड लगाते हुए ब्लैक लिस्ट करने संबंधी कार्रवाई की चेतावनी दी। नगर आयुक्त ने निमिया ग्रामीण जलापूर्ति योजना, मझिगांवा ग्रामीण जलापूर्ति योजना एवं तोलरा बहु ग्रामीण जलापूर्ति योजना की धीमी प्रगति पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने संबंधित कार्यकारी एजेंसी के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि गर्मी के मद्देनजर जलापूर्ति योजनाओं के कार्य प्रगति में तेजी लाते हुए पूर्ण कराना सुनिश्चित करें, ताकि लोगों को जलापूर्ति की जा सके। उन्होंने कहा कि गर्मी के दिनों में पेयजल संकट गहराता है। योजनाएं पूर्ण नहीं होने से क्षेत्र में पेयजलापूर्ति में समस्या आएगी। टैंकर से जलापूर्ति करनी होगी। ऐसे में नगर निगम एवं स्थानीय प्रशासन को अतिरिक्त वित्तीय भार पड़ेगा। ससमय योजनाओं को पूर्ण होने से अतिरिक्त वित्तीय भार से बचा जा सकता है। ऐसे में कार्य में प्रगति लाकर शीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत चल रहे ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन के तहत ओडीएफ प्लस आदर्श पंचायत के रूप में पंचायतों को मॉडल पंचायत बनाने का निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध कार्य में प्रगति लाने का भी निदेश दिया। उन्होंने शत प्रतिशत गांवों को फाइव स्टार श्रेणी में ओडीएफ प्लस घोषित किये जाने का लक्ष्य प्राप्त करना सुनिश्चित करने हेतु ठोस पहल करने का निदेश दिया। साथ ही प्रखंड स्तरीय प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाई एवं गोबर गैस प्लॉट का निर्माण कार्य कराने का निदेश कार्यपालक अभियंता को दिया। बैठक में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के कर्मी एवं जलापूर्ति योजना का निर्माण कार्य करा रही एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित थे।




## शांति समिति की बैठक : उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने आगामी ईद, सरहुल एवं रामनवमी की अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं




**● त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दे, शांति बनाए रखने में जिला प्रशासन को सहयोग करें : उपायुक्त**
**● जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क, ड्रोन के माध्यम से रहेगी पैनी नजर : उपायुक्त**
**●सोशल मीडिया पर भी रखी जाएगी पैनी नजर, अफवाह फैलाने या आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों के विरुद्ध होगी कार्रवाई : उपायुक्त**
**●त्योहारों के दौरान किसी भी घटना की सूचना या सहायता हेतु टॉल फ्री नंबर 112 पर करें सम्पर्क : पुलिस अधीक्षक**

**खूंटी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आगामी ईद, सरहुल एवं रामनवमी पर्व को ध्यान में रखते हुए जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आज नगर भवन, खूंटी में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त श्री लोकेश मिश्रा ने की। बैठक में उपायुक्त ने उपस्थित ईद कमिटी, सरहुल कमिटी एवं रामनवमी कमिटी, शांति समिति के सभी सदस्यों, विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं जिले के गणमान्य नागरिकों से त्योहारों के दौरान सामाजिक सौहार्द और आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान शांति और सौहार्द बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है, जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है, सभी आवश्यक तैयारियां कर ली गई हैं। आमजनों से विशेष अपील है कि शांति एवं सौहार्द बनाए रखते हुए आपसी प्रेम, भाईचारे और एकता के साथ त्योहार मनाए। त्योहारों के दौरान सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने हेतु सभी समुदायों से सहयोग की अपील की गई। सोशल मीडिया पर किसी भी भ्रामक या भड़काऊ संदेश से बचने और इसकी सूचना तुरंत प्रशासन को देने की सलाह दी गई। जुलूस एवं सार्वजनिक आयोजनों के लिए प्रशासन द्वारा जारी निदेर्शों का पालन करने की अपील की गई। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिले में सुरक्षा बलों एवं मजिस्ट्रेट की तैनाती की भी जानकारी दी गई। उपायुक्त ने कहा कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दे और शांति बनाए रखने में जिला प्रशासन को सहयोग करें। त्योहारों के दौरान सोशल मीडिया पर जिला प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने या आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों को बख्सा नही जाएगा, उन्हें चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी। त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घटित न हो यह जिला प्रशासन मुख्य उद्देश्य है। त्योहारों को लेकर जिला प्रशासन द्वारा कई आवश्यक मूलभूत तैयारियां भी की गई है। इनमें मुख्य रूप से पेयजल की व्यवस्था, जनरेटर, लाइट, स्वास्थ्य विभाग द्वारा चिकित्सा सुविधा, शराब पर पूर्ण पाबंदी, नगर क्षेत्र में साफ-सफाई, विद्युत आपूर्ति एवं विद्युत तार मरम्मती, आवश्यकता अनुसार मंच, फोटोग्राफी वीडियोग्राफी, ड्रोन के माध्यम स पैनी नजर रखने समेत अन्य व्यवस्था की गई है। बैठक में ईद कमिटी, सरहुल कमिटी एवं रामनवमी कमिटी के सुझावों को भी सुना गया। सभी कमिटी द्वारा अपने अपने कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। उपायुक्त ने सभी समुदाय को आपस में मिलकर शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने का अपील किया। उपायुक्त ने कहा कि आप सभी जिला प्रशासन के अंग के रूप में त्यौहारों में सक्रिय रहे, और किसी भी घटना की सूचना अविलंब प्रशासन को दें। साथ हीं विभिन्न अखाड़ों के रामनवमी समितियों के अध्यक्ष एवं सचिव को भी पूरी सक्रियता से अपने अपने जुलूस का प्रतिनिधित्व करने को कहा गया। जुलूस में डीजे पर कोई भी विवादित या अश्लील गाने न बजाने हेतु निर्देशित किया गया, जिससे विवाद उत्पन्न हो। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री अमन कुमार ने कहा कि पुलिस विभाग की ओर से तैयारियां पूर्ण है।

# 1 पर आ गया था 261 वाला रिलायंस पावर का शेयर

## अब लगातार खरीदने की लूट

### पूरी तरह कर्ज फ्री है कंपनी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अनिल धीरूभाई अंबानी समूह की रिलायंस पावर के शेयर लगातार फोकस में हैं। कंपनी के शेयरों में आज बुधवार को जबरदस्त तेजी देखी गई। पावर कंपनी के इस शेयर में आज 11 प्रतिशत से अधिक की तेजी आई। इसी के साथ यह शेयर 41.40 रुपये के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गया था।

इसका पिछला बंद प्राइस 37.23 रुपये है। बता दें कि शेयर में यह उछाल तब आया जब आज भारतीय शेयर बाजार में सुस्ती छाई रही। बीएसई पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, रिलायंस पावर के शेयरों की कुल ट्रेडिंग वॉल्यूम 53.38 लाख रही, जबकि दो सप्ताह का औसत 42.95 लाख शेयर रहा।

**कंपनी के शेयरों के हाल-** रिलायंस पावर शेयर आज 37.14 प्रति शेयर पर खुला था, जो पिछले बंद भाव 37.23 से काफी हद तक अपरिवर्तित है। हालांकि, शेयर ने जल्द ही बढ़त हासिल करते हुए 11 प्रतिशत की बढ़त के साथ दिन के उच्चतम स्तर 41.40 प्रति शेयर पर पहुंच गया। इस तेजी के बावजूद, एडीएजी समूह का शेयर पिछले साल अक्टूबर में अपने 52-सप्ताह के उच्चतम स्तर



54.25 से 24 प्रतिशत नीचे बना हुआ है। इस बीच, यह अपने 52-सप्ताह के लो 23.26 से लगभग दोगुना हो गया है। मार्च के महीने में अब तक शेयर में 24 प्रतिशत की तेजी आई है। पांच साल में यह शेयर 3400 प्रतिशत तक चढ़ गया। इस दौरान इसकी कीमत 1 रुपये से बढ़कर वर्तमान प्राइस तक पहुंच गई। हालांकि, लंबी अवधि में इसने तगड़ा नुकसान भी कराया है। 16 मई 2008 को इसकी कीमत 261 रुपये थी।

### दिसंबर तिमाही के नतीजे

रिलायंस पावर ने दिसंबर 2024 को समाप्त वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही के लिए अपने वित्तीय परिणामों में तेज बदलाव दर्ज किया, जिससे शेयर में निवेशकों की दिलचस्पी बढ़ी। इसने एक साल पहले की अवधि में 1,136.75 करोड़ के घाटे के मुकाबले अधिक आय के दम पर 41.95 करोड़ का शुद्ध लाभ दर्ज किया। उक्त तिमाही के लिए इसकी आय एक साल पहले के 1,998.79 करोड़ से बढ़कर 2,159.44 करोड़ हो गई।दिसंबर 2024 तिमाही में खर्च भी घटकर 3,167.49 करोड़ से 2,109.56 करोड़ रह गया। एक बयान में कंपनी ने कहा कि उसने शून्य बैंक ऋण की स्थिति हासिल कर ली है, जिसका अर्थ है कि उस पर किसी भी बैंक - निजी या सार्वजनिक - का कोई बकाया नहीं है।

# भारतीयों ने ग्राहक सेवा शिकायत में बिता दिए 15 अरब घंटे

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एआई ( आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ) एजेंट और चैटबॉट तेजी से ग्राहक सेवा का हिस्सा बनते जा रहे हैं। इसके बावजूद ग्राहक सेवा के लिए प्रतीक्षा समय में खास कमी नहीं आई है। आलम यह है कि भारतीय उपभोक्ताओं ने 2024 में ग्राहक सेवा शिकायत दर्ज करने के लिए 15 अरब घंटे से अधिक का समय इंतजार में बिताया। सर्विसनाउ की ग्राहक अनुभव रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। इसके मुताबिक, 80 फीसदी भारतीय उपभोक्ता अब शिकायत के लिए एआई चैटबॉट पर निर्भर हैं। हालात कुछसुधरी है, लेकिन ग्राहक अपेक्षाओं और सेवा वितरण के बीच अब भी काफी अंतर है। शिकायत प्रक्रिया जटिल बना रहीं कंपनियां रिपोर्ट के मुताबिक, 39 फीसदी उपभोक्ताओं का कहना है कि जब वे ग्राहक सेवा में शिकायत करते हैं, तो उनकी कॉल को होल्ड पर रखा जाता है। 36 फीसदी उपभोक्ताओं के कॉल को



बार-बार ट्रांसफर किया जाता है। 34 फीसदी का मानना है कि कंपनियां जानबूझकर शिकायत करने की प्रक्रिया को जटिल बनाती हैं। यह रिपोर्ट 5,000 भारतीय उपभोक्ताओं और 204 ग्राहक सेवा एजेंट के सर्वेक्षण पर आधारित है।

**एआईपर लगातार बढ़ रहा भरोसा-** खाने के निर्णय को भी प्रभावित कर रहा एआई रिपोर्ट में कहा गया है कि एआईअब भारतीय उपभोक्ताओं की रोजमर्रा की जिंदगी का अभिन्न हिस्सा बन गया है।यह लोगों के खाने-पीने के निर्णयों को भी तेजी से प्रभावित कर रहा है।रिपोर्ट के मुताबिक, 82 फीसदी भारतीय खाने-पीने के सुझावों के लिएएआई पर भरोसा करते हैं।

**निवेश और खरीदारी के लिएभी अब इस्तेमाल-** भारतीय उपभोक्ता न सिर्फ खाने-पीने बल्कि निवेश के लिएभी एआई की सलाह ले रहे हैं।78 फीसदी उपभोक्ता निवेश विकल्पों के लिए एआई चैटबॉट्स की मदद ले रहे हैं। यह बदलाव बिजनेस के लिए बड़ा अवसर है।84 फीसदी उपभोक्ता खरीदारी के लिए भी एआई पर निर्भर हैं।

# भारत की जीडीपी इसी वित्तीय वर्ष में जापान से आगे निकलने को तैयार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही तक जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने यह दावा किया है।

देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) पिछले



दशक में दोगुने से भी अधिक हो गया है, जो 2015 में 2.1 ट्रिलियन डॉलर से बढ़कर 2025 में अनुमानत: 4.3 ट्रिलियन डॉलर हो जाएगा। आईएमएफ के आंकड़ों से पता चलता है कि भारत, जो वर्तमान में पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, जापान के करीब पहुंच रहा है, जिसका जीडीपी 4.4 ट्रिलियन डॉलर है। पिछले दस सालों में भारत की अर्थव्यवस्था में 105 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि जापान की जीडीपी स्थिर बनी हुई है।

### भारत का पहला कदम

# ऑनलाइन विज्ञापनों पर अब नहीं लगेगा 6 फीसदी डिजिटल टैक्स

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीति से बचाव के पहले कदम के तौर पर भारत ने ऑनलाइन विज्ञापनों पर 6 प्रतिशत टैक्स न लगाने का फैसला किया है। आम बोलचाल में गूगल टैक्स कहा जाने वाला यह समानीकरण शुल्क 2016 में इसलिए लागू किया गया था, ताकि विदेशी कंपनियां भारत में होने वाली कमाई पर यहां उचित कर अदा करें। इसे हटाने से गूगल, मेटा और अमेजन जैसी दिग्गज अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनियों को फायदा होगा। लोकसभा ने मंगलवार को 35 संशोधनों के साथ वित्त विधेयक पारित कर दिया, जिसमें डिजिटल टैक्स हटाने का प्रस्ताव भी शामिल है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, विकसित भारत के निर्माण के लिए मजबूत अर्थव्यवस्था जरूरी है। हमारा जोर टैरिफ युक्तीकरण और घरेलू




विनिर्माण को बढ़ावा देने पर है। इसके तहत ही सात वस्तुओं पर सीमा शुल्क दरों में कमी की जा रही है। विधेयक यह सुनिश्चित करता है कि आयात पर या तो उपकर या अधिभार लगेगा, दोनों नहीं।

### भारत के लिए सेवा निर्यात में उच्च हिस्सेदारी लाभप्रद : एसएंडपी

रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल की रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप की धमकियों से उत्पन्न व्यापार तनाव के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था पर बहुत ज्यादा प्रतिकूल असर पड़ने के आसार नहीं हैं, क्योंकि यह सेवा निर्यात में उच्च हिस्सेदारी रखता है। एसएंडपी के मुताबिक, टैरिफ मुख्यत: वस्तुओं पर लगाए जाते हैं। इसलिए सेवा निर्यात में महत्वपूर्ण हिस्सेदारी वाली अर्थव्यवस्थाओं पर टैरिफ उपायों का असर कम ही होगा।

# कारोबारियों को गेहूं के स्टॉक की हर हफ्ते देनी होगी जानकारी

### सरकार ने आधिकारिक बयान जारी किया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने खाद्य सुरक्षा के प्रबंधन और बाजार में कालाबाजारी को रोकने के लिए बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने एक व्यापक रणनीति के तहत एक अप्रैल से सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के व्यापारियों, थोक विक्रेताओं, खुदरा विक्रेताओं और प्रसंस्करणकर्ताओं के लिए गेहूं के स्टॉक की साप्ताहिक रिपोर्टिंग अनिवार्य कर दी है।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार, निर्देश के तहत, सभी कानूनी संस्थाओं को अगली सूचना तक हर शुक्रवार को सरकार के ऑनलाइन पोर्टल पर अपने गेहूं स्टॉक की स्थिति घोषित करनी होगी।

वर्तमान में गेहूं की स्टॉक सीमा 31 मार्च को समाप्त हो रही है। खाद्य व सार्वजनिक वितरण विभाग कीमतों को नियंत्रित करने और पूरे देश में गेहूं की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए खुलासों पर बारीकी से नजर रखेगा। बयान के अनुसार, जो संस्थाएं अभी तक पोर्टल पर पंजीकृत नहीं हुई हैं, उनसे आग्रह किया गया है कि वे तुरंत ऐसा करें और अपनी साप्ताहिक स्टॉक रिपोर्टिंग शुरू करें।

# एल एंड टी को मिला अब तक का सबसे बड़ा ऑर्डर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंजीनियरिंग सेक्टर की दिग्गज कंपनी लार्सन एंड टुब्रो को कतर एनर्जी एलएनजी से एक बहुत बड़ा कॉन्ट्रैक्ट मिला है। इसे कंपनी के इतिहास का सबसे बड़ा कॉन्ट्रैक्ट माना जा रहा है। कंपनी को यह कॉन्ट्रैक्ट ऑफशोर हाइड्रोकार्बन बिजनस के लिए मिला है। कंपनी ने इसकी की कीमत नहीं बताई है लेकिन इसे अल्ट्रा मेगा बताया है




इस प्रोजेक्ट में दो बड़े ऑफशोयर कंप्रेशन कॉम्प्लेक्सेज बनाए जाने हैं। इसमें डिजाइन बनाना, सामान खरीदना, निर्माण करना, उन्हें इंस्टॉल और सेट अप करना शामिल है। हर कॉम्प्लेक्स में ऑफशोर प्लेटफॉर्म्स होंगे। इन प्लेटफॉर्म्स पर कंप्रेशन और पावर की फैसिलटीज होंगी। साथ ही स्टाफ के रहने के लिए क्वार्टर, फ्लेयर प्लेटफॉर्म्स, कनेक्टिंग ब्रिज और दूसरे स्ट्रक्चर्स भी होंगे। ये सभी कतर के नॉर्थईस्ट कोस्ट से लगभग 80 किमी दूर होंगे।

### शेयरों में तेजी

इस खबर के बाद एल एंड टी के शेयरों में तेजी आई। बीएसई सेंसेक्स पर कंपनी का शेयर 0.5 प्रतिशत से अधिक तेजी के साथ 3495.70 रुपये तक गया जबकि इस दौरान सेंसेक्स 0.09 प्रतिशत नीचे था। कंपनी के सीएमडी एस.एन. सुब्रमण्यन ने कहा कि अल्ट्रा मेगा ऑफशोर कॉन्ट्रैक्ट मिलना हमारे इतिहास की सबसे बड़ी उपलब्धि है। यह प्रोजेक्ट हमारे ग्लोबल एनर्जी पोर्टफोलियो को मजबूत करता है। साथ ही कतर की ऊर्जा सुरक्षा के लक्ष्यों को भी पूरा करता है।

### 14.45 करोड़ लोगों के लिए अच्छी खबर

# आयुष्मान पैनल के अस्पतालों में मिलेगा इलाज

**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय संगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए सामाजिक और स्वास्थ्य सेवा का विस्तार करने जा रहा है। इसके तहत अप्रैल के अंत तक राज्य कर्मचारी बीमा निगम से जुड़े सदस्यों और उनके परिवारजनों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत पैनल में शामिल अस्पतालों में भी इलाज की सुविधा मिल सकेगी। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इससे 14.45 करोड़ लोगों को फायदा पहुंचेगा। उन्होंने बताया कि इस दिशा में मंत्रालय स्तर से काम शुरू हो गया है। सभी जरूरी स्वीकृति प्रदान की जा चुकी हैं। हम सिर्फ आयुष्मान योजना से जुड़े पैनल में शामिल अस्पतालों के नेटवर्क का इस्तेमाल करेंगे। बाकी पूरा इलाज खर्च ईएसआईसी द्वारा ही उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि आयुष्मान योजना के तहत इलाज खर्च पर पांच लाख तक की सीमा निर्धारित है लेकिन ईएसआईसी के सदस्य और उनके परिजनों के इलाज पर यह सीमा लागू नहीं होगी।

- **उत्तर प्रदेश के 15 जिले के श्रमिक जुड़ सकेंगे ईएसआईसी से-** श्रम मंत्रालय ने उत्तर प्रदेश के 15 और जिलों के श्रमिकों को ईएसआईसी का सदस्य बनने के लिए अधिसूचित किया है। अब बांदा को छोड़कर यूपी के 75 में 74 जिले अधिसूचित हो गए हैं। मंत्रालय के इस फैसले से 15 जिलों के 53 हजार श्रमिक लाभांवित होंगे। परिवार के सदस्यों को जोड़कर देखा जाए तो यह संख्या ढ़ाई लाख से अधिक होगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अब तक इन 15 जिलों के श्रमिक ईएसआईसी के सदस्य नहीं बन सकते थे। देशभर के लिहाज से बात करें तो अब भी 89 जिले अधिसूचित होने से बचे हैं, जिन्हें एक वर्ष के अंदर अधिसूचित कर दिया जाएगा।



### इस तरह पहुंचेगा लाभ

उन्होंने कहा कि चिकित्सा सेवा का विस्तार किए जाने से संगठित क्षेत्र के श्रमिकों को व्यापक लाभ मिलने की उम्मीद है। देश के काफी हिस्सों में ईएसआईसी के अस्पताल नहीं है। अगर अस्पताल हैं तो उनमें कई तरह की बीमारियों से जुड़े इलाज की सुविधा नहीं है या फिर अस्पताल में सारी सुविधाएं उपलब्ध हैं, लेकिन श्रमिकों को ईएसआईसी का अस्पताल अपने घर से दूर पड़ता है तो ऐसी किसी भी स्थिति में श्रमिक आयुष्मान योजना के पैनल में शामिल अस्पताल में अपना इलाज करा सकेगा।

**14.45 करोड़ लोग लाभांवित होंगे-** केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वर्तमान में 3.72 करोड़ ईएसआईसी से जुड़े सदस्य हैं। मौजूदा प्रावधानों के हिसाब से एक सदस्य के परिवार में 3.88 सदस्य माने जाते हैं। इस हिसाब से देखा जाए तो कुल सदस्यों और उनके परिजनों को जोड़कर यह संख्या 14.45 करोड़ बैठती है, जिन्हें व्यापाक चिकित्सा सेवा का लाभ मिलेगा।

# सिर्फ 4,000 रुपये की पूंजी से शुरू किया काम

### अब बंपर कमाई, लोगों ने कहा- कमाल कर दिया!

**नईदिल्ली, एजेंसी।** गुजरात के तापी जिले की सुनीता चौधरी ने नैचुरल फॉर्मिंग में कमाल कर दिया है। उन्होंने काले चावल की खेती में सिर्फ 4,000 रुपये का निवेश किया और 650 प्रतिशत का मुनाफा कमाया। सुनीता ने अब तब 3,000 से ज्यादा किसानों को ट्रेनिंग दी है। वह आदिवासी महिलाओं को सशक्त बना रही हैं। साथ ही, वर्कशॉप और सामुदायिक पहलों के जरिये टिकाऊ खेती को बढ़ावा दे रही हैं। उन्होंने 2013 में द आर्ट ऑफ लिविंग के यूथ लीडरशिप प्रोग्राम से प्रेरणा ली। इसके बाद उन्होंने प्राकृतिक खेती को अपनाया। आइए, यहां सुनीता चौधरी की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

### 4,000 रुपये की पूंजी से शुरू किया काम

सुनीता चौधरी गुजरात के तापी जिले के कंजोद गांव की रहने वाली हैं। उन्होंने सिर्फ 4,000 रुपये के निवेश से अपनी यात्रा शुरू की। उनका लक्ष्य था कि वह टिकाऊ आजीविका बनाएंगी। उन्होंने मशीनों या



रसायनों पर निर्भर रहने के बजाय पारंपरिक ज्ञान और प्राकृतिक खेती के तरीकों को अपनाया। धैर्य और कड़ी मेहनत से उन्होंने न केवल अपना जीवन बदला, बल्कि पूरे समुदाय को प्रेरित किया और ऊपर उठाया। सुनीता चौधरी ने 2013 में द आर्ट ऑफ लिविंग के यूथ लीडरशिप ट्रेनिंग प्रोग्राम में हिस्सा लिया। इस अनुभव ने खेती के प्रति उनकी सोच को बदल दिया। उन्होंने खेती को सिर्फ आजीविका का साधन के बजाय एक पवित्र काम माना। उन्होंने जमीन को मंदिर के रूप में देखा, जो देखभाल और सम्मान के लायक है। इस सोच के साथ उन्होंने प्राकृतिक खेती तकनीकों को अपनाया।

### 650 प्रतिशत का मुनाफा कमाया

सुनीता के तरीके सरल, लेकिन क्रांतिकारी थे। उन्होंने मिश्रित फसल को अपनाया। इससे उनकी उपज में विविधता आई। उन्होंने मिट्टी की नमी बनाए रखने के लिए मल्चिंग का इस्तेमाल किया। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि उन्होंने जीवामृत जैसे बायो-इनपुट का इस्तेमाल किया। जीवामृत गाय के गोबर और मूत्र से बना शक्तिशाली बायो-फर्टिलाइजर है। इन किफायती और टिकाऊ तकनीकों ने उनकी जमीन को फिर से जीवंत कर दिया। इससे एक ऐसा ईकोसिस्टम बना, जहां पौधे स्वाभाविक रूप से पनपे। सुनीता को शुरुआती सफलता तब मिली जब उन्होंने सिर्फ आधा एकड़ जमीन पर 150 किलो काला चावल उगाया। उन्होंने कम निवेश में चावल को 300 रुपये प्रति किलो के हिसाब से बेचा। इससे उन्हें 650 प्रतिशत का मुनाफा हुआ। उनकी सफलता की खबर फैल गई। खरीदार 200 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करके सीधे उनके खेतों से उपज खरीदने आने लगे।

# इंदिरा आईवीएफ ने आईपीओ ड्राफ्ट को लिया वापस, वीवर्क इंडिया को भी मंजूरी नहीं

**नईदिल्ली, एजेंसी।** फर्टिलिटी क्लिनिक चेन इंदिरा आईवीएफ हॉस्पिटल ने अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए दस्तावेजों का ड्राफ्ट वापस ले लिया है। कंपनी ने ये दस्तावेज गोपनीय तरीके से दाखिल किए थे। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के मंगलवार को एक अपडेट से यह जानकारी मिली है। बता दें कि कंपनी के शुरुआती आईपीओ दस्तावेज सेबी को 13 फरवरी को प्राप्त हुए थे। हालांकि, कंपनी द्वारा किसी कारण का खुलासा किए बगैर 19 मार्च, 2025 को इन्हें वापस ले लिया गया।

### फिजिक्सवाला का भी आ रहा आईपीओ

पिछले सप्ताह फिजिक्सवाला ने भी अपने आईपीओ के लिए गोपनीय मार्ग से ड्राफ्ट दाखिल किए थे। वर्ष 2024 में फूड डिलीवर करने वाली कंपनी स्विगी और सुपरमार्ट प्रमुख विशाल मेगा मार्ट ने गोपनीय रूप से ड्राफ्ट दाखिल करने के बाद अपने आईपीओ को सफलतापूर्वक पूरा किया है। इससे पहले ऑनलाइन होटल एग्रीगेटर 'ओयो' ने वर्ष 2023 में गोपनीय मार्ग से ड्राफ्ट दाखिल करने का मार्ग चुना था।

### वीवर्क इंडिया मैनेजमेंट आईपीओ

सेबी की ओर से वीवर्क इंडिया मैनेजमेंट के ड्राफ्ट आईपीओ दस्तावेज पर टिप्पणियां जारी करने को स्थगित रखा गया है। एम्बेसी ग्रुप द्वारा प्रवर्तित प्रीमियम फ्लेक्सिबल वर्कस्पेस ऑपरेटर वीवर्क इंडिया मैनेजमेंट ने आईपीओ के माध्यम से फंड जुटाने के लिए 31 जनवरी को पूंजी बाजार नियामक के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया था। आईपीओ में प्रमोटर एम्बेसी बिल्डकॉन एलएलपी और निवेशक 1 एरियल वे टेनेंट द्वारा 4.37 करोड़ इक्विटी शेयरों की बिक्री की पेशकश शामिल थी।

# मंगला जुलूस के दौरान झड़प

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग।** झारखंड के हजारीबाग से फिर बवाल की खबरें आ रही हैं। यहां रामनवमी को लेकर निकाले गए मंगला जुलूस के दौरान दो समुदायों के बीच भिड़ंत हो गई। देखते ही देखते मामला इतना बिगड़ गया कि जमकर पत्थरबाजी होने लगी।

## स्थिति पर रखी जा रही नजर, अब हालात सामान्य

उपद्रवियों में इलाके में जमकर तोड़फोड़ भी की। हालात पर काबू पाने के लिए पुलिस ने हल्का बलप्रयोग भी किया।

इससे पहले 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर धार्मिक झंडे और लाउडस्पीकर लगाने को लेकर दो समुदाय के लोग आपस में भिड़ गए थे। इस दौरान दोनों तरफ से पत्थरबाजी हुई, जिसमें कुछ लोग घायल हो गए थे। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण में लिया था। एहतियात के तौर पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। हिंसा के बाद लोग नाराज हो गए। हालात इनते बिगड़ गए कि पुलिस के समझाने के बाद भी वे शांत होने को तैयार नहीं थे। तब हालात काबू में नहीं आते दिखे तो पुलिस को हवाई फायरिंग करनी पड़ी। मौके पर सिटी एसपी अरविंद कुमार सिंह, एसडीपीओ अमित आनंद, डीएसपी अमित कुमार सहित कई पुलिस अधिकारी पहुंचे। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरा और ड्रोन के मदद से दोषियों को चिह्नित करने का काम शुरू कर दिया है।

डिप्टी कमिश्नर, हजारीबाग नैंसी सहाय ने बताया कि हजारीबाग के झंडा चौक पर रामनवमी उत्सव के तहत मंगला जुलूस के दौरान दो गुटों के बीच हाथापाई और हल्का पथराव हुआ। जुलूस के दौरान एक समूह कुछ गाने बजा रहा था, जिस पर दूसरे समूह ने आपत्ति जताई, जिसके परिणामस्वरूप हाथापाई और पथराव हुआ। इलाके में तैनात सुरक्षा बलों ने स्थिति को नियंत्रित कर लिया है। फिलहाल स्थिति शांतिपूर्ण और नियंत्रण में है। मौके पर पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं।

हर साल रामनवमी से पहले हर मंगलवार को मंगला जुलूस का आयोजन किया जाता है। आज होली के बाद दूसरे मंगलवार को भी दूसरा जुलूस निकाला गया। हजारीबाग के विभिन्न अखाड़ाधारी अपने-अपने जुलूस के साथ शहर के विभिन्न चौक-चौराहों से गुजर रहे थे, तभी कुछ असामाजिक तत्वों ने जामा मस्जिद चौक के निकट पथराव कर दिया, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया।

पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए जरूरी कदम उठाए। पुलिस ने स्थानीय लोगों से शांति बनाए रखने की अपील भी की है। इलाके में सुरक्षा बल तैनात हैं और स्थिति पर नजर रखी जा रही है। हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार ने कहा कि मंगला जुलूस के दौरान पथराव हुआ। अब हालात सामान्य हैं। लोगों से अपील है कि वो अफवाहों पर ध्यान नहीं दें। आरोपियों को पहचान की जा रही है। कुछ लोगों से पूछताछ चल रही है। मामले में आगे की

## नौ अफसरों को लगा हाई कोर्ट का झटका

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस आनंद सेन की पीठ में डीएसपी से एसपी प्रोन्नति के खिलाफ दाखिल याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई।

सुनवाई के बाद अदालत ने राज्य के डीएसपी से एसपी में प्रोन्नति देने पर रोक लगा दी है। अदालत ने यूपीएससी सहित सभी को अगले आदेश तक प्रोन्नति नहीं देने और इसकी पूरी प्रक्रिया पर रोक लगाने को कहा है।

अदालत ने मामले में राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले में अगली सुनवाई 28 अप्रैल को होगी। सरकार ने नौ सीनियर डीएसपी को एसपी में प्रोन्नति देने के लिए नाम भेजा है।

इस संबंध में रजतमणि बाखला एवं अन्य ने याचिका दाखिल की है।

## हजारीबाग में पथराव को लेकर भाजपा विधायकों ने बोला हल्ला

# 'झारखंड को कश्मीर बनाना बंद करो'

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग में मंगला जुलूस के दौरान पत्थरबाजी और तोड़फोड़ की घटना के बाद अब सियासत तेज हो गई है। बीजेपी ने इसे लेकर विधानसभा परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया है। बीजेपी विधायकों ने इसे लेकर जमकर नारेबाजी की।

बीजेपी विधायकों ने तख्ती में कई नारे लिखकर लाए थे। जिसमें लिखा था हिन्दू विरोधी सरकार होश में आओ। झारखंड को कश्मीर बनाना बंद करो। वोट बैंक के लिए एक खास समुदाय का मन बढ़ाना बंद करो। हजारीबाग प्रशासन हाय हाय। हजारीबाग रामनवमी जुलूस में डीजे बजाने पर रोक को हटाएं।

विधानसभा के बाहर भाजपा विधायकों ने तख्तियों पर सरकार विरोधी स्लोगन लिखे थे।

**विधानसभा में वित्त मंत्री बोले- सौतेला व्यवहार हो रहा**

इसके बाद विधानसभा में सदन की कार्यवाही शुरू हुई। इस दौरान वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने आरोप




लगाते हुए कहा कि झारखंड के साथ केंद्र सौतेला व्यवहार कर रही है। अनुदान की राशि राज्य को नहीं मिल रही है। मनरेगा मजदूरों का 1200 करोड़ रुपये बकाया है।

इधर, हजारीबाग में पत्थरबाजी की घटना को लेकर भाजपा विधायक आसन के सामने पहुंच गए। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने अपने सदस्यों को अपनी सीट पर वापस बुलाया। इसके बाद नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आखिर हिंदुओं के पर्व पर ही इस तरह की घटनाएं क्यों होती है? कहीं न कहीं अपराधियों को प्रश्रय दिया जा रहा है। सरकार तकनीक का प्रयोग क्यों नहीं करती।

उन्होंने कहा कि ड्रोन कैमरा लगाए, लाइट, सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था करे। ताकि पता चले कि कौन पत्थर चला रहा, ऐसे लोग चिह्नित हो सकें। सरकार को इसपर संज्ञान लेने की जरूरत है।

मरांडी ने कहा कि हजारीबाग की घटना में रात में लाइट बंद कर दी गई थी। उन्होंने सवाल किया कि आखिर हिंदुओं के पर्व पर ही इस तरह की घटना क्यों हो रही है? इसे देखने की आवश्यकता है।

बाबूलाल मरांडी के इस सवाल पर संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने सदन को आश्वस्त किया कि हजारीबाग की घटना दुखद है। सरकार इस पर गंभीर है। दोषी चिह्नित होंगे, उन पर कार्रवाई होगी।

मंत्री ने सदन को यह भी बताया कि हजारीबाग के डीसी और संबंधित आईजी से जानकारी लेकर सदन की द्वितीय पाली में जवाब देंगे। उन्होंने इसका आश्वासन भी दिया। इसके बाद विपक्ष के विधायक शांत हुए।

इसके बाद विधानसभा के प्रश्न काल में सत्ता पक्ष ने केंद्रांश नहीं मिलने के चलते योजनाएं पूरी नहीं होने का मामला उठाया। सत्ता पक्ष की ओर से सदन को बताया गया कि राज्य की 24665 करोड़ की योजनाओं में 50 प्रतिशत केंद्र व 50 प्रतिशत राज्य सरकार को वहन करना है। केंद्र सरकार से केवल 5917 करोड़ ही मिल सका है। राज्य सरकार ने भी 5810 करोड़ खर्च किया है। सरकार की ओर से यह भी बताया गया कि जब तक केन्द्रांश नहीं मिलेगा, कोई योजना पूर्ण नहीं होगी।

# जनता दरबार में उमड़ी योजना से वंचित महिलाओं की भीड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दुमका।** दुमका जिले में मंईयां सम्मान योजना का तीन माह का पैसा नहीं आने से वंचित महिलाओं ने मंगलवार को जनता दरबार में अपनी आवाज बुलंद की और बीडीओ से राशि दिलाने का अनुरोध किया। महिलाएं एक सप्ताह से प्रखंड कार्यालय का चक्कर काटने को मजबूर हैं, इसके बाद भी उन्हें पैसा नहीं मिलने का कारण पता नहीं चल रहा है।रानीश्वर प्रखंड कार्यालय में राशि का पता करने के लिए बड़ी संख्या में महिलाएं पहुंच गई। हर कोई कार्यालय के अंदर जाकर अपने खाता के बारे में जानकारी चाह रही थी। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस की मदद लेनी पड़ी। पुलिस के आने के बाद महिलाओं को लाइन में लगाकर प्रवेश करने दिया गया।

दुमका के मसलिया प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी अजफर हसनैन की उपस्थिति में जनता दरबार का आयोजन किया गया। मौके पर अंचलाधिकारी रंजन यादव, सहित प्रखंड क्षेत्र से आये दर्जनों लोग उपस्थित थे।

दरबार में महिलाओं को मंईयां सम्मान योजना का 7500 रुपये नहीं मिलने को लेकर भीड़ लग गई। महिलाओं ने रुपये नही मिलने को लेकर बीडीओ से गुहार लगाई। बीडीओ को महिलाओं ने आवेदन भी दी। बीडीओ ने सभी महिलाओं को आश्वासन देकर कहा कि सभी आवेदनों को जिला भेज दी जाएगी। चिंता की बात नही है।प्रखंड क्षेत्र से आए हुए लोगों ने अपनी अपनी समस्या से संबंधित आवेदन दिए। जनता दरबार मे कुल 166 आवेदन प्राप्त हुआ। मौके पर बीडीओ ने 77 आवेदनों का निष्पादित किया गया। वही 89 आवेदन को संबंधित विभाग को भेजा गया। आवेदन में सबसे ज्यादा मईया सम्मान योजना का 134 आवेदन थे।

इधर दूसरी ओर जामा में बीडीओ डा. विवेक किशोर के अध्यक्षता में जामा सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न विभाग से लाभुकों द्वारा आवेदन प्राप्त करते हुए सुनवाई की गई।

# पूर्व जिप सदस्य सह भाजपा नेता की गोली मारकर हत्या

- गुस्साये लोगों ने किया जाम
- चाय दुकान पर खड़े थे मृतक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में पूर्व जिला परिषद सदस्य और सह महावीर मंडल अध्यक्ष टाइगर अनिल महतो की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बदमाशों ने प्रदेश की राजधानी रांची के चर्चित कांके चौक पर वारदात को अंजाम दिया। अनिल महतो चाय की एक दुकान पर खड़े थे, तभी बदमाशों ने उन्हें गोली मार दी। जानकारी के अनुसार, पूर्व जिला परिषद सदस्य, कंके महावीर मंडल के अध्यक्ष और सह बीजेपी प्रदेश कार्य समिति के सदस्य टाइगर अनिल महतो आम दिनों की तरह आज बुधवार को भी कांके चौक पर अपनी सामान्य गतिविधियों में व्यस्त थे। इस दौरान साइकिल सवार अज्ञात युवक वहां पहुंचे और अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी।

फायरिंग में महतो के सिर में गोली लगी, जिससे उनकी मौत हो गई। दिन दहाड़े हुई फायरिंग से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। वहीं, गोली लगते ही महतो जमीन पर गिर गए, तत्काल उन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हमले की सूचना पर पुलिस भी तत्काल मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की।



हैरानी की बात यह है कि जिस कांके चौक पर वारदात को अंजाम दिया गया है, वह काफी भीड़भाड़ वाला इलाका है। दिन दहाड़े हुई फायरिंग से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने कांके चौक जाम कर दिया है। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि हमलावरों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए और उन्हें सख्त सजा दी जाए।

टाइगर अनिल महतो की हत्या पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने लॉ एंड ऑर्डर पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि यह घटना हतप्रभ करने वाली है, कांके चौक पर दिनदहाड़े वरिष्ठ और सक्रिय नेता की हत्या हो जाती है। बीच चौराहे पर अपराधी गोली मारकर चले जाते हैं और पुलिस प्रशासन हाथ पर हाथ धरे बैठा रह जाता है। राजधानी में पुलिसिंग पूरी तरह फेल हो चुकी है। अपराधियों में पुलिस प्रशासन का खौफ समाप्त हो चुका है। इस घटना ने एक बार फिर से प्रमाणित कर दिया कि शहर में कोई सुरक्षित नहीं है।

## रिजल्ट पर लगी रोक

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस दीपक रोशन की खंडपीठ में बुधवार को जेएसएससी द्वारा आयोजित सीजीएल परीक्षा पेपर लीक मामले की जांच को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई हुई।

सुनवाई के दौरान अदालत ने सीजीएल परीक्षा का अंतिम परिणाम जारी करने पर रोक हटाने से इन्कार करते हुए सरकार से जांच की रिपोर्ट मांगी है। अदालत ने मामले में अगली सुनवाई सात मई को निर्धारित की है। विभिन्न विभागों में 2,025 पदों को भरने के लिए जेएसएससी ने सीजीएल परीक्षा ली है।

जेएसएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल और प्रिंस कुमार सिंह और प्रार्थी की ओर से वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार और समीर रंजन ने पक्ष रखा।

इस दौरान करीब 190 सफल अभ्यर्थियों की ओर से हस्तक्षेप याचिका दाखिल कर उनका पक्ष सुनने का आग्रह किया गया।

प्रार्थी प्रकाश कुमार व अन्य की ओर से सीजीएल परीक्षा का पेपर लीक होने का आरोप लगाते हुए जांच के लिए याचिका दाखिल की गई है।

# गौ हत्या पर रोक लगाने की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** गौ हत्या के मुद्दे पर भाजपा प्रारंभ से ही मुखर रही है। अब झारखंड विधानसभा में चल रहे बजट सत्र के दौरान भी भाजपा विधायक रांची से सीपी सिंह ने इस मुद्दे को उठाया।

उन्होंने राज्य सरकार पर आरोप लगाया कि सरकारी जमीन पर गौ हत्या हो रही है और इसका मांस होटलों में सप्लाई किया जाता है। इस पर जवाब देते हुए झारखंड सरकार के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने केंद्र सरकार से देशभर में प्रतिबंधित मांस पर पूर्ण बैन लगाने की मांग की।

प्रतिबंधित मांस की बिक्री यानी गौ हत्या को लेकर भाजपा झारखंड में भी हेमंत सरकार पर निशाना साध रही है। रांची विधायक सीपी सिंह ने सदन में झारखंड सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य में खुलेआम गौ हत्या की जा रही है और सरकारी जमीन पर गौ माता की हत्या कर उसका मांस होटलों में बेचा जा रहा है, जो कि पूरी तरह अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि पूर्व की रघुवर सरकार में प्रतिबंधित मांस पर राज्यभर में बैन लगाया गया था, लेकिन वर्तमान झामुमो और गठबंधन सरकार वोट बैंक की राजनीति के चलते इसका संरक्षण कर रही है।

रांची विधायक सीपी सिंह के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए झारखंड सरकार में मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि यदि पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने राज्य में प्रतिबंधित मांस पर बैन लगाने के लिए कानून बनाया था, तो केंद्र सरकार को भी एक कानून लाकर पूरे देश में इस पर प्रतिबंध लगाना चाहिए।

उन्होंने केंद्र सरकार से अनुरोध किया कि पूरे देशभर में प्रतिबंधित मांस की बिक्री को पूरी तरह समाप्त किया जाए।

गौरतलब है कि देश के लगभग 20 राज्यों में प्रतिबंधित मांस पर आंशिक या पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया जा चुका है।

केवल आठ राज्यों- केरल, गोवा, पश्चिम बंगाल, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, नागालैंड, मिजोरम और त्रिपुरा में यह अभी भी कानूनी रूप से वैध है।

# चक्रधरपुर मंडल से गुजरने वाली 58 ट्रेनें हुई रद्द

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चक्रधरपुर।** मई माह में होने वाली गर्मियों की छुट्टी में अगर आप बाहर घूमने का प्लान बना रहे है तो यात्री गण कृप्या ध्यान दें।

2 मई से लेकर 18 मई के बीच दक्षिण पूर्व रेलवे ने खड़गपुर और चक्रधरपुर रेल मंडल से गुजरने वाली करीबन 58 लंबी दुरी की ट्रेनों को विभिन्न तिथियों में रद करने की अधिसूचना जारी कर दिया है।

रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार 2 मई से लेकर 18 मई के बीच खड़गपुर मंडल के संतरागाछी स्टेशन पर यार्ड रीमॉडलिंग का कार्य किया जाएगा।

इस वजह से रेल प्रशासन ने दर्जनों ट्रेनों का परिचालन रद कर दिया है। जबकि खड़गपुर रेल मंडल से गुजरने वाली 24 ट्रेनों को शॉट टर्मिनेशन और शॉट ओरिजिनेशन कर चलाएगी।

इतना ही नहीं रेलवे ने दर्जनों मेमू और पैंसेजर ट्रेनों का परिचालन भी इन तिथियों के बीच में रद कर दिया है। ट्रेनों के रद होने से यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

17 मई को ट्रेन नंबर 22897/ 22898 हावड़ा-दीघा-हावड़ा कंडारी एक्सप्रेस, 18 मई को ट्रेन नंबर 12857/ 12858 हावड़ा-दीघा-हावड़ा ताम्रलिप्त एक्सप्रेस

**26 से 28 मार्च के बीच चक्रधरपुर रेल मंडल से होते हुए चलेगी दो स्पेशल ट्रेनें** उधर, दक्षिण पूर्व रेलवे ने यात्रियों की मांग को ध्यान में रखते हुए 26 से 28 मार्च के बीच चक्रधरपुर रेल मंडल से होते हुए जगदलपुर-ठाकुरनगर-जगदलपुर स्पेशल और केसिंगा-ठाकुरनगर-केसिंगा स्पेशल ट्रेन का परिचालन करने की घोषणा कर दिया है। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार ट्रेन नंबर 08563 जगदलपुर-ठाकुरनगर स्पेशल 26 मार्च की सुबह जगदलपुर स्टेशन से सुबह 08:00 बजे खुलेगी और अगले दिन सुबह 10:45 बजे ठाकुरनगर पहुंचेगी।

वापसी दिशा में ट्रेन नंबर 08564 ठाकुरनगर-जगदलपुर स्पेशल 28 मार्च की शाम 06:00 बजे ठाकुरनगर स्टेशन से रवाना होगी और अगले दिन जगदलपुर स्टेशन रात 10:45 बजे पहुंचेगी।

इस ट्रेन का ठहराव रेलवे ने दक्षिण पूर्व क्षेत्राधिकार में झारसुगुड़ा, राउरकेला, चक्रधरपुर, टाटानगर, खड़गपुर और अंदुल स्टेशनों में दिया है। ट्रेन नंबर 08373 केसिंगा-ठाकुरनगर स्पेशल ट्रेन 27 मार्च की शाम 04:10 बजे केसिंगा स्टेशन से रवाना होगी और अगले दिन सुबह10:45 बजे ठाकुरनगर पहुंचेगी।

वापसी दिशा में ट्रेन नंबर 08374 ठाकुरनगर-केसिंगा स्पेशल 28 मार्च की रात 08:30 बजे ठाकुरनगर से खुलेगी और अगले दिन दोपहर 02:45 बजे केसिंगा पहुंचेगी।

## हीट वेव करेगी परेशान

**जमशेदपुर।** झारखंड में मार्च में ही मई जैसी तपिश का अनुमान है। मौसम विभाग ने अचानक तेज धूप बढ़ने को लेकर अलर्ट जारी किया है। पूर्वानुमान के अनुसार 14 मार्च को प्रदेश के कई हिस्से में ऊष्ण लहर चलने के आसार हैं।

मौसम में आए इस बदलाव की वजह से जामताड़ा समेत पूरे प्रदेश के अधिकतम व न्यूनतम तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि दर्ज की जाएगी। इस दौरान अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान है। मौसम विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार 13 मार्च को जामताड़ा का अधिकतम तापमान 37 और न्यूनतम 19 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भारतीय मौसम विज्ञान केंद्र रांची के वरीय मौसम विज्ञानी अभिषेक आनंद ने बताया कि मार्च के दूसरे ही हफ्ते पश्चिमी क्षेत्र से आ रही ऊष्ण हवाओं व एंटी साइक्लोन की वजह से यह बदलाव देखने को मिल रहा है। अमूमन पूर्व के वर्षों में ऐसा कम देखने को मिलता था, लेकिन कुछ वर्षों से क्लाइमेट चेंज, घटते वन्य क्षेत्र और स्थानीय स्तर पर हो रहे भौगोलिक बदलाव की वजह से भी मौसम में यह बदलाव देखने को मिल रहा है।

# सहिया बहनें होंगी अत्याधुनिक सुविधाओं से लैश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जामताड़ा।** प्रदेश की 42000 सहिया बहनों को अत्याधुनिक टैब दिया जाएगा। इसके जरिए सहिया बहनें अपने कार्य क्षेत्र की गतिविधियों व कार्यप्रणाली की मानिटरिंग बेहतर तरीके से कर सकेंगी।

आने वाले दिनों में हर जिले में सहिया बहनों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। ये बातें स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने सहिया साथी सम्मान समारोह में कहीं। उन्होंने 42 सहिया व सीएसओ को सम्मानित भी किया। मंत्री ने कहा- जामताड़ा की जनता ने उन्हें तीसरी बार विधायक बनाया है। इसका परिणाम है कि यहां की जनता को मेडिकल कालेज की सौगात मिली है।

आने वाले दिनों में सदर अस्पताल को तीन करोड़ की लागत से अपग्रेड किया जाएगा। यह अस्पताल 100 से बढ़कर 300 बेड का हो जाएगा। उन्होंने साहिया बहनों को भरोसा दिलाया कि आने वाले दिनों में उनके मानदेय में वृद्धि पर विचार किया जाएगा।

स्वास्थ्य मंत्री ने जिला स्तरीय सहिया सह सीएचओ सम्मेलन सह सम्मान समारोह कार्यक्रम में सहिया बहनों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

स्वास्थ्य विभाग की ओर से उन्हें हरसंभव सहायता दी जाएगी, ताकि वे अपने कार्यों को और प्रभावी ढंग से कर सकें।


**पूर्व रेलवे**

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, रेलवे स्टेशन के पास डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **वरिष्ठ डीईएन/3/हावड़ा।** **ई-निविदा सं. : 350_ 2024-25, कार्य का विवरण :** हावड़ा मंडल में आगामी मानसून के लिए विभिन्न स्थानों पर स्टोन बोल्डर बिछाना, बोल्डर क्रेटिंग, बल्ला, मिट्टी भराव आदि का आपातकालीन कार्य एवं अन्य विविध कार्य। **अनुमानित मूल्य:** रु. 3,33,14,313.20, **बयाना राशि :** रु.3,16,600/-, **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 08 (आठ) माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 15.04.2025 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps. gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। ईएमडी और टीडीसी का भुगतान- बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान ई-निविदा प्रणाली के मामले में, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणी:** आईआरईपीएस (ई-निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में कोई फिक्सड डिपॉजिट रिसीट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-696/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# रात में सदर अस्पताल पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री, हड़कम्प

## मरीजों से बातचीत कर लिया फीडबैक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी मंगलवार की रात लगभग 10:30 बजे अचानक खूंटी पहुंचे और खूंटी सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया।

मंत्री के अचानक अस्पताल पहुंचने पर जिले के स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही सिविल सर्जन डॉ. नागेश्वर मांझी और उपाधीक्षक डॉ. आनंद उरांव तुरंत अस्पताल पहुंचे और अस्पताल का निरीक्षण कर रहे मंत्री को अस्पताल में उपलब्ध व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी दी। इस दौरान मंत्री ने अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड, लेबर रूम, आईसीयू समेत अन्य विभागों का बारीकी से निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान मंत्री ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से बातचीत कर इलाज की व्यवस्था, दवाओं की उपलब्धता, भोजन की गुणवत्ता और अस्पताल में किसी प्रकार की समस्याओं के बारे में जानकारी ली। मरीजों से संतोषजनक जवाब मिलने पर मंत्री खुश हुए।मंत्री ने अस्पताल में लगे वॉटर प्यूरीफायर का पानी पीकर उसकी गुणवत्ता जांची। साथ ही मेडिसिन स्टोर में एंटी रेबीज और एंटी वेनम दवाओं की उपलब्धता देखी। ड्रेसिंग रूम में आवश्यक दवाएं भी पर्याप्त मात्रा में पाई गईं। अस्पताल के सभी बेड भी भरे हुए थे।

निरीक्षण के दौरान अस्पताल में कोई बड़ी कमी नहीं मिलने पर अस्पताल की व्यवस्थाओं से मंत्री संतुष्ट नजर आए। उन्होंने कहा कि अस्पताल में व्यवस्थाएं ठीक हैं, लेकिन इसे और बेहतर करने की जरूरत है।

इसके साथ ही उन्होंने यहां तैनात सिविल सर्जन को यह निर्देश भी दिया कि अस्पताल से रेफरल मरीजों की संख्या कम की जाए। मंत्री इरफान अंसारी ने सदर अस्पताल समेत जिले के अन्य अस्पतालों में चिकित्सकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश देते हुए कहा कि वे कभी भी अस्पतालों का औचक निरीक्षण करने पहुंच सकते हैं। उन्होंने सख्ती के साथ चेताते हुए यह भी कहा कि यदि औचक निरीक्षण के दौरान गड़बड़ी पाई जाती है तो वह कार्रवाई करने से भी पीछे नहीं हटेंगे।

**कांग्रेस कार्यकताओं ने किया स्वागत**

बता दें कि मंगलवार की देर रात अचानक खूंटी पहुंचने पर क्षेत्र के कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने शहर के भगत सिंह चौक में मंत्री का स्वागत किया।


**पूर्व रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

निविदा केस सं. ओ/एसी/टी/210/ 2024-25 के संबंध में शुद्धिपत्र, जो मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल द्वारा पूर्व में प्रकाशित की गई थी। उपर्युक्त निविदा के लिए समापन अवधि 06 माह के बदले **12 माह** पढ़ी जानी चाहिए। अन्य नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।

ASN-389/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways. gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई- निविदा सूचना सं. : जीएसयू- एएसएन-2024 -05, दिनांक 25.03.2025,** उप मुख्य परियोजना प्रबंधक/इंजी./गति शक्ति यूनिट/आसनसोल, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा (खुली) आमंत्रित की जाती है: **निविदा सं. जीएसयू-एएसएन-2024-05, कार्य का नाम:** आसनसोल मंडल के अधीन रोड ओवर ब्रिज/रोड अंडर ब्रिज के निर्माण के लिए व्यवहार्यता अध्ययन जाँच, टोटल स्टेशन/डीसीपीएस के साथ विस्तृत सर्वे के संचालन, अप्रूवल अलाइनमेंट के अंकन, मिट्टी जाँच, जीएडी प्रस्तुत करने एवं डीपीआर जमा करने के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 1,90,64,878.40, **बयाना राशि:** रु. 2,45,300/-, **कार्य की समापन अवधि:** 6 माह। **अंतिम तिथि और समय/बोली की नियत तिथि:** दिनांक 17.04.2025 को 15.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।

ASN-388/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways. gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**रांची मंडल में 08 अदद स्टेशनों पर स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट (एसटीबीए) की नियुक्ति**

**अधिसूचना संख्या: सी/आरएनसी/एसटीबीए/री-टेंडर/एनएसजी-6/2025 दिनांक 25.03.2025**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा रांची मंडल में एनएसजी-6 श्रेणी के 08 अदद स्टेशनों पर स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट (एसटीबीए) की नियुक्ति के लिए इच्छुक व्यक्तियों से निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नानुसार हैं: **क्र. सं.; स्टेशन का नाम** निम्नानुसार हैं: **1; कर्रा (केआरआरए)। 2; पकरा (पीकेसी)। 3; महाबुआंग (एमसीजेड)। 4; कानारोवाँ (केएनआरएन)। 5; टाटी (टीएटीआई)। 6; गंगाघाट (जीएजी)। 7; गौतमधारा (जीएटीडी)। 8; हारुबेरा (एचआरबीआर)। स्टेशनों की श्रेणी:** एनएसजी-6 (सभी के लिए)। **पात्रता की शर्तें:** पात्रता की शर्तों के साथ ही साथ अन्य नियम और शर्तें वेबसाइट **www.ser.indianrailways.gov.in** पर उपलब्ध होंगी। **आवेदन जमा करने का स्थान:** आवेदन पत्र दिनांक 28.04.2025 को सुबह 10.30 बजे से अपराह्न 3.00 बजे के बीच वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची के कार्यालय में रखी गई पेटी में डाल दिए जाने चाहिए। आवेदन भरे हुए लिफाफे के ऊपर **"रांची मंडल के ............ स्टेशन पर एसटीबीए की नियुक्ति"** अवश्य लिखा हुआ होना चाहिए। प्रारूप सहित नियम और शर्तें तथा अन्य जानकारियां **दिनांक 28.03.2025 को सुबह 10.00 बजे से 28.04.2025 को दोपहर 12.00 बजे तक** सभी कार्य दिवसों को वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं। **आवेदन खुलने की तारीख एवं समय:** 28.04.2025 को अपराह्न 3.30 बजे। **बयाना राशि:** ₹ 2,000। **18% की दर से जीएसटी सहित निविदा प्रपत्र की कीमत:** ₹ 1,180। **घोषणा की तारीख:** 28.03.2025। **निविदा डालने की तारीख:** 28.04.2025। **निविदा खुलने की तारीख:** 28.04.2025। **वेबसाइट का विवरण: www.ser.indian railways.gov.in**। वेबसाइट का विवरण जहां सम्पूर्ण विवरण (आवेदन प्रारूप और नियम व शर्तों सहित) **दिनांक 28.03.2025 से 28.04.2025 को दोपहर 12:00 बजे तक www.ser.indianrailways.gov.in** पर देखा/से डाउनलोड किया जा सकता है। आवेदन पत्र में निर्धारित सभी शर्तों और सामान्य शर्तों को पूरा किए बिना प्राप्त आवेदनों को अस्वीकार कर दिया जाएगा। रेल प्रशासन बिना कोई कारण बताए किसी भी आवेदक की सेवाओं को चयन/रद्द/समाप्त करने और अधिसूचना को रद्द करने का भी अधिकार सुरक्षित रखता है। किसी भी विवरण/जिज्ञासाओं के लिए, कृपया वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची के कार्यालय से संपर्क करें।

(PR-1274) **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, रांची**

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

# नीशम के 5 विकेट के बाद सीफर्ट की विस्फोटक पारी, न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को हराया



**वेलिंग्टन, एजेंसी।** जेम्स नीशम (पांच विकेट) और जैकब डफी (दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद टिम सीफर्ट (नाबाद 97) की विस्फोटक पारी की बदौलत न्यूजीलैंड ने बुधवार को पांचवें और आखिरी टी-20 मुकाबले में पाकिस्तान को 10 ओवर शेष रहते आठ विकेट से हरा दिया। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने पांच मैचों सीरीज भी 4-1 से अपने नाम कर ली। पाकिस्तान के 128 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की टिम सीफट 'और फिन एलन की सलामी जोड़ी ने आतिशी बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुए पहले विकेट 93 रन जोड़े। सातवें ओवर में सुफियान मुकीम ने फिन एलन को बोल्ड कर पाकिस्तान को पहली सफलता दिलाई। फिन एलन ने 12 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाते हुए (27) रन बनाये। नौवें ओवर में माक 'चैपमैन (तीन) रन बनाकर आउट हुए। उन्हें सुफियान मुकीन ने आउट किया। टिम सीफर्ट ने 38 गेंदों में 10 छक्के और छह चौके लगाते हुए (नाबाद 97) रनों की विस्फोटक पारी खेली। न्यूजीलैंड ने 10 ओवर में दो विकेट पर 131 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से जीत लिया। जेम्स नीशम को उनकी बेहतरीन गेंदबाजी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच तथा टिम सीफट 'को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए 'प्लेयर ऑफ द सीरीज से नवाजा गया। पाकिस्तान की ओर से सुफियान मुकीम को दो विकेट मिले। इससे पहले आज यहां न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने मात्र 25 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गवां दिए। हसन नवाज (शून्य), उमर युसूफ (सात) और मोहम्मद हरिस (11) रन बनाकर आउट हुये। ऐसे संकट के समय बल्लेबाजी करने आये कप्तान आगा सलमान ने पारी को संभालने का प्रयास किया। इसके बाद उस्मान खान (सात), अब्दुल समद (चार) नीशम ने आउटकर पवेलियन भेज दिया। शादाब खान ने 20 गेंदों में पांच चौके लगाते हुए (28) रनों की पारी खेली।



## इतना कौन जीरो पर आउट होता है? न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में बना नया पाकिस्तानी रिकॉर्ड

**वेलिंग्टन, एजेंसी।** एक और मैच, एक और इनिंग और एक और बार जीरो पर आउट. ये कहानी है बाबर आजम की जगह टी20 टीम का हिस्सा बनकर न्यूजीलैंड के दौरे पर गए ओपनर हसन नवाज की, जो कीवी टीम के खिलाफ खेली 5 मैचों की टी20 सीरीज में तीसरी बार जीरो पर आउट हुए है. हसन नवाज ने इस सीरीज से अपने इंटरनेशनल करियर की शुरुआत की है. मगर अपने इंटरनेशनल करियर की खेली पहली 5 पारियों में 3 बार जीरो पर आउट होकर उन्होंने नया पाकिस्तानी रिकॉर्ड बना दिया है.

### हसन नवाज ने बनाया नया पाकिस्तानी रिकॉर्ड

हसन नवाज टी20 सीरीज में सबसे ज्यादा जीरो पर आउट होने वाले पाकिस्तानी ओपनर बन गए हैं. उनसे पहले ये रिकॉर्ड शाहजायब हसन, मोहम्मद हफीज और मोहम्मद रिजवान के नाम पर था, जो 2-2 बार जीरो पर आउट हुए हैं. हालांकि, उन तीनों ने हसन नवाज की तरह 5 मैचों की टी20 सीरीज नहीं खेली है. शाहजायब हसन 2 मैचों की टी20 सीरीज में 2 बार जीरो पर आउट हुए है. वहीं मोहम्मद हफीज 3 मैचों की टी20 सीरीज में और मोहम्मद रिजवान 4 मैचों की टी20 सीरीज में.

### न्यूजीलैंड के खिलाफ कब-कब हुए जीरो पर आउट?

हसन नवाज ने अपने इंटरनेशनल करियर की शुरुआत ही जीरो के साथ की. उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टी20 में 2 गेंदों का सामना कर बस जीरो रन बनाए. जैसे उन्होंने सीरीज का आगाज किया, वैसे ही उनके लिए सीरीज का अंत भी हुआ. हसन नवाज न्यूजीलैंड के खिलाफ ञ्20 सीरीज के आखिरी मैच में भी 4 गेंदों पर बिना कोई खाता खोले ही डगआउट लौटे. इन दो जीरो के बीच एक और जीरो उन्हें सीरीज के दूसरे मैच में मिला, जहां वो 3 गेंदें खेलकर कोई रन नहीं बना सके.

# शशांक सिंह में आई हार्दिक पांड्या की आत्मा, शतक नहीं पूरा कर पाए श्रेयस

**अहमदाबाद, एजेंसी।** अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पंजाब किंग्स की कप्तानी कर रहे श्रेयस अय्यर अपने पहले ही मुकाबले में शतक बना लेते अगर टीम साथी शशांक सिंह के बीच हार्दिक पांड्या की आत्मा न आ गई होती। फ्लैट पिच पर गुजरात टाइटंस के गेंदबाजों के खिलाफ श्रेयस ने शुरूआत से आक्रमक रुख अपनाया था। आखिर पारी के 17वें ओवर में उन्होंने अपना रौद्र रूप दिखाया और प्रसिद्ध कृष्णा को 3 छक्के जड़कर मैच रोमांचक कर दिया। श्रेयस ने 42 गेंदों पर 5 चौके और 9 छक्कों की मदद 97 रन बनाए। वह आखिरी ओवर में शतक नहीं बना पाए क्योंकि उन्हें शशांक ने स्ट्राइक नहीं दी और पांच चौके ठोककर 243 रन तक टीम स्कोर तक पहुंचा दिया। अपना पहला आईपीएल शतक चूक जाने के बाद श्रेयस के माथे पर जरा भी शिकन नहीं थी। वह मुस्कराते हुए डगआऊट की ओर गए जहां टीम साथियों ने उनका जोरदार स्वागत किया।

### बतौर कप्तान 2000 रन भी पूरे

आईपीएल में बतौर कप्तान श्रेयस अय्यर ने अपने 2 हजार रन भी पूरे कर लिए हैं। इस लिस्ट में विराट कोहली 143 मैचों में 4994 रन बनाकर टॉप पर हैं। इसके बाद महेंद्र सिंह धोनी 4660 रन, रोहित शर्मा 3986 रन, गौतम गंभीर 3518 रन, डेविड वॉर्नर 3356 रन और केएल राहुल 2691 रन का नाम आता है। केएल राहुल यह उपलब्धि हासिल करने वाले सातवें बल्लेबाज हैं उन्होंने यह रिकॉर्ड अपने 71वें मुकाबले में बनाया।

### चौथे ओवर में आए थे क्रीज पर

श्रेयस चौथे ओवर की शुरूआत में ही क्रीज पर आ गए थे जब प्रभसिमरन सिंह 5 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। श्रेयस ने प्रियांश के साथ साझेदारी बनाई और स्कोर 79 तक ले गए। प्रियांश के 47 रन पर आऊट होने के बाद श्रेयस ने एक छोर संभाला और तेजतर्रार शॉट लगाए। इस दौरान उमरजजई 16, ग्लेन मैक्सवेल 0, मार्कोस स्टोइनिस 20 रन बनाकर आऊट हो गए लेकिन श्रेयस ने शशांक के साथ मिलकर स्कोर 200 पार लगाया। अगर वह शतक लगाते तो क्रिकेट फैंस बेहद खुश होते लेकिन ऐसा हो नहीं पाया।



#### ऐसी गुजरी पंजाब किंग्स की पारी

पंजाब के लिए प्रियांश आर्य के साथ प्रभसिमरन सिंह ओपनिंग के लिए आए। प्रभसिमरन चौथी ओवर में पांच रन बनाकर आऊट हो गए। इसके बाद प्रियांश ने एक छोर संभाला और ताबड़तोड़ शॉट लगाए। कप्तान श्रेयस अय्यर भी अलग रंग में दिखे। दोनों ने पावरप्ले में पंजाब का स्कोर 73 पर ला खड़ा कर दिया। 7वें ओवर में प्रियांश 23 गेंदों पर 47 रन बनाकर राशिद खान का शिकार हो गए। श्रेयस ने एक छोर संभाला लेकिन उमरजजई 16 तो ग्लेन मैक्सवेल पहली ही गेंद पर आऊट हो गए। तब श्रेयस के साथ स्टोइनिस पारी संभालते हुए दिखे। श्रेयस ने इस दौरान अपना अर्धशतक पूरा किया। श्रेयस रुके नहीं। उन्होंने शशांक के साथ कदम मिलाया और तेजी से रन खींचे। 20वें ओवर में उन्हें स्ट्राइक ही नहीं मिली जिसके चलते वह अपना शतक पूरा नहीं कर पाए। लेकिन शशांक ने टीम को 243 रन तक पहुंचा दिया। शशांक ने 16 गेंदों पर 44 रन बनाए।

#### एशियन रेसलिंग चैंपियनशिप

## सुनील कुमार ने एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में जीता कांस्य पदक, चीनी पहलवान को दी मात



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुनील ने चीन के जियाजिन हुआंग को मात दी। सुनील इससे पहले सेमीफाइनल में हार गए थे जिसके बाद उन्होंने कांस्य के लिए मुकाबला खेला। भारतीय पहलवान सुनील कुमार ने एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता। 87 किग्रा ग्रीको रोमन वर्ग के कांस्य पदक मुकाबले में सुनील ने चीन के जियाजिन हुआंग को मात दी। सुनील इससे पहले सेमीफाइनल में हार गए थे जिसके बाद उन्होंने कांस्य के लिए मुकाबला खेला।

### सेमीफाइनल में ईरानी प्रतिद्वंद्वी से हारे थे सुनील

2019 में रजत पदक जीतने वाले सुनील पुराना जादू बिखेरने में सफल रहे। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में तजाकिस्तान के सुखरोब अब्दुलखाएव को 10-1 से हराया। सेकेंड पीरियड में उन्होंने सभी अंक हासिल किए थे। हालांकि, सेमीफाइनल में ईरान के यासिन याजदी के खिलाफ सुनील को 1-3 से हार का सामना करना पड़ा और वह फाइनल में जगह नहीं बना सके। वहीं, 77 किग्रा वर्ग का क्वालिफिकेशन बाउट जीतने वाले सागर ठकरान क्वार्टर फाइनल में जॉर्डन के आमरो सादेह से 10-0 से हार गए। सादेह ने इस तरह सेमीफाइनल में जगह बनाई। हार के बाद सागर को अपने प्रतिद्वंद्वी के सेमीफाइनल मैच के नतीजे पर निर्भर रहना होगा। अन्य मैचों में उमेश (63 किग्रा) क्वालिफिकेशन में हार गए, जबकि नितिन (55 किग्रा) और प्रेम (130 किग्रा) भी क्वालिफिकेशन दौर से बाहर हुए।

## हिमाचल की शिल्पा की कप्तानी में भारत ने जीता कबड्डी का विश्व कप



बिलासपुर, एजेंसी। इंग्लैंड में खेले गए कबड्डी वर्ल्ड कप-2025 में भारत की पुरुष और महिला टीमों ने मेजबान इंग्लैंड को हराकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। भारतीय कबड्डी का परचम फिर विश्व स्तर पर लहराया है। इंग्लैंड में खेले गए कबड्डी वर्ल्ड कप-2025 में भारत की पुरुष और महिला टीमों ने मेजबान इंग्लैंड को हराकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। खास बात यह है कि भारतीय महिला टीम की कमान मंडी के बल्ह विधानसभा क्षेत्र के चक्कर गांव की शिल्पा भारद्वाज के पास रही। जिन्होंने अपनी कप्तानी में टीम को ऐतिहासिक जीत तक पहुंचाया। भारतीय महिला टीम ने फाइनल मुकाबले में इंग्लैंड को 57-34 से मात दी, जबकि पुरुष टीम ने रोमांचक मुकाबले में 44-41 से जीत दर्ज की। महिला टीम में बिलासपुर की मीनाक्षी भी शामिल रहीं। जिन्होंने अपने शानदार खेल से टीम की जीत में अहम योगदान दिया। शिल्पा भारद्वाज की कप्तानी और मीनाक्षी के दमदार प्रदर्शन ने हिमाचल प्रदेश का नाम फिर पूरे विश्व में चमकाया है। प्रदेश के खेल प्रेमियों के लिए यह दोहरी खुशी है कि बेटियां इस जीत में अहम भूमिका निभाने में सफल रहीं। पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने इस जीत पर खिलाड़ियों को बधाई दी।

# जोकोविच ने मुसेट्टी को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया



**मियामी, एजेंसी।** छह बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच ने बुधवार (भारतीय समयानुसार) को 15वीं वरीयता प्राप्त लोरेंजो मुसेट्टी के खिलाफ 6-2, 6-2 से जीत के साथ एटीपी मियामी ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। 37 वर्षीय खिलाड़ी, जो अब अपने 100वें टूर-लेवल खिताब से तीन जीत दूर हैं, अब उनका अगला मुकाबला अमेरिकी सेबेस्टियन कोर्डा से होगा। यह 2019 के बाद से मियामी में जोकोविच की पहली उपस्थिति है। एटीपी के अनुसार, 2016 में क्रैंडन पार्क में खिताब जीतने के बाद से वह क्वार्टर फाइनल में नहीं पहुंचे थे। जोकोविच शुरुआती ब्रेक में पिछड़ गए और उन्हें समय उल्लंघन की चेतावनी दी गई। वह क्षण निर्णायक साबित हुआ, क्योंकि 40 बार के मास्टर्स 1000 विजेता ने वहीं से लय हासिल कर ली। चौथे वरीय खिलाड़ी ने लगातार नौ गेम जीतकर घाटे को भूस्खलन में बदल दिया, और अंततः एक घंटे और 23 मिनट के बाद अंतिम आठ में अपनी जगह पक्की कर ली। सेरेना विलियम्स और जुआन मार्टिन डेल पोत्रो (अर्जेंटीना के खिलाड़ी उनके बॉक्स में थे) के सामने जोकोविच ने शानदार प्रदर्शन किया। जोकोविच ने अपने ऑन-कोर्ट साक्षात्कार में कहा, मैं स्टारस्ट्रक था! फर्स्ट डेलपो को देखना अद्भुत था, जाहिर तौर पर एक लंबे समय से दोस्त और प्रतिद्वंद्वी, उन्हें अपने आस-पास पाकर और बॉक्स से उनका समर्थन पाकर बहुत खुश था। यह आश्चर्यजनक था, डेलपो को बॉक्स में देखना (पहली बार) था, इसलिए मैं उन्हें आने के लिए वास्तव में धन्यवाद देना चाहता हूं। और सेरेना, यह एक आश्चर्य था। मुझे नहीं पता था।

उन्होंने आगे कहा, वास्तव में, जब मैंने डाउन-द-लाइन पासिंग शॉट लगाया, तो मैंने उसकी ओर इशारा किया और उससे पूछा कि क्या यह ठीक है। उसने कहा, हाँ, यह ठीक था। अगर सेरेना कहती है कि यह ठीक था, तो यह हर किसी के मानकों के हिसाब से अद्भुत था। तो हां, उनका होना बहुत बढ़िया है।

# युजवेंद्र चहल और धनश्री वर्मा के तलाक की असल वजह आई सामने

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और धनश्री वर्मा का तलाक हो चुका है। 20 मार्च ब्रांद्रा फैमिली कोर्ट ने दोनों के तलाक पर मोहर लगाई। इस जोड़े ने अलग होने की घोषणा की थी, लेकिन उन्होंने अपने अलग होने के पीछे की वजह का खुलासा नहीं किया।



एक नई रिपोर्ट में है इन दोनों के अलग होने की वजह सामने आई है। चहल-धनश्री ने दिसंबर 2020 में अपनी शादी की थी।

एक वरिष्ठ पत्रकार विक्की लालवानी के मुताबिक चहल-धनश्री के बीच तलाक का मुख्य कारण उनके निवास स्थान को लेकर जुड़ा था। पत्रकार के मुताबिक, शादी के बंधन में बंधने के बाद युजी और धनश्री हरियाणा में युजी के माता-पिता के साथ रहने चले गए और जरूरत पड़ने पर ही मुंबई जाते थे। यह मुंबई-हरियाणा का झगड़ा ही एक मुख्य कारण था जिसकी वजह से यह चर्चित शादी टूट गई। युजी ने स्पष्ट किया कि वह अपने माता-पिता के घर और आस-पास से खुद को दूर नहीं करेंगे। इन दावों के बावजूद युजवेंद्र चहल और धनश्री वर्मा सहित दोनों के परिवार वालों ने इस मामले में कुछ नहीं कहा है। अपने आधिकारिक बयान में जोड़े ने कहा कि उन्होंने सौहार्दपूर्ण और आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया है। बार एंड बेंच के अनुसार युजवेंद्र चहल ने धनश्री वर्मा को गुजारा भत्ता के तौर पर 4.75 करोड़ रुपए देने पर सहमति जताई है।

# विश्व शतरंज चैंपियन डी गुकेश पर भी है धोनी का प्रभाव, बताया किस तरह दबाव झेलने में मिलती है मदद

**चेन्नई, एजेंसी।** गुकेश ने पिछले साल डिंग लिरेन को हराकर फिडे विश्व शतरंज चैंपियनशिप का खिताब जीता था। गुकेश महेंद्र सिंह धोनी के बड़े प्रशंसक हैं और उन्होंने बताया कि किस तरह इस पूर्व भारतीय कप्तान का प्रभाव उन पर पड़ा है।

भारतीय टीम और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी से खेल जगत के कई लोग प्रभावित होते रहे हैं और इस लिस्ट में विश्व शतरंज चैंपियन डी गुकेश का नाम भी शामिल है। गुकेश शतरंज बोर्ड पर शांत रवैये के लिए जाने जाते हैं और धोनी भी कैप्टन कूल के नाम से प्रसिद्ध हैं। 43 साल के धोनी फिलहाल आईपीएल 2025 में हिस्सा ले रहे हैं। गुकेश ने शतरंज



में दबाव झेलने का श्रेय धोनी को दिया है।

गुकेश विश्व कप विजेता कप्तान धोनी के बड़े प्रशंसक हैं और अब वह सीएसके के इस लीजेंड खिलाड़ी से जीवन के सबक सीख रहे हैं। गुकेश ने चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में सीएसके साथ विशेष बातचीत की। गुकेश ने इस दौरान बताया कि किस तरह उन पर और उनके खेल पर धोनी का प्रभाव है। गुकेश ने कहा, धोनी के एक खिलाड़ी हैं जिनकी मैं हमेशा प्रशंसा करता हूं। कैसे वे किसी भी चीज पर प्रतिक्रिया नहीं करते। कैसे वे किसी भी परिस्थिति में शांति से सोचने में सक्षम हैं। सबसे ज्यादा दबाव वाले क्षणों में, वे शांति से सोचने में सक्षम हैं। मैं यह सब देखते हुए बड़ा हुआ हूं। मुझे लगा कि मुझे अपने खेल में भी इसे अपनाना चाहिए।

गुकेश ने कहा, इस तरह से धोनी ने मुझे वाकई प्रेरित किया है। मैं चीजों पर ज्यादा प्रतिक्रिया नहीं देता। मैं दबाव झेलने में भी सक्षम हूं। इस मामले में धोनी ने मेरे करियर में मेरी काफी मदद की है। न केवल एक प्रेरणा के रूप में बल्कि मेरे खेल में भी।

### गुकेश बोले- धोनी का उनके दृष्टिकोण पर प्रभाव पड़ा

पिछले साल गुकेश ने डिंग लिरेन के खिलाफ विश्व चैंपियनशिप के मुकाबले में गुकेश ने दबाव की स्थिति में शांत रहने का परिचय दिया था। पहला गेम हारने के बाद गुकेश ने शानदार तरीके से वापसी की थी और लिरेन को अंतिम गेम तक संघर्ष करना पड़ा था। गुकेश ने बताया कि कैसे धोनी को दबाव से निपटते और मैदान पर अपने खिलाड़ियों को नियंत्रित करते हुए देखने से शतरंज के प्रति उनके दृष्टिकोण पर प्रभाव पड़ा है। गुकेश ने कहा, जब भी कोई दबाव वाला पल आता है, तो मैं सोचता हूं कि धोनी ने ऐसी परिस्थिति में इतने दबाव को कैसे संभाला होगा। इन चीजों ने मुझे शांत रहने में बहुत मदद की है। मुझे लगता है कि धोनी ने एक साक्षात्कार में कहा था, सरल चीजें करते रहो, जब परिस्थिति बहुत कठिन हो तो दिमाग स्पस्ट रखो। शतरंज में कठिन परिस्थितियों का सामना करते समय मैं अपने भीतर वही शांति लाने की कोशिश करता हूं।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में 15 साल के लड़के को दोस्तों ने किया किडनैप

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के वजीराबाद में नाबालिग दोस्तों ने नौवीं के छात्र का अपहरण कर हत्या कर दी। फिर परिजनों से दस लाख रुपये फिरौती की मांग की। हालांकि, पुलिस ने मंगलवार को छात्र का शव बरामद कर तीनों आरोपियों को दबोच लिया। जानकारी के अनुसार, 15 वर्षीय वैभव परिवार सहित मिलन विहार इलाके में रहता था। वैभव के पिता विकास गर्ग पेशे से ड्राइवर हैं। उन्होंने बताया कि उनका बेटा मुखर्जी नगर स्थित स्कूल में कक्षा नौ का छात्र था। वैभव रविवार को घर से खेलने के लिए गया, लेकिन वापस नहीं लौटा। इस बारे में पुलिस को सोमवार को सूचना दी गई। विकास के मोबाइल पर वैभव के मोबाइल नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने वैभव की जान बचाने के लिए दस लाख रुपये की मांग की। परिजनों ने पुलिस को इस कॉल के बारे में जानकारी दी। जांच के बाद पुलिस ने तीन नाबालिगों को संदिग्ध मान कर पूछताछ की, जिन्होंने हत्या की बात कबूली। तीनों आरोपी वैभव के घर के पास रहते थे। तीनों रविवार को योजना के तहत वैभव को बहला कर अपने साथ भलस्वा डेरी झील के पास जंगल में ले गए। यहीं पर इन्होंने वैभव का गला काट दिया। पुलिस तीनों से पूछताछ में जुटी है।

### बेटी का रेप कर गर्भवती करने वाले पिता को उम्रकैद, कोर्ट ने कहा- यह समाज की अंतरात्मा को झकझोरने वाला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की एक अदालत ने 2021 में अपनी 17 वर्षीय बेटी के साथ दुष्कर्म करने और उसे गर्भवती करने के दोषी व्यक्ति को उम्रकैद की सजा सुनाते हुए कहा कि वह समाज के लिए एक वास्तविक खतरा है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अमित सहरावत ने उस व्यक्ति की सजा पर दलीलें सुनने के बाद यह फैसला दिया, जिसे यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की धारा-छह (गंभीर यौन उत्पीड़न) और बलात्कार के दंडात्मक प्रावधानों के तहत दोषी ठहराया गया था। न्यायमूर्ति सहरावत ने 21 मार्च को आदेश में कहा, दोषी का अपराध सबसे जघन्य अपराधों में से एक है। समाज के लिए यह बिल्कुल अस्वीकार्य है कि एक पिता ने अपनी सगी बेटी के साथ बलात्कार किया और उसे लगभग छह महीने तक गर्भ धारण भी किए रहने दिया। उन्होंने कहा कि दोषी की इस हरकत ने समाज की अंतरात्मा को झकझोर दिया है और अगर वह अपनी बेटी के साथ इतना जघन्य अपराध कर सकता है, तो वह अन्य बच्चों के साथ भी ऐसा कर सकता है। न्यायमूर्ति सहरावत ने कहा, इस तरह दोषी समाज के लिए एक वास्तविक खतरा है। यह अपराध एक जघन्य कृत्य है और दोषी किसी भी तरह की नरमी का हकदार नहीं है। समाज की रक्षा करना और दोषी को यथासंभव लंबे समय तक समाज से दूर रखना इस अदालत का कर्तव्य है। दोषी के साथ सख्ती से पेश आया जाना चाहिए। हालांकि, अदालत ने कहा कि यह अपराध दुर्लभतम मामलों की श्रेणी में नहीं आता। अदालत ने दोषी को उसके शेष प्राकृतिक जीवन तक कारावास की सजा सुनाई।

### 10 मिनट में आ रहा हूं; बेटे के वो आखिरी शब्द, मां के आंसू, रुला रही वजीराबाद मर्डर की कहानी

नई दिल्ली, एजेंसी। आज से 40 साल पहले एक फिल्म आई थी आखिर क्यों उस फिल्म में एक गाना था- दुश्मन न करे दोस्त ने वो काम किया है... दिल्ली के वजीराबाद में 9वीं क्लास के छात्र के साथ उसके दोस्तों ने दुश्मन सरीका ही काम किया है। पहले किडनैप और फिर गला काटकर हत्या। फिरौती के रूप में 10 लाख रुपये भी मांगे। 15 साल के वैभव की मां अपने बेटे के वियोग में रोए जा रही है। बार-बार बेटे के उन आखिरी शब्दों को याद कर रही है। बेटे ने घर से बाहर जाने के पहले एक वादा किया था। कहा था कि वह 10 मिनट में आ रहा है। मां को क्या पता था कि 10 मिनट बोलकर जाने वाला उनका बेटा अब कभी नहीं आएगा। अब उन्हें मम्मी बोलने वाला कोई नहीं होगा। मां के न थमते आंसू दिल्ली सहित पूरे देश को रुला रहे हैं। 15 साल का वैभव मुखर्जी नगर स्थित एक स्कूल में कक्षा 9वीं का छात्र था। मिलन विहार में वह अपने परिवार सहित रहता था।

# रेल यात्रियों के लिए खुशखबरी, ट्रेन में छूटा हुआ सामान मिलेगा वापस




**नई दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिमी रेलवे (डब्ल्यूआर) की लॉस्ट एंड फाउंड वेबसाइट ऑनलाइन हो गई है। रेलवे के एक प्रवक्ता ने बताया कि ट्रेनों और रेलवे परिसरों में मिलने वाले सामान, पर्स, हैंडबैग, डिब्बे और अन्य सामान अब फोटोज के साथ पश्चिम रेलवे के पोर्टल पर अपलोड किए जाएंगे। ताकि यात्रियों के लिए उन्हें पहचानना और हासिल करना आसान हो जाए।पश्चिम रेलवे के प्रवक्ता ने इसकी जानकारी दी है। पश्चिम रेलवे के प्रवक्ता ने कहा, भारतीय रेलवे में पहली बार रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) पश्चिम रेलवे की वेबसाइट पर खोए/छोड़े गए सामान की डिटेल अपलोड की गई है, जो पश्चिम रेलवे के होम पेज पर उपलब्ध है। हमने इसे ऑपरेशन अमानत नाम दिया है और इसके तहत खोए हुए सामान की वापसी सुनिश्चित की गई है।

ऑपरेशन अमानत के माध्यम से, आरपीएफ सक्रिय रूप से ऐसे खोए हुए सामान का पता लगाता है और यह सुनिश्चित करता है कि अवे अपने असली मालिकों को वापस मिल जाएं।

रेलवे के प्रवक्ता ने कहा, ऑपरेशन अमानत के तहत आरपीएफ ने अपने कर्तव्य से आगे बढ़कर जरूरतमंद यात्रियों की मदद की है और उनके खोए या छूटे सामान मोबाइल फोन, लैपटॉप, आभूषण, नकदी आदि जैसी कीमती वस्तुओं को बरामद कर यात्रियों को लौटाया है। अप्रैल 2024 से फरवरी 2025 के दौरान 9.4 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के 4700 सामान यात्रियों को लौटाए गए हैं।

खोए हुए बैग को वापस पाने के सबसे बड़े मामलों में से एक, जो 16 फरवरी, 2025 को हुआ था, सब-इंस्पेक्टर योगेश कुमार जानी ने कांस्टेबल हनुमान प्रसाद चौधरी के साथ ट्रेन नंबर 12479 सूर्यनगरी सुपरफास्ट एक्सप्रेस में कोच बी4 की सीट नंबर 15 के नीचे एक मेहंदी रंग का बैग पाया, जब वे बांद्रा टर्मिनस के प्लेटफॉर्म नंबर 5 पर चेकिंग कर रहे थे। बैग को आरपीएफ पोस्ट लाया गया। बैग की जांच-पड़ताल करने पर, उसमें एक मोबाइल फोन, कपड़े और कीमती आभूषणों से भरा एक पॉलीथीन बैग मिला।

उसी दिन, एक व्यक्ति अपने खोए हुए बैग की तलाश में बांद्रा स्टेशन पर रेलवे कार्यालय पहुंचा। उसने बताया कि वह अपने दो छोटे बच्चों और अन्य सामान के साथ ट्रेन से जोधपुर से बांद्रा टर्मिनस आया था।

उसने कहा कि उसने अपना एक बैग कोच बी4 (सीट नंबर 15, 24) में छोड़ दिया था। फिर उसने 139 पर कॉल किया। यात्री ने अपना बैग पहचाना, जिसे उसके सामने खोला गया और चेक किया गया। बरामद सामान की कुल कीमत 15,83,000 रुपये थी। बैग और सभी सामान सुरक्षित रूप से उसे सौंप दिया गया। यात्री ने आरपीएफ बांद्रा टर्मिनस और हेल्पलाइन के काम की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

## अब किस मामले में फंसा नूंह हिंसा का आरोपी बिट्टू बजरंगी, पुलिस ने दर्ज की एफआईआर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट कर एक समुदाय की धार्मिक भावनाओं को भड़काने के आरोप में सारन थाना पुलिस ने गौ रक्षा बजरंग फोर्स के अध्यक्ष राजकुमार उर्फ बिट्टू बजरंगी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। आरोपी ने अपने एक वीडियो में एक नेता के प्रति भी विवादित टिप्पणी की है।

पुलिस के मुताबिक, पुलिस ने यह मामला सारन थाना एसएचओ कृष्ण कुमार की शिकायत पर दर्ज किया है। वीडियो में आरोपी एक सामुदाय के लोगों के खिलाफ विवादित टिप्पणी कर रहा है। इससे लोगों की धार्मिक भावनाएं भड़क सकती हैं। आरोपी के खिलाफ भावनाओं को भड़काने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। आरोप है कि बिट्टू बजरंगी ने सोमवार को अपने फेसबुक अकाउंट पर एक वीडियो वायरल किया था। इसके बाद पुलिस हरकत में आ गई थी।

बता दें कि बिटटू बजरंगी का नाम नूंह हिंसा मामले में चर्चा में आया था। उस मामले में भी मामला दर्ज हुआ था। उधर, बिटटू बजरंगी ने बताया कि छह अप्रैल को हिंदू एकता भगवा रैली का आयोजन होना है। इसकी तैयारी कर रहे हैं। मैं हर रोज सोशल मीडिया पर वीडियो डालता रहता हूं। मुझे मामला दर्ज होने की जानकारी नहीं है।

## सीमा हैदर और सचिन मीणा ने अपनी बेटी को दिया कृष्ण से जुड़ा नाम



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दो साल पहले पाकिस्तान से भागकर भारत आई सीमा हैदर हाल ही में 5वीं बार मां बनी है। सीमा ने प्रेमी सचिन मीणा की बच्ची को जन्म दिया है। सीमा और सचिन ने अब बेटी को नया नाम भी दिया है। खुद को अब हिंदू बताने वाली सीमा हैदर ने अपनी बेटी के लिए महान कृष्णभक्त मीरा का नाम अपनाया है। हालांकि, अभी असली नामकरण होना बाकी है।

सीमा और सचिन ने एक यूट्यूब वीडियो में बताया कि उन्होंने अपनी बेटी का नाम मीरा रखा है। उन्होंने उसे प्यार से बुलाने के लिए यह नाम दिया है। अभी असली नाम पंडित जी तय करेंगे। इससे पहले सीमा हैदर अपने चार बच्चों का नाम भी बदल चुकी है और उन्हें हिंदू पहचान दे चुकी है। हालांकि, पाकिस्तानी भाभी ने अपने नाम में किसी तरह का बदलाव नहीं किया है।

सीमा हैदर मई 2023 में अवैध तरीके से भारत में घुस गई थी। पबजी गेम खेलते हुए सचिन मीणा से उसे प्यार हो गया था। सीमा बिना वीजा-पासपोर्ट के ही नेपाल के रास्ते भारत में दाखिल हो गई थी। राज खुलने पर उसे जुलाई 2023 में गिरफ्तार कर लिया गया था। वह अभी जमानत पर बाहर है। सीमा हैदर का दावा है कि वह सचिन मीणा से शादी कर चुकी है और वह जिंदगीभर अब हिन्दुस्तान में ही रहेगी। हालांकि, सीमा हैदर और उसके बच्चों पर अभी नागरिकता को लेकर सस्पेंस बना हुआ है।

उधर, सीमा हैदर का पाकिस्तानी पति गुलाम हैदर अपने चार बच्चों को वापस पाने के लिए कानूनी लड़ाई लड़ रहा है। वह सीमा के पांचवीं बार मां बनने के बाद से काफी गुस्से में है। गुलाम हैदर हर दिन यूट्यूब पर नए वीडियो डालकर अपनी भड़ास निकाल रहा है।

### दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेसवे पर ट्रैफिक रहेगा डायवर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेसवे पर नेशनल हाईवे-48 पर 'फुट ओवरब्रिज' के निर्माण के कारण बुधवार आधी रात से छह घंटे के लिए वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध रहेगा। गुरुग्राम ट्रैफिक पुलिस ने एडवाइजरी जारी की है। ट्रैफिक पुलिस की ओर से मंगलवार को जारी एडवाइजरी में कहा गया है कि बुधवार आधी रात से लेकर गुरुवार सुबह छह बजे तक नरसिंहपुर के निकट निर्माण कार्य किया जाएगा।

इस ट्रैफिक एडवाइजरी में कहा गया है कि दिल्ली और जयपुर से आने वाले वाहनों के ट्रैफिक पुलिस की तरफ से डायवर्जन किया गया है। वाहन चालकों से वैकल्पिक रास्तों का इस्तेमाल करने की सलाह दी गई है। ट्रैफिक एडवाइजरी के अनुसार, बुधवार 26 मार्च देर रात 12 बजे से 27 मार्च सुबह छह बजे तक दिल्ली-जयपुर हाईवे गुरुग्राम से जयपुर और जयपुर से दिल्ली की ओर नरसिंहपुर के पास बंद रहेगा।

## शख्स ने 454 पेड़ों को काटा, अब हर पेड़ के बदले देना होगा 1 लाख का जुर्माना

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा- ये हत्या से भी बुरा कृत्य

### मथुरा-वृंदावन स्थित डालमिया फार्म में काटे गए थे 454 पेड़



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पेड़ों की अवैध कटाई एक शख्स को भारी पड़ गई। सुप्रीम कोर्ट ने उस पर काटे गए हर पेड़ के बदले 1 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। व्यक्ति ने अपनी गलती मान ली है। उसने शीर्ष अदालत से जुर्माना कम करने की मांग की। मगर अदालत ने इसे ठुकरा दिया। इस शख्स ने कुल 454 पेड़ काटे थे। मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि बड़ी संख्या में पेड़ों को काटना इंसान की हत्या से भी बदतर कृत्य है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने ताज संरक्षित क्षेत्र में 454 पेड़ों को काटने वाले शख्स की याचिका को खारिज कर दिया और मामले में सख्त टिप्पणी की। पीठ ने कहा कि पर्यावरण के मामले में कोई दया नहीं होनी चाहिए। बड़ी संख्या में पेड़ों को काटना किसी इंसान की हत्या से भी बदतर है। शीर्ष अदालत ने कहा कि बिना अनुमति के काटे गए 454 पेड़ों से बने हरित क्षेत्र को दोबारा बनाने में कम से कम 100 साल लगेंगे। शीर्ष अदालत ने केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति की रिपोर्ट को भी स्वीकार कर लिया है। रिपोर्ट में मथुरा-वृंदावन स्थित डालमिया फार्म में 454 पेड़ काटने वाले शिव शंकर अग्रवाल पर प्रति पेड़ एक लाख रुपये का जुर्माना लगाने की सिफारिश की गई थी। वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने अग्रवाल का पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि याची ने अपनी गलती स्वीकार कर ली है। मगर अदालत ने जुर्माना राशि कम करने से मना कर दिया। अदालत ने कहा कि अग्रवाल को पास के स्थल पर पौधारोपण करने की अनुमति दी जानी चाहिए। यह भी कहा कि उनके खिलाफ दायर अवमानना याचिका का निपटारा अनुपालन के बाद ही किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने 2019 में पारित अपना आदेश भी वापस ले लिया। इसमें ताज ट्रेपेजियम जोन के भीतर गैर-वन और निजी भूमि पर पेड़ों को काटने के लिए पूर्व अनुमति लेने आवश्यकता को हटा दिया गया।

## भारत ने यूएस टैरिफ से बचने के लिए तैयार की बड़ी योजना, 23 बिलियन की होगी कटौती, व्यापार में सुधार की उम्मीद



**वाशिंगटन, एजेंसी।** भारत सरकार ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के द्वारा लगाए गए टैरिफ चक्रव्यूह से बाहर निकलने के लिए एक रणनीति तैयार की है। भारत अब अमेरिकी सामानों पर 23 बिलियन डॉलर के टैरिफ को कम करने की योजना बना रहा है। यह कदम भारत को अमेरिका से होने वाली व्यापारिक क्षति को कम करने और दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों को सुधारने में मदद करेगा।

भारत ने यह निर्णय लिया है कि वह अमेरिका से आयात किए गए 55 प्रतिशत सामान पर टैरिफ कम करेगा। इसके तहत कई अमेरिकी सामानों पर लगने वाले 5 से 30 प्रतिशत तक के टैरिफ को घटाया जाएगा। यह कदम अमेरिका के साथ व्यापार संबंधों को सुधारने के उद्देश्य से उठाया गया है और इस फैसले से अमेरिका को 66 बिलियन डॉलर का निर्यात मिल सकता है। वर्तमान में अमेरिका का औसत टैरिफ केवल 2.2 प्रतिशत है जबकि भारत का औसत टैरिफ 12 प्रतिशत है। इस अंतर को देखते हुए भारत ने अमेरिका से आयात किए जाने वाले सामानों पर टैरिफ में कटौती करने का निर्णय लिया है। भारत और अमेरिका के बीच व्यापार घाटा 45.6 बिलियन डॉलर है और यह निर्णय इस घाटे को कम करने के लिए लिया जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत को टैरिफ किंग कहा था और उन्होंने सभी देशों पर टैरिफ लगाए जाने की बात कही थी। हालांकि भारत ने ट्रंप के इस रवैये का तोड़ निकालने के लिए योजना बनाई है। भारत ने ट्रंप के पारस्परिक टैरिफ से बचने के लिए समझौते के लिए बातचीत शुरू की है।

## अंतरिक्ष में कितना मुश्किल है क्रिकेट खेलना, सामने आया वीडियो!



**वाशिंगटन, एजेंसी।** क्रिकेट दुनिया का सबसे लोकप्रिय खेलों में से एक है। धरती पर तो इसे खेलना आसान है लेकिन क्या आप सोच सकते हैं कि अंतरिक्ष में क्रिकेट खेलना कैसा होगा? जी हां, बिना गुरुत्वाकर्षण वाले माहौल में बैटिंग-बॉलिंग करना किसी चमत्कार से कम नहीं होगा। एलन मस्क ने सोशल मीडिया पर एक एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें दिख रहा है कि एक व्यक्ति स्वंय गेंद फेंक रहा है, फिर दूसरे छोर पर जाकर खुद बैटिंग कर रहा है। आइए जानते और देखतें हैं कि अंतरिक्ष में क्रिकेट खेलना कितना मुश्किल होगा और क्या इसे खेलना संभव है।

**अंतरिक्ष में क्रिकेट खेलने की चुनौतियाँ:** धरती पर क्रिकेट खेलते समय हम गुरुत्वाकर्षण की मदद से आसानी से दौड़ सकते हैं, गेंद को फेंक सकते हैं और शॉट लगा सकते हैं। लेकिन अंतरिक्ष में खेलना इतना आसान नहीं होगा

**जीरो ग्रविटी में गेंद कैसे बाउंस होगी?:** क्रिकेट की पिच पर गेंद बाउंस करने के लिए गुरुत्वाकर्षण जरूरी होता है। अंतरिक्ष में ग्रेविटी नहीं होने के कारण गेंद एक बार हवा में जाएगी तो सीधी चलती रहेगी, नीचे गिरेगी ही नहीं। ऐसे में गेंदबाजी करना बहुत मुश्किल हो जाएगा।

**बैटिंग करना होगा मुश्किल:** जब कोई बल्लेबाज शॉट मारता है तो गेंद को दिशा देने के लिए ग्रेविटी का सहारा मिलता है। लेकिन अंतरिक्ष में जब बल्ला गेंद से टकराएगा तो दोनों बिना किसी रुकावट के उड़ते रहेंगे। इससे बैटिंग करना बेहद चुनौतीपूर्ण होगा।

**दौड़ना लगभग असंभव होगा:** क्रिकेट में रन लेने के लिए बल्लेबाजों को दौड़ना पड़ता है। लेकिन जीरो ग्रविटी में जैसे ही कोई खिलाड़ी दौड़ने की कोशिश करेगा वह हवा में तैरने लगेगा।

## दक्षिण कोरिया में जंगल की आग ने मचाई तबाही; 18 लोगों की मौत

### 1300 साल पुराना बौद्ध मठ खाक

**सियोल, एजेंसी।** अमेरिका के कैलिफोर्निया में उत्पात मचाने के बाद अब जंगल की आग ने साउथ कोरिया में भीषण तबाही मचाई है। देश के दक्षिणी क्षेत्र में लगी इस आग में अब तक कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई है। अधिकारियों के अनुसार 18 मृतकों में चार अग्निशामक और सरकारी कर्मचारी भी शामिल हैं। बुधवार को अधिकारियों ने बताया है कि आग में 200 से ज्यादा इमारतें राख हो चुकी हैं। वहीं लगभग 27 हजार से ज्यादा लोगों को अपना घर छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा है। इसे कोरिया के इतिहास की सबसे भीषण जंगल की आग बताया जा रहा है।

दक्षिण कोरिया के कार्यवाहक राष्ट्रपति हान डक-सू ने बताया है कि यह आग बीते शुक्रवार को लगी थी और यह पहले से कहीं ज्यादा खतरनाक है। हान ने कहा, नुकसान बढ़ता जा रहा है। ऐसी भीषण आग पहले कभी नहीं देखी गई। हम इस सप्ताह पूरी क्षमता के साथ आग को बुझाने की कोशिश करनी होंगी। हान ने कहा कि रात भर तेज हवाएं चलने की वजह से जंगल में लगी आग को बुझाने के लिए कर्मचारियों को संघर्ष करना पड़ रहा है। हान ने आगे बताया कि बुधवार को लगभग 4,650



दमकल कर्मी, सैनिक और अन्य कर्मचारी लगभग 130 हेलीकॉप्टरों की मदद से जंगल में लगी आग को बुझाने के लिए काम कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गुरुवार को थोड़ी राहत मिलने की की उम्मीद है। 1,300 साल पुराना बौद्ध मठ जलकर खाक सरकार के आपातकालीन प्रतिक्रिया केंद्र ने बताया कि इस आग में 1,300 साल पुराना बौद्ध मठ भी जलकर खाक हो गया है। कोरिया हेरिटेज सर्विस के अधिकारियों के मुताबिक उइसोंग में लगी आग में 7वीं शताब्दी में निर्मित गौंसा नाम के मठ को काफी नुकसान पहुंचा। अनुमान के मुताबिक आग अब तक करीब 43,330 एकड़ जमीन को अपने अंदर लील चुकी है। इससे पहले देश के दक्षिण-पूर्वी शहरों और कस्बों के अधिकारियों ने मंगलवार को लोगों को शहर खाली करने के निर्देश जारी किए थे। दक्षिण कोरिया के गृह मंत्रालय के अनुसार सबसे ज्यादा नुकसान एंडोंग, पड़ोसी काउंटी उइसोंग और सांचोंग और उल्सान जैसे शहरों में हुआ है। वहीं इससे पहले मंगलवार को अधिकारियों ने कहा था कि दमकलकर्मियों ने कुछ क्षेत्रों में लगी आग की अधिकांश लपटों को बुझा दिया है।

## पाकिस्तान के आर्मी चीफ मुनीर पर प्रतिबंध लगा सकता है अमेरिका, संसद में बिल पेश

**वाशिंगटन, एजेंसी।** पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर पर अमेरिका प्रतिबंध लगा सकता है। इसके लिए कांग्रेस में बिल पेश किया गया है। इस बिल का मकसद पाकिस्तान में राजनीतिक विरोधियों पर दमन, खासतौर पर पूर्व क्रूइमरान खान की गिरफ्तारी को लेकर सैन्य नेतृत्व की जवाबदेही तय करना है। इस बिल को रिपब्लिकन सांसद जो विल्सन और डेमोक्रेटिक सांसद जिमी पनेटा ने अमेरिकी संसद में पेश किया है। यह प्रस्ताव 'ग्लोबल मैग्निट्सकी ह्यूमन राइट्स अकाउंटेबिलिटी एक्ट' के तहत पाक के सैन्य अधिकारियों पर प्रतिबंध लगाने की सिफारिश करता है। अगर यह बिल पास हो जाता है, तो जनरल मुनीर और अन्य अधिकारियों पर प्रतिबंध के अलावा विदेशों में उनकी संपत्ति जब्त हो सकती है। इस बिल का डेमोक्रेट सांसद रो खन्ना व इल्हान उमर और



रिपब्लिकन सांसद जैक बर्गमैन जैसे 10 सांसद ने पहले ही समर्थन दे चुके हैं।

विधेयक पास होने पर अमेरिका 180 दिनों के भीतर पाकिस्तान की सैन्य लीडरशिप पर प्रतिबंध लागू करेगा। जनरल मुनीर सहित अन्य अधिकारियों की पहचान की जाएगी, जिन्होंने राजनीतिक दमन में भूमिका निभाई है। इन अधिकारियों को अमेरिकी वीजा नहीं मिलेगा और उनके अमेरिका में प्रवेश पर पाबंदी लगेगी।

# स्वच्छता पखवाड़ा के तहत वृक्षारोपण



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बीएसएल में 16 -31 मार्च तक जारी स्वच्छता पखवाड़ा के तहत दिनांक 26 मार्च को कार्यकारी निदेशक प्रभारी एवं अधिशासी निदेशक (संकार्य) सीआर महापात्रा के द्वारा प्लांट मेन गेट के पास स्थित सहभागिता उद्यान में वृक्षारोपण किया गया। इस मौके पर अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक (माइंस) विकास मनवटी, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) सीआर मिश्रा, अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं) अनीश सेनगुप्ता, बीजीएच के प्रभारी डॉ बी बी करुणामय, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के उप महा निरीक्षक दिग्विजय कुमार सिंह की टीम के साथ मुख्य महाप्रबंधक, वरीय अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित थे।

**ब्लास्ट फर्नेस विभाग के 3TP#1 विद्युत सबस्टेशन का किया गया नवीनीकरण**

26 मार्च को ब्लास्ट फर्नेस विभाग के नवीनीकृत 3TP#1 विद्युत सबस्टेशन के परिचालन का शुभारम्भ कार्यकारी निदेशक प्रभारी एवं अधिशासी निदेशक (संकार्य) सीआर महापात्रा के द्वारा किया गया. इस अवसर पर अधिशासी निदेशक (परियोजना) श्री अनीष सेनगुप्ता भी उपस्थित थे. 3TP#1 सबस्टेशन मुख्य रूप से PSD#1 की विद्युत आवश्यकताओं को पूरा करता है, जो ब्लास्ट फर्नेस विभाग के लिए कच्चे माल का आने वाला मुख्य जंक्शन हाउस है. इसे 1972 में स्थापित किया गया था और काफी पुराना हो जाने के कारण इसके एयर सर्किट ब्रेकर और अन्य घटक अप्रचलित हो गए थे और स्पेयर भी उपलब्ध नहीं हो पा रहा था. नवीनीकृत सबस्टेशन को 415 वोल्ट ए.सी. के 03 खंडों में विभाजित किया गया है. इसमें 11केवी/415वोल्ट के 03 ड्राइ टाइप ट्रांसफार्मर तथा एसीबी शामिल हैं. यह सबस्टेशन सिंटर, कोक, लम्प अयस्क के कच्चे माल के कन्वेयर की आपूर्ति और कोक फाइन कन्वेयर की बिजली आवश्यकताओं को भी पूरा करता है जो बीएफ की जीवन रेखाएं हैं. इसके अलावा यह क्ले मास शॉप#1 के प्रकाश व्यवस्था को भी पूरा करता है. बीएसएल के परियोजना विभाग की मदद से ब्लास्ट फर्नेस के मुख्य महाप्रबंधक श्री शौविक रॉय के मार्गदर्शन तथा ब्लास्ट फर्नेस विभाग के विद्युत अनुभाग के महाप्रबंधक श्री बिनय कुमार तथा उपमहाप्रबंधक श्री सरोज कुमार के नेतृत्व में इस कार्य को पूरा किया गया है.

**स्वच्छता पखवाड़ा के तहत वृक्षारोपण**

बीएसएल में 16 -31 मार्च तक जारी स्वच्छता पखवाड़ा के तहत आज दिनांक 26 मार्च को कार्यकारी निदेशक प्रभारी एवं अधिशासी निदेशक (संकार्य) श्री सी आर महापात्रा के द्वारा प्लांट मेन गेट के पास स्थित सहभागिता उद्यान में वृक्षारोपण किया गया. इस मौके पर अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) श्री सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक (माइंस) श्री विकास मनवटी, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) श्री सी आर मिश्रा, अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं) श्री अनीश सेनगुप्ता, बी जी एच के प्रभारी डॉ बी बी करुणामय, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के उप महा निरीक्षक श्री दिग्विजय कुमार सिंह की टीम के साथ मुख्य महाप्रबंधक, वरीय अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित थे.

**ब्लास्ट फर्नेस विभाग के 3TP#1 विद्युत सबस्टेशन का किया गया नवीनीकरण**

26 मार्च को ब्लास्ट फर्नेस विभाग के नवीनीकृत 3TP#1 विद्युत सबस्टेशन के परिचालन का शुभारम्भ कार्यकारी निदेशक प्रभारी एवं अधिशासी निदेशक (संकार्य) श्री सी आर महापात्रा के द्वारा किया गया. इस अवसर पर अधिशासी निदेशक (परियोजना) श्री अनीष सेनगुप्ता भी उपस्थित थे. 3TP#1 सबस्टेशन मुख्य रूप से PSD#1 की विद्युत आवश्यकताओं को पूरा करता है, जो ब्लास्ट फर्नेस विभाग के लिए कच्चे माल का आने वाला मुख्य जंक्शन हाउस है. इसे 1972 में स्थापित किया गया था और काफी पुराना हो जाने के कारण इसके एयर सर्किट ब्रेकर और अन्य घटक अप्रचलित हो गए थे और स्पेयर भी उपलब्ध नहीं हो पा रहा था. नवीनीकृत सबस्टेशन को 415 वोल्ट ए.सी. के 03 खंडों में विभाजित किया गया है. इसमें 11केवी/415वोल्ट के 03 ड्राइ टाइप ट्रांसफार्मर तथा एसीबी शामिल हैं. यह सबस्टेशन सिंटर, कोक, लम्प अयस्क के कच्चे माल के कन्वेयर की आपूर्ति और कोक फाइन कन्वेयर की बिजली आवश्यकताओं को भी पूरा करता है जो बीएफ की जीवन रेखाएं हैं. इसके अलावा यह क्ले मास शॉप#1 के प्रकाश व्यवस्था को भी पूरा करता है. बीएसएल के परियोजना विभाग की मदद से ब्लास्ट फर्नेस के मुख्य महाप्रबंधक श्री शौविक रॉय के मार्गदर्शन तथा ब्लास्ट फर्नेस विभाग के विद्युत अनुभाग के महाप्रबंधक श्री बिनय कुमार तथा उपमहाप्रबंधक श्री सरोज कुमार के नेतृत्व में इस कार्य को पूरा किया गया है.













# ईएसएल ने राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस सप्ताह मनाया, कई कार्यक्रमों का आयोजन



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ईएसएल ने सुरक्षा, कर्मचारी कल्याण और सामुदायिक जागरूकता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करने के उद्देश्य से प्रभावशाली कार्यक्रमों की एक श्रृंखला के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस 2025 को सफलतापूर्वक मनाया। सप्ताह भर चलने वाले इस समारोह में विविध गतिविधियाँ शामिल थीं, जिसमें कर्मचारी, नेतृत्व और स्थानीय समुदाय शामिल थे। उद्घाटन समारोह में नेतृत्व दल ने सुरक्षा संपर्क, दीप प्रज्ज्वलन और ध्वजारोहण के माध्यम से कार्यक्रम का सम्मान किया, जो सुरक्षित कार्य वातावरण को बढ़ावा देने के लिए ईएसएल की दृढ़ प्रतिबद्धता का प्रतीक है। कार्यक्रम में सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डालने वाला भाषण और 200 से अधिक सदस्यों द्वारा ली गई सुरक्षा शपथ शामिल थी। जिसका समापन पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देने वाले वृक्षारोपण समारोह के साथ हुआ। सुरक्षा सप्ताह के हिस्से के रूप में, आरएमएचएस से 47 खता तक सुरक्षा जागरूकता रैली में 700 से अधिक सदस्यों ने भाग लिया, जिसमें सुरक्षित प्रथाओं के बारे में जागरूकता फैलाई गई। इसके अतिरिक्त, मधुनिया हाई स्कूल और योगीडीह हाई स्कूल में एक सीएसआर गतिविधि ने 200 से अधिक छात्रों को अग्नि सुरक्षा, विद्युत सुरक्षा और ऑफ-साइट सुरक्षा प्रोटोकॉल पर इंटरैक्टिव सत्रों के माध्यम से शामिल किया, जिससे युवा पीढ़ी में सुरक्षा चेतना को बढ़ावा मिला।

इसके अलावा, ईएसएल ने खजाना खोज प्रतियोगिता, सुरक्षा नारा और पोस्टर प्रतियोगिता और ऑफलाइन क्विज का भी आयोजन किया। जिसमें 700 से अधिक कर्मचारियों ने भाग लिया। इन गतिविधियों को विभागों में सुरक्षा प्रथाओं को सुदृढ़ करने के लिए डिजाइन किया गया था। इसके अतिरिक्त, ऑनलाइन क्विज, वीडियोग्राफी प्रतियोगिता और खतरे की खोज गतिविधियों में 250 से अधिक ईएसएल कर्मचारियों ने भाग लिया। जिससे सुरक्षा सतर्कता की संस्कृति को बढ़ावा मिला। एरछ के सुरक्षा मानकों को लगातार बेहतर बनाने के लिए मूल्यवान जानकारी एकत्र करने के लिए एक सुरक्षा प्रतिक्रिया कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

**सुरक्षा और जागरूकता के प्रति ईएसएल की प्रतिबद्धता**

इस अवसर पर बोलते हुए, ईएसएल के केंद्रीय इंजीनियरिंग और एचएसईएस के निदेशक तपेश चंद्र नस्कर ने कहा, "ईएसएल में, सुरक्षा केवल प्राथमिकता नहीं है; यह हमारी कार्य संस्कृति में अंतर्निहित एक मुख्य मूल्य है। राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस हमारे कर्मचारियों, भागीदारों और समुदाय के लिए एक सुरक्षित और संरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने की हमारी प्रतिबद्धता का एक शक्तिशाली अनुस्मारक है। आकर्षक गतिविधियों और जागरूकता पहलों के माध्यम से, हमारा लक्ष्य एक ऐसी मानसिकता विकसित करना है जहाँ सुरक्षा दूसरी प्रकृति बन जाए। एक संगठन के रूप में, हम उच्चतम सुरक्षा मानकों को बनाए रखना जारी रखेंगे और सकारात्मक बदलाव लाएंगे।" राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के समापन समारोह की अध्यक्षता डिप्टी सीईओ और डब्ल्यूटीडी रवीश शर्मा ने की और इसमें 250 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। समारोह में सड़क सुरक्षा पर एक सुरक्षा संपर्क, दीप प्रज्वलन, एक नुक्कड़ नाटक और रचनात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से जागरूकता फैलाने के लिए एक सुरक्षा गीत प्रदर्शन शामिल था। कार्यक्रम का समापन नेतृत्व टीम द्वारा एक संक्षिप्त संबोधन और सभी प्रतियोगिता विजेताओं को पुरस्कार वितरण के साथ हुआ।

# पांचवां झारखंड इमेजिंग एक्सपो का पोस्टर लॉन्च

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बुधवार को मधुलिका एनक्लेव बैंक मोड, धनबाद में धनबाद डिस्ट्रिक्ट फोटोग्राफर्स ट्रेड एसोसिएशन के सदस्यों ने झारखंड फोटोग्राफी एसोसिएशन सेंट्रल के द्वारा पांचवां फोटो वीडियो एक्सपो आगामी 8, 9 एवं 10 अप्रैल 2025 को हरिवंश टाना भगत इनडोर स्टेडियम खेलगांव रांची में होने जा रहा है, जिसका पोस्टर लॉन्च किया गया। अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने बताया कि यह एक्सपो झारखंड के 16 जिलों के संगठन के द्वारा मिलकर किया जाता है। इस एक्सपो में फोटोग्राफी क्षेत्र से संबंधित सभी कंपनियां आती है और अपने-अपने प्रोडक्ट की जानकारी फोटोग्राफर को देती है,तीन दिवसीय कार्यक्रम में वर्कशॉप, सेमिनार,प्रोडक्ट शोकेस फोटोग्राफी प्रतियोगिता और फैशन शो के कई कार्यक्रम होते हैं। फोटो वीडियो एक्सपो में आने वाले सभी फोटोग्राफर्स को एक नया अनुभव प्राप्त होता है। आप सभी फोटोग्राफर इस तीन दिवसीय फोटो वीडियो एक्सपो में भाग ले और अपने कार्य क्षेत्र को बढ़ाएं एवं इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना अहम योगदान दें।

## संक्षिप्त समाचार

### तीरंदाजी सहित अन्य खेलों का हुआ चयन ट्रायल

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** तीरंदाजी खिलाड़ियों का चयन ट्रायल चांदनकियारी स्टेडियम बोकारो में किया गया। आवासीय तीरंदाजी बालक बालिका प्रशिक्षण केंद्र, चंदनकियारी में नए प्रशिक्षु का चयन ट्रायल बुधवार को शुरू किया गया। जिसमें 10 वर्ष से लेकर 14 वर्ष आयु के बालक और बालिका खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया'। जिसमें रांची, लोहरदगा, धनबाद, रामगढ़ व बोकारो से 31बालक व 25 बालिका कुल - 56 खिलाड़ियों ने भाग लिया। बैटरी टेस्ट के माध्यम से किया गया। जिसमें 800 मीटर दौड, 30 मी फ्लाइंग रेस, खिलाड़ियों का ऊंचाई,



वजन समेत सटल रन व बॉल थ्रो, स्किल टेस्ट के माध्यम से लिया गया। चयन का परिणाम 10 अप्रैल 25 तक जारी किया जाएगा। जिसमें तीरंदाजी प्रशिक्षक मोहन कुमार साहू,हेमंत कुमार एथलेटिक्स कोच आशु भाटिया चौहान महतो आदि खिलाड़ियों का बैट्री टेस्ट ले रहे हैं'। आने वाले समय में खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयारी कराया जाएगा।

### नगर आयुक्त ने की स्वास्थ्य गतिविधियों की समीक्षा

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर आयुक्त रवि राज शर्मा ने बुधवार को झमाडा के सभागार में शहरी क्षेत्र में चल रही स्वास्थ्य गतिविधियों की समीक्षा की। इस दौरान नगर आयुक्त ने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए अर्बन सीएचसी केंदुआडीह एवं अर्बन सीएचसी सिंदरी में अप्रैल माह तक एडोलसेंट हेल्थ क्लिनिक स्थापित करने तथा शहरी सहिया की चयन प्रक्रिया अप्रैल तक पूर्ण करने का निर्देश दिया। वहीं सभी शहरी चिकित्सा पदाधिकारी को एनसीडी पोर्टल पर डाटा अपलोड करने, लंबित डाटा शीघ्र अपडेट करने, सभी स्वास्थ्य केंद्रों में मलेरिया किट उपलब्ध कराने, बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन को लेकर स्वास्थ्य विभाग को 10 दिनों के भीतर कचरा प्रबंधन का अनुमानित विवरण प्रदान करने का निर्देश दिया। बैठक में नगर आयुक्त रविराज शर्मा, सिविल सर्जन डॉ चंद्र भानु प्रतापन, एएमसी सनी कुमार, डॉ. रोहित गौतम, विश्व स्वास्थ्य संगठन के एसएमओ डॉ अमित कुमार, डॉ मंजू दास, डॉ देबारित शंकर, धनबाद, झरिया एवं बाघमारा के एमओआईसी, पीएसआइ इंडिया के जिला प्रतिनिधि प्रेम कुमार, धनबाद, झरिया व बाघमारा के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

### उपायुक्त ने किया आंगनबाड़ी सेविका व महिला पर्यवेक्षिका के बीच स्मार्ट फोन का वितरण

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने बुधवार को समाहरणालय के सभागार में आंगनबाड़ी सेविका तथा महिला पर्यवेक्षिका के बीच स्मार्ट फोन का वितरण किया। महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के आंगनबाड़ी सेविका तथा महिला पर्यवेक्षिका के बीच स्मार्ट फोन वितरण के राज्यस्तरीय कार्यक्रम के बाद धनबाद जिले की आंगनबाड़ी सेविका तथा महिला पर्यवेक्षिका को स्मार्ट फोन प्रदान किया गया। इस संबंध में उपायुक्त ने बताया कि धनबाद की 2231 आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका तथा 55 महिला पर्यवेक्षिका को जिला समाज कल्याण कार्यालय द्वारा स्मार्ट फोन प्रदान किया गया है। इससे उनके काम की गति बढ़ेगी। आंगनबाड़ी सेविकाएं और महिला पर्यवेक्षिकाएं अपने-अपने सेंटर से जुड़ी प्रत्येक दिन की रिपोर्ट जिला और विभाग के साथ शेयर करेंगी। इसके अतिरिक्त स्मार्ट फोन से पोषण ट्रैकर ऐप में आंगनवाड़ी के संचालन से संबंधित सभी कार्यक्रम को अपडेट करेंगी। जिसमें आंगनबाड़ी केंद्र खोलने



का समय, बच्चों की उपस्थिति, पोषाहार, वजन, टीकाकरण, टेक होम राशन इत्यादि कार्यक्रम स्मार्ट फोन के माध्यम से पोर्टल पर अपलोड करेंगी। इसके अलावा सेविका द्वारा प्रधान मंत्री मातृ वंदना योजना के आवेदनों की ऑनलाइन एंट्री की जाएगी। स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम में उपायुक्त माधवी मिश्रा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती अनीता कुजूर के अलावा आंगनबाड़ी सेविका व महिला पर्यवेक्षिका उपस्थित थी।

# पावर ग्रीड निर्माण को लेकर भूमि चिन्हित करें : उपायुक्त



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त विजया जाधव ने झारखंड बिजली वितरण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के प्रगति कार्य की समीक्षा की। इस क्रम में उन्होंने *विभाग द्वारा भूमि अधियाचना के मामलों, मुख्यमंत्री उज्जवला जारखंड योजना, आरडीडीएस आदि की प्रगति कार्य की समीक्षा की। मौके पर जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी रजनीश कुमार, बीएसएल के नगर प्रशासन विभाग के सीजीएम कुंदन कुमार, कार्यपालक अभियंता चास एस बी तिवारी, कार्यपालक अभियंता बेरमो (तेनुघाट) प्रभाकर कुमार, कार्यपालक अभियंता हरी राम स्वर्णकार, चास अंचलाधिकारी दीवाकर दूबे, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, समेत विभिन्न कार्यरत एजेंसियों के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे। उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता से भूमि अधियाचना से संबंधित मामलों की जानकारी ली। इस क्रम में बताया कि शहरी क्षेत्र बेहतर बिजली आपूर्ति को लेकर आइटीआइ मोड़ के समीप पावर ग्रिड इकाई अधिष्ठापन को लेकर भूमि की आवश्यकता है। इस पर उन्होंने अंचलाधिकारी चास से मामले में भूमि चिन्हित करते हुए कार्रवाई को कहा। वहीं, गरगा नदी किनारे पावर सब स्टेशन (पीसीसी) बनाने को लेकर भी भूमि उपलब्ध कराने की बात कहीं। इस पर बीएसएल नगर प्रशासन/अंचलाधिकारी चास को कार्रवाई करने को कहा। उपायुक्त ने मुख्यमंत्री उज्जवला झारखंड योजना के प्रगति कार्य की समीक्षा की। इस पर कार्यपालक अभियंता ने बताया कि जिले के 166 गांवों को इस योजना के तहत चिन्हित किया गया है। संबंधित एजेंसी द्वारा पोल - तार का अधिष्ठापन कार्य प्रगति पर है। उन्होंने कार्यरत एजेंसी के परियोजना पदाधिकारी अनिल कुमार दास से कार्य प्रगति की जानकारी ली। बताया कि 25 गांवों में कार्य प्रगति पर है। उपायुक्त ने एजेंसी को कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। वहीं, रिवेंड डिस्ट्रिब्यूशन सिस्टम स्टेंथरिंग (आरडीएसएस) के तहत 11 केवी लाइन, जर्जर पोल, तार, खराब ट्रांसफार्मर आदि के कार्य प्रगति की जानकारी ली। संबंधित एजेंसी के श्री सुधिर कुमार सिंह को कार्य में गति लाने का निर्देश दिया। इसके अलावा बिजली वितरण निगम से संबंधित योजनाओं के कार्य प्रगति की भी समीक्षा की, समस्याओं के निराकरण को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया।

# महिला पर्यवेक्षिकाओं-सेविका को उपायुक्त ने बांटा मोबाइल

**अपने दायित्वों का शतप्रतिशत करें निर्वहन, कार्य की गंभीरता को समझें**

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त विजया जाधव ने बुधवार को समाज कल्याण निदेशालय से महिला पर्यवेक्षिकाओं (एलएस) एवं सेविकाओं के लिए उपलब्ध कराएं मोबाइल का वितरण किया। मौके पर अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डा. सुमन गुप्ता, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पियुष, जिला जन संपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, एलडीएम अबिद हुसैन, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, यूआइडी डीपीओ शैलेंद्र मिश्रा आदि उपस्थित थे। उपायुक्त ने क्रमवार सभी परियोजनाओं के एक महिला पर्यवेक्षिकाओं - सेविकाओं को सांकेतिक रूप से समाज कल्याण विभाग द्वारा उपलब्ध मोबाइल, चार्जर, टैंपर्ड ग्लास आदि वितरण किया। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि एलएस एवं सेविका इसके पीछे सरकार की मंशा को समझना होगा। कई डाटा को अपडेट/अपलोड करने में आ रही समस्याओं को देखते हुए सरकार ने सभी महिला पर्वेक्षिकाओं/सेविका को मोबाइल फोन देने का निर्णय लिया है, सरकार वार्षिक मोबाइल रिचार्ज की राशि भी क्रमशः 2000, 1500 उपलब्ध करा रही है, इस वर्ष की राशि भी सभी को भुगतान कर दी गई है। इसलिए अपने कार्य - दायित्व को सही से निर्वहन करें। पोषण ट्रैकर एप, टीएचआर के एफआरएस, आधार सीडिंग, लाभुकों के फोटो आदि का कार्य ससमय निष्पादित करें। मोबाइल और इंटरनेट को लेकर अब कोई बहाना नहीं चलेगा। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने कहा कि शेष महिला पर्वेक्षिकाओं/ सेविकाओं को मोबाइल परियोजना स्तर पर सीडीपीओ के स्तर से वितरित होगा। सभी सीडीपीओ को मोबाइल किट हस्तांतरित कर दिया गया है। जिले में कुल कार्यरत 43 महिला पर्यवेक्षिकाओं एवं 2,256 आंगनबाड़ी सेविका को मोबाइल उपलब्ध कराया जाएगा।



# प्रखंड पेंशन प्रभारी और कंप्यूटर ऑपरेटरों को दिया गया प्रशिक्षण



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय सभागार में सामाजिक सुरक्षा कोषांग द्वारा जिले के विभिन्न प्रखंडों के पेंशन प्रभारियों - कंप्यूटर ऑपरेटरों को प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पीयूष, एलडीएम आबीद हुसैन, डीपीओ यूआइडी शैलेंद्र मिश्रा आदि उपस्थित थे। मौके पर अपने संबोधन में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पियूष ने कहा कि जिले में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना (जेएमएमएसवाई) के 01 लाख 30 हजार लाभुकों का बैंक अकाउंट (खाता) का आधार नंबर से लिंक नहीं है। उपायुक्त के निदेर्शानुसार प्रखंडों में शिविर लगाकर इस लक्ष्य को प्राप्त करना है। इस कार्य में किसी तरह की कोई तकनीकी समस्या उत्पन्न नहीं हो, इसको लेकर यह विशेष प्रशिक्षण सत्र रखा गया है। उन्होंने एनपीसीआइ में कैसे पता करें कि आपका बैंक खाता आधार से लिंक है या नहीं, इसकी क्रमवार पूरी प्रक्रिया से पेंशन प्रभारियों एवं कंप्यूटर आपरेटरों को अवगत कराया गया। वेब ब्राइजर में पर लाग इन करके विस्तार से जानकारी दी। मौके पर उपस्थित लीड बैंक मैनेजर (एलडीएम) ने विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने आसान प्रश्न - उत्तर के माध्यम से क्या आधार को बैंक खाते से लिंक करना अनिवार्य है?, कितने बैंक खातों को आधार से जोड़ा जा सकता है?, आधार को बैंक खाते से जोड़ने के क्या लाभ हैं? पूरी प्रक्रिया की जानकारी दी। प्रशिक्षण सत्र में सर्वजन पेंशन योजना अंतर्गत भौतिक सत्यापन में चिन्हित मृत एवं अयोग्य लाभुकों के नाम को डाटा बेस से विलोपित करने के संबंध में भी प्रक्रिया से सभी को अवगत कराया गया। सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा ने शिविर का आयोजन कर इन कार्यों को टीम को अविलंब पूरा करने का निर्देश दिया। मौके पर डीपीओ यूआइडी ने आधार में नाम सुधार, आधार कार्ड बनाने को लेकर जरूरी जानकारी साझा किया। इसके अलावा प्रशिक्षण सत्र में कई अन्य जानकारी भी दी गई।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद लॉ महाविद्यालय धनबाद इकाई का हुआ पुनर्गठन



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बुधवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद लॉ महाविद्यालय इकाई का पुनर्गठन किया गया। जिसमें सभी को नवीन दायित्व दिया गया। कॉलेज इकाई के नए कॉलेज अध्यक्ष राजा वर्मा और कॉलेज मंत्री गौरव त्यागी के रूप में घोषणा की गई।नवीन कार्यकताओं का नाम और दायित्व में अध्यक्ष राजा वर्मा, उपाध्यक्ष सावन कुमार, कुमकुम कुमारी, अमन कुमार, साहिल कुमार प्रजापति।कालेज मंत्री गौरव त्यागी।कालेज सह मंत्री अंशु महतो, अर्चना कुशवाहा,ओम झा,पीयूष कुमार, रवि सेन। महाविद्यालय एस एफ डी संयोजक अंजली कुमारी। महाविद्यालय एसएफडी सह संयोजक संगीता कुमारी। महाविद्यालय एस एफ एस संयोजक साहिल कुमार। महाविद्यालय एस एफ एस सह संयोजक अभिजीत कुमार हैं।इकाई गठन का कार्यक्रम झारखंड प्रदेश सह मंत्री अंशु तिवारी के नेतृत्व में किया गया।वहीं छात्र छात्रों को संबोधित करते हुए अंशु तिवारी ने विद्यार्थी परिषद के मूल उद्देश्यों के बारे में बतायें और सभी छात्र छात्राओं का सदस्यता ग्रहण करवाएं।मौके पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शुभम हजारी, अखिल सिन्हा,प्रियंका गोराई, धनबाद नगर विस्तारक हरगोविंद, योगेंद्र त्रिवेदी, हर्ष बर्णवाल,विशाल ओझा,जयेश राठौर मौजूद थे।

# मइया सम्मान राशि नहीं मिलने से महिलाओं में नाराजगी



**निरसा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखण्ड विधानसभा चुनाव के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा जारी मइया सम्मान योजना 2500 की राशि की घोषणा से जहां अपार बहुमत हासिल की और सरकार बनाई। उसके बाद महिलाओं को राशि प्राप्त करने की आश में पांच महीने बीत गए । हालांकि कुछ महिलाओं को उक्त राशि मिली, अधिकांश महिलाएं आज भी आश लिये बैठी ही नही बल्कि कड़ी धूप में प्रखण्ड कार्यालय का चक्कर प्रतिदिन लगा रही है कि उन्हें राशि कब मिलेगा ? कार्यालय से उन्हें ठोस जबाब नही मिलता ,कहा जाता है कि खाता चेक कराइये। घर का काम काज छोड़ कर महिलाएं प्रखण्ड कार्यालय,बैंक खाता चेक करने पहुंच रही हैं और सरकार को कोस रही हैं की सरकार ने वोट के लिये हम महिलाओं को अच्छा बेवकूफ बनाया। इधर सरकार सिर्फ आस्वासन ही दे रही है कि योजना की राशि जल्द ही खाते में पहुंच जाएगी, तीन महीने की राशि एक साथ। पांच माह बीत जाने के बाद भी राशि खाते में नही पहुंच पाई है। हालांकि यह बात भी सामने आई है कि इस योजना का लाभ अनाधिकृत रूप से जालसाज भी ब्यापक ढंग से उठा रहे हैं, उस पर कानूनी प्रक्रिया अवस्य की जानी चाहिए। मगर उनके कुफल का खामियाजा अन्य महिलाओं को जो सही है क्यों दी जा रही है? सरकार के मंत्री और विधायक भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का बचाव करते हुये कहते है कि मुख्यमंत्री जो कहते हैं पूरा करते हैं का आस्वासन देते नही थक रहे हैं। अब सवाल उठता है कि महिलाओं को कबतक राशि मिलेगी? राशि मिलने में कितने महीने तक इंतजार करना पड़ेगा? समय सीमा तो निश्चित हो ? उक्त समस्या न केवल निरसा प्रखण्ड की है बल्कि कमोवेश सभी प्रखण्ड और जिले की बनी हुई है। प्रखण्ड कार्यालय, बैंक व प्रज्ञा केंद्र का चक्कर लगाने में लाचार बेसहारा महिलाओं की स्थिति बहुत ही नाजुक है। प्रखण्ड कार्यालय के पेंशन विभाग में लोंगों की भीड़ जानकारी के लिये हुजूम लगा हुआ है। सरकार को 2500 की राशि प्रतिमाह देने की घोषणा , पांच माह से राशी प्राप्त न होने से महिलाओं को उतपन्न समस्याओं से रूबरू होने के बावजूद राशि मुहैया कराने की दिशा में सार्थक पहल करने की आवश्यकता है । क्या सरकार इस ओर अबिलम्ब ध्यान देगी ?

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर-
9431145665
8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com